संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, बुधवार, 08 मई 2024 ₹2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 126 पृष्ठ: 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरे चरण में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## आदर्श विचार



"संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है। इसलिए संगति अच्छे लोगों से करें।- भगवत गीता"

## मन की बात



"बहुत सी कमियों के बाद भी हम खुद से प्रेम करते हैं, तो दूसरों में एक कमी से कैसे घृणा कर सकते हैं। -विवेकानंद"

# 'कांग्रेस तुष्टिकरण के दलदल में फंसी'

● अब ये डंके की चोट पर कह रहे हैं कि पूरा आरक्षण मुस्मिल को देना चाहते हैं: पीएम नरेंद्र मोदी

**हमला बोला**

⏩ एक नेता जो चारा खाने के कारण जेल में हैं, जो पशुओं का चारा खा गए, अदालत ने उनको सजा दी है

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनके एक नेता जो चारा खाने के कारण जेल में हैं, जो पशुओं का चारा खा गए, अदालत ने उनको सजा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि इन्होंने भ्रष्टाचार किया है। इनकी बेशर्मी देखो, अभी जमानत पर हैं, जेल में कैद थे। कैदी हैं और गुनाहगार हैं। आपके गांव में भी कोई जेल काट कर आए तो लोग दूर रहते हैं। ये कांग्रेस वाले इतने गिर चुके हैं कि इन्हें माथे पर बिठाकर रखा है। इन्होंने कल ही कहा, हाथ ठोंककर कहा कि मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए। आरक्षण ही नहीं पूरा का पूरा का आरक्षण इन्हें मिलना चाहिए। इसका मतलब क्या हुआ, यानी एसी-एसटी-ओबीसी का आरक्षण छीनकर ये लोग पूरा का पूरा आरक्षण मुसलमानों को देना चाहते हैं। आखिर, ये लोग ऐसा क्यों कर रहे हैं, क्योंकि यही वोट बैंक, उसी के सहारे वे अपनी सांस गिन रहे हैं। बाकि तो सब खत्म हो चुका है। बताइए, साथियों मोदी तो यही कह रहा है कि ये आपके हक में से कुछ हिस्सा काटकर धर्म के आधार पर बांट देंगे। इनकी साजिश और गहरी है। अब ये डंके की चोट पर कह रहे हैं कि पूरा आरक्षण मुस्मिल को देना चाहते हैं। ये धार की धरती है। आप बताइए ये इंडि गठबंधन वाले जो खेल कर रहे हैं. वो आपको मंजूर है क्या। ये आपका हक लूट रहे हैं, इनकी जमानत जब्त होना चाहिए। इनको राजनीति से दूर करना चाहिए। जो काम बाबा साहेब को मंजूर नहीं था। इस बार कांग्रेस और उनके सब साथियों को चुन-चुनकर साफ कर देना, ये बाबा साहेब को श्रद्धांजलि होगी। क्योंकि, बाबा साहेब के पीठ पर छुरा भौंका है। मोदी ने कांग्रेस की सारी पोल खोल दी है। कांग्रेस तुष्टिकरण के दलदल में ऐसे फंस चुकी है।





### पूरा होगा विकसित भारत के संकल्पः मोदी

**मोदी** ने कहा कि मैंने पिछले जन्म में पुण्य किया होगा, जो इतना प्यार मिल रहा है। साथियों मैं आज आपसे विकसित भारत के संकल्प के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। हम जो नर्मदा के तट पर रहते हैं न, वो दिन में कितने ही लोग मांगने का काम करते हैं, पर किसी को निराश नहीं करता। नर्मदा तट पर रहने वाला मांगने वाले को निराश नहीं करता। मैं आज मांगने आया हूं। आपको याद होगा कि मैंने लालकिले से कहा था कि सबका प्रयास, सबके परिश्रम से ही देश आगे बढ़ेगा। आज देश चल पड़ा है, आगे बढ़ रहा है तो आपके प्रयास से हुआ है।

### 'गर्मी है फिर भी लोकतंत्र का पर्व अछूत नहीं रहना चाहिए'



**खरगोन** में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नर्मदे हर के साथ भाषण की शुरूआत की। निमाड़ी में लोगों का अभिवादन किया और हालचाल पूछा। आज देश में तीसरे चरण का मतदान चल रहा है और मैं भी सुबह वोट देकर यहां आया हूं। आज मेरा वोट देकर लोकतंत्र में नागरिक के नाते मेरा कर्तव्य निभाया है और मुझे अभी साथी बता रहे थे कि दो घंटे में काफी अच्छा पोलिंग हो रही है। मेरा सभी मतदाताओं से आज देशभर में जहां चुनाव है, सबसे निवेदन है। गर्मी है फिर भी लोकतंत्र का पर्व अछूत नहीं रहना चाहिए। उत्साह के साथ मतदान में जाना चाहिए। भारी संख्या में वोटिंग करना चाहिए। साथियों मैं इस पुण्य भूमि, ओंकारेश्वर की धरती और माता अहिल्या की सरजमीं को सिर झुकाकर नमन करता हूं। इस क्षेत्र में आना किसी सौभाग्य से कम नहीं है। मैं पीएम के नाते नहीं, सालों तक भाजपा का कार्यकर्ता रहा हूं। उसके अनुभव के आधार पर कहना चाहता हूं कि कितना भी उत्साह क्यों न हो, जब मैं संगठन का काम करता था, देश के सभी राज्यों में काम करने का अवसर मिला है।

### इंडिया गठबंधन पर साधा निशाना

**पीएम** मोदी ने कहा कि साथियों ये तो ट्रेलर है, अभी तो बहुत कुछ करना है। इस चुनाव में आपका एक वोट भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएगा। आपका एक वोट आपकी कमाई बढ़ाएगा। युवाओं के रोजगार के अवसर बनाएगा। मजबूत भारत बनाएगा। इसलिए मैं हिंदुस्तान के कोन-कोने में जाकर देशवासियों से आशीर्वाद मांग रहा हूं। दूसरी तरफ ये इंडि गठबंधन वाले किस के लिए चुनाव लड़ रहे हैं, वे चुनाव लड़ रहे हैं, अपनी-अपनी विरासत बचाने के लिए। अपने बच्चों को अपनी पार्टी सौंपकर जाने के लिए। इन्हें आपके सुख-दुख से कोई फर्क नहीं पड़ता। इंडि वालों की एक कहावत है, मैं बताऊं आपको पर मुझे डर लगता है तो कुछेक लोग, एक वीडियो बनाने वाली फैक्टरी है, जो इसमें से आधा निकालकर चलाएंगे, मोदी सफाई-सफाई देते थक जाएगा। फिर भी मैं कहावत बताऊं। अपना काम बनता... भाड़ में जाए... ये कौन कहता है, ये आदत किसकी है। इनके लिए आपको कहावत मालूम है तो इनके लिए क्या सोचेंगे।

# हर गरीब परिवार की महिला को देंगे एक लाखः राहुल गांधी





**टीम एक्शन इंडिया**

**पश्चिमी सिंहभूमः** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को चाईबासा में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की प्रत्याशी जोबा मांझी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन यदि सत्ता में आया तो देश के गरीब परिवारों का सर्वेक्षण कराया जायेगा। हर गरीब परिवार की एक महिला के खाते में हर वर्ष एक लाख रुपये डाले जायेंगे। आंगनबाड़ी एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का मानदेय भी दोगुना कर दिया जायेगा। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के 22 पूंजीपतियों को अरबपति और करोड़पति बना रहे हैं लेकिन हम देश की करोड़ों महिलाओं को लखपति बनायेंगे। उन्होंने आरक्षण बढ़ाने का भी वादा किया। राहुल ने जोहार शब्द से संबोधन की शुरूआत की। साथ ही कहा कि जोहार इसलिए बोला कि यह आदिवासियों का शब्द है। इसमें आपकी आवाज अच्छी सुनाई देती है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव आदिवासी, दलित, पिछड़ों के लिए जरूरी चुनाव है। साथ ही कहा कि हमने महिलाओं के बैंक अकाउंट को इसलिए चुना है कि महिलाएं 18 से 20 घंटे काम करती हैं। मैं जानता हूं कि दबाव डालकर महिलाओं से पुरुष कुछ पैसे ले लेंगे। राहुल गांधी ने आदिवासियों की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि यदि केंद्र सरकार 100 रुपये का फैसला लेती है तो आदिवासी नेता 10 पैसे का फैसला लेता है।

### 'बेरोजगार को सरकारी नौकरी दी जाएगी'

**राहुल** गांधी ने कहा कि देश में नौकरी की कमी नहीं है। देश के हर बेरोजगार को सरकारी नौकरी दी जायेगी। साथ ही कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के तमाम किसानों का कर्ज माफ करेगी। कानूनी रूप से एमएसपी देगी। उन्होंने कहा कि सरकारी संस्थानों और गैर सरकारी संस्थानों में ठेकेदारी पर बहाली प्रथा को खत्म किया जायेगा। सभी को परमानेंट नौकरी दी जायेगी। साथ ही कहा कि ठेकेदारी प्रथा की नौकरी से देश के युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है।

# उत्तराखंड के जंगलों में आग लगाने वालों पर लगेगा गैंगेस्टर एक्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून** : उत्तराखंड में वनाग्नि की घटनाओं को लेकर धामी सरकार सख्त है। वनाग्नि पर नियंत्रण पाने के लिए सरकार हर मोर्चे पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सेना की सहायता लेने के साथ अधिकारियों को भी ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर वनाग्नि पर नियंत्रण पाने के निर्देश दिए हैं। जो भी अराजक तत्व जंगलों में आग लगाकर उन्हें नुकसान पहुंचा रहे हैं, उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जा रही है। जंगलों में बार-बार आग लगाने की घटनाओं में पकड़े जाने वाले व्यक्तियों पर गुंडा एक्ट लगाया जाएगा और ऐसे व्यक्तियों की संपत्ति भी जब्त की जाएगी। डीजीपी अभिनव कुमार ने बताया कि जिन स्थानों पर आग लगाने की घटनाएं सामने आई हैं, वहां पर वन विभाग के अधिकारी, एसडीएम एवं स्थानीय पुलिस बल की सयुंक्त टीम ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एक एसओपी बनाई है। इसके तहत पहले फॉरेस्ट एक्ट, वाइल्ड लाइफ एक्ट अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

# केजरीवाल की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली शराब घोटाले** में जेल में बंद दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई, लेकिन सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की बेंच बिना कोई आदेश दिए उठ गई। अब सुप्रीम कोर्ट बेंच गुरुवार या फिर अगले हफ्ते केजरीवाल की याचिका पर आदेश पारित कर सकती है। केजरीवाल ने कोर्ट में अंतरिम जमानत देने की मांग की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए 3 मई को जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा था कि लोकसभा चुनाव को



देखते हुए केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर विचार किया जा सकता है ताकि वे चुनाव प्रचार में शामिल हो सकें।

**ईडी ने किया केजरीवाल की जमानत का विरोध :** मामले की सुनवाई के दौरान ईडी ने कोर्ट को बताया कि अरविंद केजरीवाल साल 2022 में गोवा विधानसभा चुनाव के दौरान 7 स्टार ग्रैंड हयात होटल में ठहरे थे और होटल के बिल का भुगतान चनप्रीत सिंह द्वारा किया गया था। चनप्रीत सिंह पर आरोप है कि गोवा चुनाव में आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार के लिए उन्हें ही कथित तौर पर फंड मिला था।

**सुनवाई**

⏩ शर्त रखी- सरकारी काम में दखल नहीं देंगे, ईडी से कहा- चुनाव हैं, ये असाधारण हालात

# सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, दो दहशतगर्द ढेर

**टीम एक्शन इंडिया**

**जम्मू और कश्मीर : दक्षिण** कश्मीर के जिला कुलगाम के रेडवानी इलाके में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं। इनमें से दो आतंकियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। शवों की पहचान किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। सोमवार देर रात आतंकियों के साथ शुरू हुई मुठभेड़ मंगलवार सुबह दूसरे दिन फिर शुरू हुई। देर रात कुलगाम के रेडवानी इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर पुलिस, सीआरपीएफ, सेना की टीम मौके पर पहुंची। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया।

# 'मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए'

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी समेत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी नेता मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर इंडी गठबंधन पर हमला कर रहे। दरभंगा की जनसभा में पीएम मोदी ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस और राजद पूरे देश में कर्नाटक मॉडल लागू करना चाहती है। पिछड़ों का हक छीन मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है। अब इस मामले पर इंडी गठबंधन के वरीय नेता और राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने बड़ा बयान दिया है।

**मोदी-शाह जनता को भड़का रहे:** ओबीसी का हक छीन कर मुसलमानों को देने के सवाल पर लालू प्रसाद ने स्पष्ट कहा कि मुसलमानों को तो आरक्षण मिलना ही चाहिए। लालू प्रसाद ने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह जनता को भड़का रहे हैं। इंडी गठबंधन से डर गए हैं। इसलिए जनता को भड़का रहे हैं। कांग्रेस की सरकार बनने पर धर्म के आधार पर आरक्षण के सवाल पर लालू प्रसाद ने कहा कि एनडीए वालों संविधान को खत्म करना चाहते हैं। लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं। जनता के जेहन में यह बात आ गई है।



**सियासी दांव**

⏩ लालू यादव मुसलमानों को धर्म आधारित आरक्षण देने के पक्ष में, बीजेपी ने घेरा

# कांग्रेस ने मतदान प्रतिशत के आंकड़ों पर उठाए सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेताओं को पत्र लिखा है। इस पत्र में चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए मतदान के आंकड़ों पर सवाल उठाए हैं और कथित धांधली का आरोप लगाया है। पत्र में खरगे ने विपक्षी गठबंधन के नेताओं से अपील की कि वे ऐसी धांधलियों के खिलाफ आवाज उठाएं। खरगे ने लिखा 'हमारा एकमात्र उद्देश्य संविधान की रक्षा और लोकतंत्र की संस्कृति की रक्षा करना है'।



**खरगे ने विपक्षी नेताओं को लिखा पत्र:** कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा 'इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के तौर पर यह हमारा साझा प्रयास होना चाहिए कि हम लोकतंत्र की रक्षा करें और चुनाव आयोग की निष्पक्षता को बचाएं।'

# तीसरे चरण की वोटिंग में 60.92 फीसदी मतदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान खत्म हो गया। तीसरे दौर में 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 93 सीटों पर वोटिंग हुई है। गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया समेत सात मंत्रियों की किस्मत का फैसला इसी चरण में ईवीएम में कैद हो गया। दिग्विजय सिंह, शिवराज सिंह चौहान समेत पांच पूर्व मुख्यमंत्री भी इस चरण में चुनाव में मैदान में रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी और मैनपुरी सांसद डिंपल यादव की किस्मत भी इसी चरण में ईवीएम में बंद हो गई। जिन 93 सीटों पर वोटिंग हुई है उनमें 2019 में 66.89% मतदान दर्ज किया गया था। सबसे ज्यादा 90.66% मतदान असम की धुबरी सीट पर हुआ था। वहीं सबसे कम 54.53% मतदान मध्य प्रदेश की भिंड सीट पर हुआ था। सुबह 7:00 बजे से शुरू हुआ मतदान शाम 6:00 बजे संपन्न हुआ। हालांकि, कुछ लोकसभा सीटों पर मतदान शाम 4 बजे ही खत्म हो गया था। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में उत्तर प्रदेश की 10, गुजरात की 25, कर्नाटक की 14, महाराष्ट्र की 11, मध्यप्रदेश की नौ, असम की चार, बिहार की पांच, छत्तीसगढ़ की सात, पश्चिम बंगाल की चार, दमन दीव और दादरा एवं नगर हवेली की दो सीटों पर मतदान हुआ है।





**मताधिकार**

⏩ शाह, स्वास्थ्य मंत्री मांडविया समेत सात मंत्रियों की किस्मत का फैसला इसी चरण में ईवीएम में कैद हो गया

# 'शिक्षक भर्ती घोटालाः यह व्यवस्थागत धोखाधड़ी है'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार (7 मई) को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने इसे व्यवस्थागत धोखाधड़ी बताया। कोर्ट ने कहा कि आज नौकरियों की कमी है। अगर जनता का भरोसा चला गया तो कुछ नहीं बचता। कोर्ट ने फटकार लगाते हुए यह भी कहा कि राज्य सरकार के पास यह दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है कि डेटा उसके अधिकारियों ने मेनटेन किया था और इसकी उपलब्धता के बारे में पूछा गया था। बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच सुनवाई कर रही है।

पिटीशन में मांग की गई है कि हाईकोर्ट के फैसले को रद्द किया जाए।



**झटका** तीन निर्दलीय विधायकों ने वापस लिया समर्थन, सभी कांग्रेस खेमे में, हुड्डा ने कहा सरकार अल्पमत में

# हरियाणा में सरकार पर गहराया सियासी संकट

**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतकः हरियाणा** में भाजपा को झटका लगा है। तीन निर्दलीय विधायकों ने भाजपा से समर्थन वापस ले लिया है। हरियाणा में उन्होंने कांग्रेस में को बाहर से समर्थन देने का एलान कर दिया है। साथ ही आने वाले विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस के साथ रहने की बात कही है। तीन विधायक रोहतक पहुंचे हैं। यहां उन्होंने नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। वहीं एक और निर्दलीय विधायक के बारे में समर्थन वापस लेने की चर्चा है। उनका अभी इंतजार है। नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस



अध्यक्ष उदयभान भी प्रेस वार्ता में मौजूद हैं। विधायकों ने नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार से अपना समर्थन वापस लेते हुए महंगाई बढ़ने और बेरोजगारी का मुद्दा उठाया है। विधायकों ने समर्थन वापस लेकर नायब सिंह सैनी सरकार को संकट में डाल दिया है। कुछ दिन पहले ही भाजपा सरकार ने बहुतम साबित किया था।

**समर्थन वापसी की राज्यपाल को लिखी चिट्ठी :** तीनों विधायकों ने समर्थन वापसी की चिट्ठी भी लिखी है। राज्यापाल को लिखी चिट्ठी में तीनों ने साइन भी किए हैं और लिखा है कि पहले हम भाजपा को समर्थन दे रहे थे, लेकिन अब समर्थन वापसी का एलान करते हैं।

**सही समय पर सही फैसला लिया : हुड्डा**

नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने तीनों विधायकों का स्वागत किया और कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि मौजूदा सरकार से लोगों का मोह भंग हो गया है और जनभावना को देखते हुए ही इन्होंने फैसला लिया है।

उन्होंने कहा कि यह ठीक समय पर ठीक फैसला लिया गया है। कांग्रेस के पक्ष में लहर चल रही है, इसमें इनका भी योगदान होगा कि ये बाहर से कांग्रेस का समर्थन करेंगे। इन्होंने जनभावनाओं की कदर करते हुए ये फैसला लिया है।

**खतरा बरकरार**

⏩ विधायकों ने समर्थन वापस लेकर नायब सिंह सैनी सरकार को संकट में डाल दिया है

# पुलिस ने प्रसारित किए प्रज्ज्वल के अश्लील वीडियोः कुमारस्वामी

**टीम एक्शन इंडिया**

**बंगलूरूः** जेडीएस नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना के अश्लील वीडियो मामले में कर्नाटक के पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी ने राज्य के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार पर गंभीर आरोप लगाए। कुमारस्वामी ने कहा कि इस मामले में गंदी राजनीति की जा रही है। कुमारस्वामी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 'जो घटना घटी, वो नहीं होनी चाहिए थी। 21 अप्रैल को पूरे राज्य में एक पैन ड्राइव प्रसारित की गई। पुलिस अधिकारियों ने भी इस पैन ड्राइव को प्रसारित किया। इसे बंगलूरू ग्रामीण, मांड्या और हासन सीटों पर जानबूझकर प्रसारित किया गया।' कुमारस्वामी ने बताया '21 अप्रैल की रात नवीन गौड़ा नाम के एक शख्स ने प्रज्ज्वल रेवन्ना के वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किए। जिसके खिलाफ हासन सीट पर प्रज्ज्वल रेवन्ना के चुनाव एजेंट पूर्णचंद्र ने हासन पुलिस में 22 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई, जिसमें नवीन गौड़ा, कार्तिक गौड़ा, चेतन और पुतार्राजू के खिलाफ आरोप लगाए गए, लेकिन इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई और 26 अप्रैल को रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि उस शिकायत को बंद कर दिया गया है।' जेडीएस नेता ने कहा कि 'मैं किसी का बचाव नहीं कर रहा और दोषी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। फिर चाहे वो कोई भी हो।'



# 'मां जीत गई थीं, मैं भी जीत जाऊंगी: बांसुरी





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** किसी ख्याति प्राप्त व्यक्ति की संतान होना, मौके तो आसानी से दिला सकता है, लेकिन इसके साथ ही तुलना का भी सामना करना पड़ता है। चाहे काम की तुलना हो या व्यवहार की या किसी अन्य गुण की। नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर नए सूरमा के तौर पर चुनाव मैदान में उतरीं दिवंगत दिग्गज भाजपा नेता सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज के लिए यही सबसे बड़ी चुनौती है। लोगों के बीच अपनी पहचान और विश्वसनीयता बनाने की डगर आसान नहीं है। उनके सामने दिल्ली में सत्ताधारी दल आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं तीन बार के विधायक सोमनाथ भारती हैं, जो कांग्रेस के साथ गठबंधन के तहत चुनाव मैदान में हैं। अब तक तीनों दल अपनी लड़ाई अलग-अलग लड़ते थे, लेकिन गठबंधन के चलते इस बाद मुकाबला आमने-सामने का है, इसलिए नए सूरमा के लिए चुनाव का रण में कांटे का होने वाला है। दो माह पहले भाजपा प्रत्याशी के रूप में बांसुरी के नाम की घोषणा हुई, तो उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती पार्टी में ही अपनी स्वीकार्यता को मजबूत करना था। इसके बाद उन्होंने शुरुआत में प्रतिदिन दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के घर जाकर उनसे आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही साथ क्षेत्र में मंडल स्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलन कर सबको साथ लिया। उन्होंने करीब 50 दिन तक संसदीय क्षेत्र के अलग-अलग क्षेत्रों में रणनीति के तहत छोटी-छोटी सभाएं कीं। हर दिन एक से दो सभा और

**शांति**

**लोगों के बीच अपनी पहचान और विश्वसनीयता बनाने की डगर आसान नहीं है**

उसमें केंद्रीय योजनाओं की सफलता की कहानी बतानी शुरू की। महिलाओं और युवाओं के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। मंदिर और गुरुद्वारे भी गईं। अपने पांच प्रमुख मुद्दों को रखा।

**चुनावी सरगर्मी बढ़ने के साथ प्रचार का तरीका भी बदला :** अब चुनावी सरगर्मी बढ़ने के साथ ही प्रचार का तरीका भी बदला है। अब सभा से ज्यादा रोड शो के चमक-दमक से मतदाताओं के दिल में उतरने की कोशिश हो रही है।

**लोकसभा क्षेत्र की सभी विस सीटों पर है आप का कब्जा :** गठबंधन की वजह से टक्कर का मुकाबला है, यह बात भाजपा नेता भी समझते हैं, जिसके चलते सम्मेलनों में कार्यकर्ताओं को यह याद दिलाते रहते हैं। वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव में आप और कांग्रेस के मिले वोट को जोड़ दें, तो अंतर बेहद कम रह जाता है। इतना ही नहीं, नई दिल्ली लोस क्षेत्र की सभी विस सीट पर आप का कब्जा है। इस क्षेत्र के 25 में से 20 पार्षद भी सत्ताधारी दल के हैं, ऐसे में आप की जमीनी पकड़ मजबूत मानी जा रही है। जिसकी काट के लिए भाजपा ने कार्यकर्ताओं की फौज उतार दी है। दोनों दलों के कोर वोटर अलग-अलग श्रेणी के हैं। आप की पकड़ जहां बस्तियों में सबसे ज्यादा दिखती है, वहीं मध्यम वर्ग में भाजपा की पकड़ नजर आ रही है। एक तस्वीर यह भी है कि आप के बागी नेता एवं इसी क्षेत्र से विधायक राजकुमार आनंद अब बसपा के टिकट पर नामांकन कर चुके हैं, तो नुकसान भी आप को ज्यादा पहुंचाएंगे। इसका फायदा बांसुरी को मिल सकता है।

**मां जीत गई थीं, मैं भी जीत जाऊंगी...**

करीब 28 साल पहले वर्ष 1996 में भाजपा की दिग्गज नेता रहीं सुषमा स्वराज पहली बार लोकसभा चुनाव में दक्षिणी दिल्ली से उतरी थीं और उनके सामने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में कपिल सिब्बल थे। दोनों पेशे से वकील थे और जीत सुषमा स्वराज की हुई थी। इस बार भी बांसुरी व सोमनाथ दोनों वकील हैं। पहली बार बांसुरी चुनावी महासमर हैं। इस संयोग पर बांसुरी ने कहा कि मां जीत गई थीं, मैं भी जीत जाऊंगी।

# पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री की कोठी में चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद :** वैशाली सेक्टर-एक में पूर्व केंद्रीय कृषि और ग्रामीण उद्योग राज्यमंत्री की बंद कोठी से चोर ने लोहे की ग्रिल व अन्य सामान चुरा लिया। अधिवक्ता ने कोठी की जांच के बाद कौशांबी पुलिस को चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आसपास की सीसीटीवी फुटेज से चोर की पहचान करने में जुटी है। अधिवक्ता रामपाल सिंह ने पूर्व केंद्रीय मंत्री संघप्रिय गौतम की तरफ से शिकायत दी है। उनका कहना है कि

राज्यमंत्री ने वैशाली सेक्टर-एक की कोठी को फरवरी तक जल आयोग को किराये पर दी हुई थी। अनुबंध खत्म होने के बाद आयोग के पदाधिकारियों ने कोठी खाली कर दी थी।


## PUBLIC NOTICE

This is for the information of general public that I Mr. Bal Kishan Kakkar S/o Mr. Ram Chand R/o. House No. C-258, Near Hansi Chowk, Jeevan Nagar, Karnal, Haryana-132001. (allottee of Booth no. 55, in Alpha Plaza, situated at Village Baldi, Sector 28, Karnal, Haryana) declares that following property papers in original of my Booth has been lost: Allotment letter dt. 06.05.2022. I have applied in Alpha Corp Development Pvt. Ltd. site office (Alpha International City, Sec-28 & 29, Karnal, Mob. No. 08295608877) along with FIR copy to issue Duplicate/True certified copy of Allotment Letter. If anyone has any objection on the above, please Contact/Write to Alpha Corp Development Pvt. Ltd. on above given address within 07 days.

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई-खुली निविदा सूचना

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक **28.05.2024** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| |
|---|
| **कार्य का नाम:** (ए) सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा/हॉर्ट. के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/हॉर्ट. नई दिल्ली के कार्य क्षेत्र में करनैल सिंह स्टेडियम में लॉन/ग्राउंड और क्रिकेट पिचों की मरम्मत और रखरखाव हेतु। (बी) सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा/हॉर्ट. के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/एच एन जेड एम और वरिष्ठ खंड अभियंता/हॉर्ट. बड़ौदा हाउस के कार्य क्षेत्र में बागवानी सामग्री की वार्षिक आपूर्ति हेतु। (सी) सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा/हॉर्ट. के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/सरदार पटेल मार्ग और कनिष्ठ अभियंता/हॉर्ट/सरोजिनी नगर के कार्य क्षेत्र में बागवानी सामग्री की वार्षिक आपूर्ति हेतु। (डी) सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा/हॉर्ट. के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/डी के जेड और वरिष्ठ खंड अभियंता/हॉर्ट/नई दिल्ली के कार्य क्षेत्र में बागवानी सामग्री की वार्षिक आपूर्ति हेतु। |
| **अनुमानित लागत:** (ए) रुपये 25,99,999.87, (बी) रुपये 19,99,979.73, (सी) रुपये 19,99,946.13, (डी) रुपये 19,99,990.07. |
| **धरोहर राशि:** (ए) रुपये 52,000.00, (बी) रुपये 40,000.00, (सी) रुपये 40,000.00, (डी) रुपये 40,000.00. |
| **समापन अवधि:** (ए) 12 महीने (बी) 12 महीने (सी) 12 महीने (डी) 12 महीने |

1. निविदा दिनांक: **24.05.2024** को **15:00** बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।

**संख्या: 128-डब्लयू/269/निविदा सूचना/24-25/डब्लयू-ई/टेंडर नं: 04 (ए,बी,सी,डी)**
**दिनांक: 03.05.2024** **1370/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### पहला शुद्धिपत्र

टेंडर नं. **30-ELECT-11-T-2024-25-E3** कार्य का नाम: दिल्ली मंडल में लिफ्ट, एस्केलेटर, प्लेटफार्म लाइटिंग (30/70%) स्ट्रीट लाइट, सबस्टेशन आदि जैसी विद्युत सामान्य संपत्तियों की निगरानी और नियंत्रण के लिए आईओटी उपकरणों के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य।

| टेंडर नं. 30-ELECT-11-T-2024-25-E3 | | |
|---|---|---|
| | पहले प्रकाशित | संशोधन |
| कार्य का नाम | दिल्ली मंडल में लिफ्ट, एस्केलेटर, प्लेटफार्म लाइटिंग (30/70%), स्ट्रीट लाइट, सबस्टेशन आदि जैसी विद्युत सामान्य संपत्तियों की निगरानी और नियंत्रण के लिए आईओटी उपकरणों के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। | प्रशासनिक आधार पर रद्द कर दिया गया |
| निविदा की अनुमानित लागत | Rs. 599.57 लाख | |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी. स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली | |
| बयाना राशि | Rs. 449800.00 | |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 29.05.2024, 12.00 Hrs. | |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 29.05.2024, 12.00 Hrs. | |

उपर्युक्त निविदा के निविदा दस्तावेज को संशोधित किया गया है, कृपया **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध संशोधित दस्तावेजों को देखें और तदनुसार अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ **1373/24**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **गुलाबचंद**, पुत्र रामसुंदर, निवासी (1) ए–27, ए ब्लॉक, राजीव नगर एक्सटेंशन, बेगमपुर, दिल्ली, (2) ग्राम परसा जाफर, तह खाजूवाला, थाना मुंडेरवा, जिला बस्ती, उत्तर प्रदेश, ने **एफआईआर संख्या 173/2020, दिनांक 05.03.2020, धारा 304ए/201/34 आईपीसी, पुलिस थाना ख्याला, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गुलाबचंद**, मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **गुलाबचंद**, फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है की उक्त अभियुक्त **गुलाबचंद**, केस **एफआईआर संख्या 173/2020, दिनांक 05.03.2020, धारा 304ए/201/34 आईपीसी, पुलिस थाना ख्याला, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.07.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुकृति सिंह,**
महानगर दण्डाधिकारी (पश्चिमी),
कमरा नं. 268,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/5315/WD/2024**
**(Court Matter)**

## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई–नीलामी तिथि में संशोधन/शुद्धिपत्र**
**नीलामी सूचना संख्या: 03/2024–25**
**माह मई–2024 के प्रकाशित ई–नीलामी तिथि में संशोधन**

माह मई–2024 के प्रकाशित ई–नीलामी तिथि में निम्नवत परिवर्तन किया जाता है

**प्रकाशित ई–नीलामी तिथियां:** 09 मई–2024,
**संशोधित ई–नीलामी तिथियां:** 14 मई–2024,
**अधीनस्थ लॉट:** उपमुसाप्र/डिपो/गोरखपुर,

नीलामी सूचना सं 02/2024–25 के तहत प्रकाशित अन्य ई–नीलामी तिथियाँ एव शर्तें यथावत रहेंगी। यह सूचना पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ner.indianrailways.gov.in** पर भी देखा जा सकता है।

**प्रमुख मुख्य सामाग्री प्रबन्धक/**
**मुजाधि/एस–11** **गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना सं0:** JHS/Br/L/2024-25/06 **दिनांक:** 04.05.2024

### ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

उप मुख्य इन्जी/ब्रिज/लाइन/उत्तर मध्य रेलवे, झांसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 27.05.2024 को 15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

| **निविदा नं.:** Br-JHS-2024-09 | **अनुमानित मूल्य (रू):** ₹ 43378517.19 |
|---|---|

**कार्यों का विवरण:** सहायक पुल इंजीनियर/झाँसी के तहत झाँसी मंडल के झाँसी-बीना खंड के बीच तीसरी लाइन पर पैदल यात्री मार्ग का प्रावधान।

**बयाने की रकम (रू):** ₹ 366900/-, **कार्य समापन की अवधि:** 12 महीने, **निविदा खुलने की तिथि:** 27.05.2024, **सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वाछनीय आधार:** फील्ड रिवेटिंग सहित स्टील गर्डर की मरम्मत या निर्माण/लॉचिंग से संबंधित कोई भी पुल कार्य या ओपन वेब गर्डर की रीगर्डरिंग।

**नोट:- (1)** उपर्युक्त ई निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेब साइट पर **समय 15.00 बजे** तक निविदा खुलने की तिथि **दिनाक 27.05.2024** तक उपलब्ध है। **(2)** उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको IT Act 2000 अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **(3)** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि सलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **(4)** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। **(5)** बयाने की राशि केवल नेट बैंकिंग अथवा गेट वे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। **(6)** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **(7)** आनलाइन निविदा **दिनांक** 27.05.2024 15:00 **बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। **815/24(A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## गुमशुदा की तलाश



प्रियंका

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम **प्रियंका, पुत्री: सोम बीर सिंह, पता: म. नं. 1882/2, राजेंद्र कॉलोनी, भिवानी चुंगी, पुलिस थाना सब्जी मंडी, जिला रोहतक, हरियाणा जोकि दिनांक 21.04.2024 को दोपहर 02:00 बजे हल्लन चौक, पुराना सीलमपुर, गांधी नगर, दिल्ली से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 41 A, Dated 21.04.2024,** पुलिस थाना, गांधी नगर, दिल्ली में दर्ज है। नीचे गुमशुदा महिला की पहचान दी गई है:

**नाम: प्रियंका, उम्र: 22 वर्ष, कद: 5'5'', रंग: गोरा, चेहरा: गोल, शरीर: पतला, पहनावा: नीले रंग का सूट व सलवार और पैरों में लेडी चप्पल।**

अगर किसी को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी, गांधी नगर, दिल्ली को संपर्क करें।

**वेबसाइट: http://cbi.nic.in, ई–मेल: cic@cbi.gov.in**
**फोन: 011–24368638/24368641, फैक्स: 011–24368639**

**थाना प्रभारी**
**पुलिस थाना, गांधी नगर, दिल्ली**
**फोन: 011-22082235, 7065036024**

**DP/4823/SHD/2024**


# नोएडा में सोसायटी के बाहर फास्ट फूड की दुकानों में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा:** कोतवाली सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर-75 स्थित गोल्फ सिटी के निकट फास्ट फूड की अस्थायी दुकानों में मंगलवार सुबह अचानक आ लग गई। आग लगने से एक दुकान में रखे गैस सिलेंडर में भी आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकानें जलकर राख हो चुकी थीं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि सेक्टर-75 में गोल्फ सिटी सोसायटी के निकट बड़ी संख्या में अस्थायी दुकान हैं। इन दुकानों में अधिकतर दुकानें फास्ट फूड बेचने वाली हैं। मंगलवार सुबह करीब 8 बजे दुकानों में आग लग गई है। स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना दी और खुद ही आग पर काबू पाने लगे। सूचना पर दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। एक दुकान में रखे गैस सिलेंडर में भी आग


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल इंजीनियर–चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | 1. सहायक मंडल अभियंता जींद के आधीन दिल्ली भटिंडा खंड पर जुलाना स्टेशन पर 3.0 मीटर चौड़े एफ0ओ0बी0 का प्रावधान हेतु कार्य। (निविदा संख्या 04-W-IV-24-25) 2. सहायक मंडल अभियंता रोहतक के आधीन नांगलोई और घेवरा में अतिक्रमण और सीआरओ की रोकथाम के लिए चारदीवारी का निर्माण हेतु कार्य। (निविदा संख्या 15-W-IV-24-25) |
| अनुमानित लागत | (1) Rs.2,37,61,351.22 (2) Rs. 2,06,80,338.65 |
| धरोहर राशि | (1) Rs.2,68,800.00 (2) Rs.2,53,400.00 |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई–निविदा भरने का समय कार्य 14.05.2024 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 28.05.2024 को 15.00 बजे |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

पत्र संख्या : 128-डब्लू/260/निविदा सूचना/NIT 04&15-डब्लू-4-24-25
दिनांक: 06.05.2024 **1377/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### निविदा शुद्धिकरण

प्रशासनिक कारण के कारण एन आई टी संख्या **1-डब्ल्यू–उ.मु.अभि.–टी.एम.सी.–ला.–टी.बी.-01-24-25 दिनांक– 03.05.2024** में **शुद्धिकरण** किया गया है। जिसे 07.05.2024 को खोला जाना है।

शुद्धिकरण के डिटेल्स निचे दिये गए है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मौजूदा मूल्य | उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला. उत्तर रेलवे स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के अधीन अगले दो वर्षों में टैम्पिंग बैंकों के 17 सेट (सीएसएम/डब्ल्यूएसटी/वीपीआर = 05 सेट, यूनिमैट–2एस/3एस = 01 सेट, यूनिमैट–4एस/एमपीटी = 02 सेट, एमएफआई = 04 सेट, सीएसएम/डीयूओ संशोधित प्रकार = 02 सेट और पीसीटी/सीआरसीसी = 03 सेट) का ओवरहालिंग का कार्य। **कार्य समाप्त अवधि : 24 महीने** |
| 2. | संशोधित मूल्य | उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला. उत्तर रेलवे स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के अधीन अगले दो वर्षों में टैम्पिंग बैंकों के 18 सेट (सीएसएम/डब्ल्यूएसटी/वीपीआर = 05 सेट, यूनिमैट–2एस/3एस = 02 सेट, यूनिमैट–4एस/एमपीटी = 02 सेट, एमएफआई = 04 सेट, सीएसएम/डीयूओ संशोधित प्रकार = 02 सेट और पीसीटी/सीआरसीसी = 03 सेट) का ओवरहालिंग का कार्य। **कार्य समाप्त अवधि : 15 महीने** |

**No. 1-W-Dy.CE/TMC/L/NDLS/Tender Corresp. Dated : 07.05.2024** **1372/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## पब्लिक नोटिस

**जन–साधारण** को सूचित किया जाता है कि कंवर प्रीत सिंह निवासी मकान नं. 5888/3 छोटा बाजार, अम्बाला शहर से मृतक स्वर्गीय मनमोहन कौर के कानूनी वारिस की रिपोर्ट जारी करने हेतु एक प्रार्थना पत्र इस कार्यालय में प्राप्त हुआ है। प्रार्थी के प्रार्थना पत्र व सलंग्न हल्फनामों व रिपोर्ट नगरपार्षद व सचिव नगर निग म, अम्बाला अनुसार मृतक मनमोहन कौर के निम्नलिखित कानूनी वारिस है-1. कंवर प्रीत सिंह (पुत्र) 2. बलप्रीत सिंह (पुत्र) 3. पवन प्रीत कौर (पुत्री)। यदि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह तहसीलदार, अम्बाला शहर के कार्यालय में पब्लिकेशन के 30 दिन के अंदर-2 आपत्ति दर्ज करवा सकता है। यदि प्रार्थी द्वारा दी गई सूचना किसी भी समय गलत पाई जाती है तो प्रार्थी भारतीय दण्ड संहिता की धारा 177 व अन्य सम्बन्धित कानूनों के तहत दण्ड का भागी होगा।


# रातों-रात करोड़पति बनने का सपना देखना पड़ा भारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** कोतवाली एक्सप्रेसवे क्षेत्र में साइबर अपराधियों ने एक इंजीनियर को शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर अपने जाल में फंसा लिया। धीरे-धीरे इंजीनियर साइबर अपराधियों को 12 लाख रुपया दे बैठा। बाद में जब उसे यह पता चला कि वह साइबर ठगी का शिकार हुआ है, तो उसने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। बताया जाता है कि वह तेलंगाना प्रांत का रहने वाला था तथा नोएडा की रायपुर कॉलोनी में किराए पर कमरा लेकर रहता था।

**झांसा दिया**

**ऑनलाइन शेयर बाजार में निवेश करने से मोटी रकम का फायदा होने का झांसा दिया**

**नामी कंपनी में इंजीनियर के पद पर था कार्यरत :** कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सरिता मलिक ने बताया कि मूलरूप से तेलंगाना प्रांत का नगुला प्रगति राजू रायपुर गांव में किराए पर कमरा लेकर रहता था। वहां यहां पर एक नामी कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। उन्होंने बताया कि सोमवार रात उसने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है।

स्वजन का कहना है कि मृतक को साइबर अपराधियों ने अपने जाल में फंसाया। ऑनलाइन शेयर बाजार में निवेश करने से मोटी रकम का फायदा होने का झांसा दिया।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**
**संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईज़र, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेंटर, मैसन, प्लम्बर, ड्राइवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूँ। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयाशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध स्थापित कर लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगे। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# घमंडिया गठबंधन परिवार के लिए चुनाव लड़ रहे: सैनी

**नरेंद्र मोदी ने 12 करोड़ किसानों को 6000 रुपए सालाना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के रूप में दिए, सोनीपत सीट से मोहनलाल बडोली को रिकॉर्ड तोड़ मतों से जितवा कर लोकसभा में भेजें**

**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि कांग्रेस का विश्वास विकास में नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार में है। आज भी कांग्रेस घमंडिया गठबंधन के साथ मिलकर विकास के लिए लड़ाई नहीं लड़ रहे हैं, बल्कि वह अपने परिवार और भ्रष्टाचारियों को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री **मंगल**वार को बरोदा विधानसभा के गांव बली ब्राह्मणाण में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सोनीपत सीट से मोहनलाल बडोली को रिकॉर्ड तोड़ मतों से जितवा कर लोकसभा में भेजने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके कॉमेडियन गठबंधन के लोगों का गणित भी पूरी तरह से फेल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेता गरीबों को एक-एक लाख रुपये उनके खाते में देने की बात करते हैं। देश में गरीबों की जनसंख्या 48 करोड़ है। देश का बजट 46 लाख करोड़ रुपए है तो 48 लाख करोड़ रुपए कहां से आएगा? मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस वोट पाने के लिए लोगों को बरगलाने की हर कोशिश कर रही है, लेकिन जनता इनके बहकावे में आने वाली नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के झूठे वादों ने राजस्थान में 4000 किसानों की जान ले ली। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के पास न विजन है, न पालिसी है, न नेता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के युवराज ने राजस्थान में किसानों को कर्ज माफी का नारा देकर उनसे वोट लेने का काम तो किया, लेकिन उनका कर्ज माफ नहीं किया। जिसका परिणाम यह हुआ कि 4000 किसानों ने आत्महत्या कर ली और 16,500 किसानों की जमीन कुर्क हो गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अब कह रही है कि वह सत्ता में आने के पर एक मिनट में गरीबी खत्म कर देंगे, लेकिन उन्हें बताना चाहिए कि ऐसा कौन सा अलादीन का चिराग उनके पास है, जिसे रगड़ेंगे और गरीबी खत्म हो जाएगी। उन्होंने कांग्रेस को याद कराया की 1970 से वह गरीबी हटाने के नाम पर वोट लेते रहे हैं और उनके पिता राजीव गांधी ने कहा था कि वह केंद्र से एक रुपया भेजते हैं तो नीचे 15 पैसे पहुंचते हैं, यह 85 पैसे रास्ते में किन लोगों की जेब में जाता था इस बात का खुलासा भी कांग्रेस को करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबी को हटाने की लड़ाई लड़ी है, जिसका परिणाम यह है कि 25 करोड लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकलने में कामयाब हुए हैं।





## 'भाजपा सरकार ने पिछले साढ़े 9 साल में किसानों को 12,500 करोड़ मुआवजा दिए'

**मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का काम किया है और आने वाले समय में इनकी संख्या 3 करोड़ करने का संकल्प लिया है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश के किसानों की जितनी मदद भाजपा ने की है उतनी मदद के बारे में कांग्रेस कभी सोच भी नहीं सकती। भाजपा की हरियाणा सरकार ने पिछले साढ़े 9 साल में किसानों को 12,500 करोड़ रुपए मुआवजे के रूप में दिए हैं जबकि कांग्रेस ने अपने 10 साल के शासनकाल में केवल 1100 करोड़ रूपया मुआवजे के रूप में दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 करोड़ किसानों को 6000 रुपए सालाना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के रूप में दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 10 साल में भारत इतना बदला है कि पहले दुनिया बोलती थी और भारत सुनता था और आज स्थिति यह है कि भारत बोलता है और दुनिया सुनती है। उन्होंने कहा कि भारत का नाम विश्व में चमकाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। भारत जल्दी एक बार फिर विश्व गुरु का अपना दर्जा हासिल करेगा।

**धारा 370 हटाकर कश्मीरी पंडितों को बसाने का काम किया: रामबिलास शर्मा**

हरियाणा भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रामविलास शर्मा ने कहा कि वायनाड में अपनी हार को देखकर राहुल गांधी वहां से मैदान छोड़कर भागे हैं। उन्होंने कहा कि इटली के भांजे को भगवान राम के बारे में क्या मालूम है? यह लोग तो राम का अस्तित्व ही नहीं मानते थे। उन्होंने कहा कि कश्मीर से 10 लाख कश्मीरी पंडित उजाड़ दिए गए थे लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 को हटाकर एक बार फिर कश्मीरी पंडितों को बसाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जब वह शिक्षा मंत्री थे तो उन्होंने दादा लख्मी के नाम पर यूनिवर्सिटी की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ किया है कि जो हमें छेड़ेगा उसे घर में घुसकर मारेंगे। पूर्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस की हमेशा आदत रही है कि वह भाई को भाई से लड़ने का काम करती है।

**जितने भी काम विकास के बाकी होंगे, सब करवाऊंगा : बडोली**

सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार मोहनलाल बडोली ने कहा कि उन्होंने पहले भी विकास के कार्यों में किसी प्रकार की कोई कसर नहीं छोड़ी लेकिन अब सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के जितने भी विकास के काम होंगे,वह सभी काम करवाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास की एक नई गाथा लिखने का काम किया है और तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाकर विकास को और गति प्रदान की जाएगी।

**समर्थन की अपील**

**मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके कॉमेडियन गठबंधन के लोगों का गणित भी पूरी तरह से फेल है**

# 'खादर' के इलाके की सभी समस्याएं दूर होंगी: मनोहर



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/पानीपत/कमाल हुसैन**

**हरियाणा** के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चिलचिलाती धूप में मंगलवार को भी प्रदेश में जनसंपर्क और चुनाव प्रचार अभियान जारी रखा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा है कि वह "खादर" के इलाके के लिए नरेंद्र मोदी से पैसा लाकर इस क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने का काम करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री पानीपत से समालखा के बीच अपने रोड शो के दौरान खादर के इलाके में करीब 40 गांव के लोगों के साथ सीधा-संवाद किया। इस दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। इस दौरान लोगों ने मोदी-मोदी, मनोहर लाल जिंदाबाद, जय श्री राम और भारत माता की जय के उद्घोष से वातावरण को मोदीमय बनाए रखा। जनसंपर्क यात्रा में विधायक हरविंदर कल्याण, व भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता साथ में थे। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्तमान लोकसभा चुनाव को धर्म और अधर्म तथा न्याय और अन्याय के बीच लड़ाई बताते हुए कहा कि एक ओर भाजपा के रूप में धर्म और न्याय है तो दूसरी ओर भाजपा विरोधी ताकतें है, जोकि धर्म के विरुद्ध अन्याय की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान किया कि वह एकजुट होकर इस लड़ाई में नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पार के नारे को पूरा करने में अपना योगदान दें।

**पढ़े लिखे युवाओं को योग्यता के आधार नौकरियां देने का काम किया:** पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नन्हेड़ा गांव में कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के समय में नौकरियां खुली बोली से मिलती थी, लेकिन हमने पढ़े लिखे युवाओं को योग्यता के आधार नौकरियां देने का काम किया है। उन्होंने लोगों से पूछा कि आपने पैसे देकर नौकरी तो नहीं ली?

# मौदी मैजिक से घबराई हुई है कांग्रेस : बंतो कटारिया



**टीम एक्शन इंडिया**

**पंचकूला:** भाजपा की नीतियां इतनी सच्ची और अच्छी है कि दूसरे दल के नेताओं के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े लोगों को भी पसंद आ रही है। लगातार लोग भाजपा में शामिल हो रह हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को बीडीसी के पूर्व चेयरमैन जगदीश चंद्र शर्मा अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया और विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने सभी नए साथियों का भाजपा में स्वागत किया। इस मौके पर बंतो कटारिया ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है और कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत है। उन्होंने कहा कि सभी साथियों का भाजपा में सम्मान किया जाएगा। ज्ञानचंद गुप्ता ने भी कहा कि कार्यकताओं के दम पर भाजपा लगातार चुनाव जीत रही है। कार्यकर्ता पूरी मेहनत के साथ काम करें और बंतो कटारिया को प्रचंड बहुमत से जीताकर संसद में भेजें। सैकड़ों साथियों के साथ भाजपा में शामिल हुए जगदीश चंद्र शर्मा ने भरोसा देते हुए कहा कि हम सभी मिलकर बंतो कटारिया की जीत को ऐतिहासिक बनाने के लिए दिन रात मेहनत करेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार और नायब सरकार की नीतियों ने हमें प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा और राष्ट्र सेवा के लक्ष्य को लेकर हम आगे बढ़ेंगे। मंगलवार को बंतो कटारिया ने पंचकूला विधानसभा के दर्जनभर क्षेत्रों का विशेष दौरा किया और लोगों से वोट मांगे। बंतो कटारिया आज आर्य समाज मंदिर, सेक्टर-21, सेक्टर-25, मट्टावाला, नग्गल, बार काउंसिल, आरएमपी डाक्टर के सम्मेलन में पहुंची और अपने लिए समर्थन मांगा। बंतो कटारिया ने कहा कि मोदी सरकार की विचारधारा सबको साथ लेकर चलने वाली है। मोदी सरकार ने 10 सालों में जितने काम किये हैं उससे देश और प्रदेश की जनता खुश है और तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है।

**समर्थन**

**भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत है : बंतो**

# लोकसभा चुनाव में मेरा किसी दल को समर्थन या विरोध नहीं: नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**

चंडीगढ़: हरियाणा में सक्रिय राजनीति में रहे नवीन जयहिंद अब पूरी तरह से गैर राजनीतिक रह कर प्रदेश के मुद्दो पर कार्य करना चाहते है।रोहतक जिले के पहरावर में 19मई को आयोजित किए जाने वाले परशुराम जयंती के राष्ट्र स्तरीय समारोह के लिए मंगलवार को न्योता देने यहां पहुंचे जयहिंद ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में वे किसी दल का समर्थन या विरोध नहीं कर रहे ।उनके इस रुख को राजनीति से सन्यास की तरह समझ लिया जाए। जयहिंद ने चंडीगढ़ प्रेस क्लब में मीडिया से बातचीत में कहा कि वे लोकसभा चुनाव में किसी दल का समर्थन या विरोध नहीं कर रहे है लेकिन आमजन से अपील कर रहे है कि नेताओ और राजनीतिक दलों से हरियाणा के मुद्दो पर सवाल पूछे।उन्होंने कहा कि 2016 में सुप्रीम कोर्ट ने एस वाई एल के मुद्दे पर हरियाणा के पक्ष में फैसला दे दिया लेकिन अब कोई राजनीतिक दल इस मुद्दे पर चुनाव के दौरान चर्चा ही नहीं कर रहा।

# मेवात को पिछड़ेपन से बाहर निकालना हमारा लक्ष्य: मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/फिरोजपुर झिरका:**

फिरोजपुर झिरका विजय संकल्प रैली में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आप लोग बोलते हो कि मनोहर लाल हमारा है, राव साहब हमारे हैं तो चुनाव में इस बार भाजपा को पीछे नहीं रहने देना है। मेवात की तीनों विधानसभाओं से 2 लाख से ज्यादा वोटों से जीताकर राव साहब को दिल्ली भेजना है। यहां पूर्व सीएम ने यह भी कहा कि कांग्रेस के लोगों ने भाजपा के नाम पर हव्वा का डर दिखाते हैं, 10 साल हो गए आज तक वो हव्वा आया नहीं। पूर्व सीएम ने कहा कि कांग्रेस के बहकावे में नहीं आना है। कांग्रेस द्वारा पैदा किए गए डर से बाहर निकलकर कमल खिलाना है। भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के समर्थन में फिरोजपुर झिरका में आयोजित विजय संकल्प रैली में मनोहर लाल ने मोदी और हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा कराए गए कामों को गिनाया। उन्होंने कहा कि 90 हजार करोड़ से बन रहे मुंबई एक्सप्रेस-वे का यहां के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। कैनाल फीडर से पानी की समस्या समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि 10 सालों में हमारी सरकार ने बिना भेदभाव के मेवात जिला में काम कराए हैं। पूर्व सीएम ने कहा कि मेवात को पिछड़े जिलों से बाहर निकालना हमारा लक्ष्य है। मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा की सरकारें मजहब और जाति देखकर काम नहीं करती। भाजपा के लिए गरीब, युवा, महिला और किसान ही जाति है। मोदी सरकार ने गरीबों को पक्के मकान दिए और मकान में शौचालय बनवाए, नल से जल दिया, गैस दी और आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का इलाज कराने का अधिकार दिया। मनोहर लाल ने कहा कि हमारी सरकार ने मेवात क्षेत्र में इतने काम कराए हैं, राव साहब भी ठीक बोल रहे हैं कि आप लोग चुनाव के समय जिताते नहीं हैं। पूर्व सीएम ने कहा कि मैं मेवात का हूं और मेवात मेरा है। उन्होंने कहा कि आप लोग अपनी भावना को बदलो, भाजपा काम कराने वाली पार्टी है।

कांग्रेस काम भी नहीं कराती और डर बैठाकर आप लोगों के वोट भी ले लेती है।

मनोहर लाल ने कहा कि मोदी की सरकार में मुसलमान जितने सुरक्षित है उतने कांग्रेस की सरकार में कभी नहीं रहे। उन्होंने कहा कि 1980-90 के दशक में देश के अंदर चाहे दिल्ली हो या फिर कानपुर, अलीगढ़ हो या मेवात में हिंदू मुस्लिम के नाम पर दंगे होते थे। 2014 में मोदी की सरकार बनने के बाद दंगों पर लगाम लगी है। मनोहर लाल ने अयोध्या में बनें राम मंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मंदिर बनने का निर्णय हुआ।

मस्जिद की तरफ से केस लड़ रहे अंसारी ने भी कोर्ट के आदेश को माना और भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर परिवार सहित आए। पूर्व सीएम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में धारा-370 नासूर की तरह थी, जिसका फायदा पाकिस्तान भी उठाता था। मोदी सरकार ने 370 को खत्म किया जिसका फायदा जम्मू-कश्मीर की आवाम को भी मिल रहा है।



**वोट की अपील**

**मोदी सरकार में मुसलमान जितने सुरक्षित हैं, उतने कांग्रेस की सरकार में कभी नहीं रहे**

# वोट प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए की गई है कयावाद

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़: राज्य** निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदान प्रतिशतता बढ़ाने को लेकर एक नई पहल की शुरूआत की गई है, जिसमें मतदान के दिन वोट करने के बाद मतदाताओं की उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ ज्यादा से ज्यादा सेल्फी अपलोड कर ड्रा में भाग लिया जा सकता है। आयोग के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि भावी मतदाताओं अर्थात स्कूली बच्चों को अभी से मतदान अधिकारों के प्रति सजग करना है। लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व होता है, इसलिए यह पहल शुरू की गई है ताकि हर मतदाता अपना वोट अवश्य दे। उन्होंने कहा है कि राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सभी जिलों में शुरू की गई नई कवायद के तहत बच्चों को जोड़ा जाएगा जिससे मतदान के दिन बच्चे अभिभावकों की उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा, इन सभी सेल्फी को बच्चे पोर्टल पर अपलोड कर जिला स्तर पर निकाले जाने वाले ड्रा के तहत 2500 से 10 हजार रुपए तक के नकद पुरस्कार प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि इसी तरह स्कूल के विद्यार्थी भी इस पहल के साथ जुड़ सकते है, इसमें जिस स्कूल के विद्यार्थी सबसे अधिक सेल्फी अपलोड करेंगे, उस स्कूल को भी 25 हजार रुपये का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। सेल्फी अपलोड करने के लिए पोर्टल पर एक लिंक बनाया गया है, जोकि मतदान के दिन यानी 25 मई को खुलेगा। मतदान के दिन प्रातः 7 बजे से मतदान के साथ ही सेल्फी अपलोड करने का लिंक स्कूली बच्चों के लिए खुल जाएगा और रात्रि 8 बजे तक सेल्फी अपलोड की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 के प्रति मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव का पर्व-देश का गर्व नामक लोगो जारी किया है। शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के साथ स्वीप अभियान भी निरंतर जारी है। उन्होंने शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे मतदान से पहले ज्यादा से ज्यादा स्कूली छात्र-छात्राओं को स्कूलों में बने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करवाएं ताकि मतदान प्रणाली को बच्चे अच्छी तरह से समझ सके।

**पहल**

**उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ ज्यादा से ज्यादा सेल्फी अपलोड कर ड्रा में भाग लिया जा सकता है**

# हरियाणा में जब्त की गई 7.24 करोड़ रुपये की नकदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़/दीपिका शर्मा** हरियाणा में लोकसभा आम चुनाव- 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए निर्वाचन आयोग के साथ-साथ अन्य प्रवर्तन एर्जेसियों द्वारा भी लगातार अवैध शराब, मादक पदार्थ और नकद राशि की मूवमेंट पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अब तक 7.24 करोड़ की नकद राशि जब्त की जा चुकी है। इसके अलावा, 30.05 करोड़ रुपये की अवैध शराब, मादक पदार्थ, व कीमती वस्तुएं भी जब्त की गई हैं। गौरतलब है कि यह आंकड़ा 2014 व 2019 के लोकसभा तथा विधानसभा चुनावों में जब्त की गई वस्तुओं से कहीं अधिक है। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 की अवधि अभी समाप्त भी नहीं हुई है और अभी तक 7.24 करोड़ रुपये नकद, 12.94 लाख रुपये कीमत की 3,87,332.77 लीटर अवैध शराब, 12.55 करोड़ रुपये की कीमत के मादक पदार्थ, 1.80 करोड़ रुपये की कीमती वस्तुएं और 2.76 करोड़ रुपये की अन्य वस्तुएं जब्त की गई हैं।

# नए आपराधिक कानूनों को लागू करने की दिशा में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 को लागू करने के लिए हरियाणा पूरी तरह से तैयार है। इस दिशा में राज्य के विभिन्न पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों में नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए पर्याप्त संख्या में फील्ड अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इसके तहत जून 2024 तक लगभग 30,000 फील्ड अधिकारियों को प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। मुख्य सचिव आज यहां हुई सीसीटीएनएस और आईसीजेएस के लिए राज्य शीर्ष कमेटी की एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एनसीआरबी द्वारा प्रदान किए गए एसओपी के एक पैच को पहले ही लागू किया जा चुका है। इसी दिशा में सीएएस के केस डायरी मॉड्यूल को ऑडियो-वीडियो सहित डिजिटल साक्ष्यों का रिकॉर्ड रखने के लिए साक्ष्य प्रबंधन प्रणाली के रूप में अनुकूलित किया गया है। डिजिटल साक्ष्यों की रिकार्डिंग के लिए आवश्यक उपकरण पुलिस मुख्यालय स्तर पर खरीदे जा रहे हैं। इसके अलावा, क्राइम सीन की रिकॉर्डिंग के लिए प्रदेश के सभी थानों में टैबलेट भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। सीसीटीएनएस का सुचारू ढंग से संचालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस विभाग की प्रशंसा करते हुए मुख्य सचिव ने बताया कि प्रगति डैशबोर्ड के अनुसार सीसीटीएनएस परियोजना के कार्यान्वयन में हरियाणा लगातार देश में प्रथम स्थान पर है। हरियाणा पुलिस हरसमय पोर्टल पर नागरिक सेवाओं के लिए आरटीएस डैशबोर्ड पर लगातार 10 में से 10 अंक प्राप्त कर रही है। उम्र और लिंग के आधार पर पीड़ितों के वर्गीकरण के लिए सीसीटीएनएस में ह्यपीड़ितों की स्थितिह्य के नाम से एक नई रिपोर्ट विकसित की गई है। ई-कोर्ट एप्लीकेशन में उपयोग के लिए अभियुक्तों और शिकायतकर्ताओं का विवरण अंग्रेजी में प्रदान करने के उद्देश्य से सीसीटीएनएस कोर एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर में लिप्यंतरण उपयोगिता को लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि सीसीटीएनएस से अदालतों, ई-एफआईआर और ई-चालान में आईआईएफ-5 (अंतिम रिपोर्ट) जमा करने के बारे में बताया गया कि एसपी एससीआरबी, हरियाणा की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है।

**कार्यान्वयन**

**आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए पर्याप्त संख्या में फील्ड अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका**

# 'कांग्रेस सरकार बनने पर सरपंचों को दिए जाएंगे सारे अधिकार'

**राजीव गांधी ने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देकर देखा था सत्ता के विकेंद्रीकरण का सपना**

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद: अ**खिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन)की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार ने सरपंचों के सारे अधिकार छीनकर गांवों के विकास को बाधित कर दिया है, स्थानीय निकायों को कमजोर किया जा रहा है, कांग्रेस की सरकार बनने पर सरपंचों के अधिकार बहाल किए जाएंगे और स्थानीय निकायों को पहले की भांति शक्तिशाली बनाया जाएगा। देश के अन्नदाता किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए उनका सारा कर्जा मॉफ किया जाएगा और समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गारंटियां इस देश को और देश की जनता को मजबूत बनाएंगी। कुमारी सैलजा ने मंगलवार को फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव धांगड से चुनावी दौरा शुरू किया, जहां पर उनका कार्यकताओं ने एकजुट होकर भव्य स्वागत किया। गांव बडोपल में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को एक राष्ट्र के रूप में हमारी चुनौतियों और अवसरों को पहचानने की क्षमता का आशीर्वाद प्राप्त था। उन्होंने ही पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देकर सत्ता के विकेंद्रीकरण का सपना देखा था। राजीव गांधी मानते थे कि सरकार में सहभागिता से अथाह ऊर्जा उत्पन्न होगी और यह समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों की स्थिति में क्रांतिकारी बदलाव करेगी। वे पंचायती राज और नगर पालिका विधेयक के सूत्रधार थे। उन्होंने लोक अदालतों के माध्यम से त्वरित न्याय दिलाने के प्रयासों को भी प्रमुखता से बढ़ावा दिया। उन्होंने स्थानीय स्वशासन के लिए 1989 में लोकसभा में 64वां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पंचायतों, त्रि-स्तरीय पंचायतों और नगर पालिकाओं को पर्याप्त शक्तियां, वित्तीय संसाधन और महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित करने का फैसला लिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पंचायतों, त्रि-स्तरीय पंचायतों और नगर पालिकाओं को कमजोर किया है पर कांग्रेस की सरकार बनने पर सरपंचों के अधिकार बहाल किए जाएंगे और स्थानीय निकायों को पहले की भांति शक्तिशाली बनाया जाएगा।

**किसानों को आर्थिक रूप से बनाया जाएगा मजबूत:** उन्होंने कहा कि आज देश में चाहे किसान हो, मजबूर हो, युवा हो, कर्मचारी हो, गरीब हो या दलित हो न्याय की आखिर सड़को पर उतरे हुए है पर उनकी आवाज सुनने वाला कोई नहीं है, सत्ता के मद में चूर भाजपाई हर वर्ष की अनदेखी कर रहे है, दो साल से किसान आंदोलनरत है पर उसे उसका हक देने के बजाए उसके साथ झूठे वायदे किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर सबसे पहले किसानों का सारा कर्जा माफ किया जाएगा, समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा दिया जाएगा। कर्ज माफी आयोग के गठन किया जाएगा साथ में जीएसटी मुक्त खेती का वादा किया है। उन्होंने कहा कि देश का अन्नदाता कमजोर हुआ तो देश भी कमजोर होगा, जहां पर किसानों का सम्मान नहीं होता उसे देश के लोग अन्न को तरसते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से मजबूत बनाने का वायदा किया है, कांग्रेस जो कहती है उसे पूरा करती भी है।



**वादा**

**ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पंचायतों, त्रि-स्तरीय पंचायतों और नगर पालिकाओं को कमजोर किया है**

## न्यूज फ्लैश

### श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के प्रकाश अस्थान की जांच के मामले की पड़ताल करेगी हरियाणा कमेटी



दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के प्रकाश अस्थान की चैकिंग किए जाने के मामले की हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी गहराई से जांच करेगी। इसके लिए हरियाणा कमेटी ने एक जांच कमेटी गठित की है, जो कि पूरे मामले की जांच पड़ताल करके अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। यह जानकारी एचएसजीएमसी प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने दी। इस मौके पर उनके साथ हरियाणा कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना भी मौजूद रहे। जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज का सत्कार एवं मयार्दा सिख कौम के लिए काफी महत्व रखती है, लेकिन हरियाणा पुलिस के जवानों ने सभी मयार्दों की उल्लंघना करते हुए सिखों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई हैं। इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मामले की वायरल वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि किस तरह से हरियाणा पुलिस के कर्मचारियों ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के प्रकाश अस्थान की जांच की। उन्होंने कहा कि आज तक ऐसा कभी नहीं हुआ, कि किसी वीआईपी या वीवीआईपी के आगमन पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के प्रकाश अस्थान या फिर दरबार साहिब की सुरक्षाकर्मियों द्वारा जांच की गई हो। परंतु हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी के आगमन से पहले गुरुद्वारा श्री रातगढ़ साहिब नारायणगढ़ में सुरक्षाकर्मियों ने सारी मयार्दाओं की उल्लंघना करते हुए सिखों की धार्मिक भावनाओं पर कुठाराघात किया। उन्होंने कहा कि यह बर्दाश्त के लायक नहीं, इसलिए हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी ने पूरे मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई है। इस कमेटी में हरियाणा कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह सहगल, महासचिव सुखविंदर सिंह मंडेबर व कार्यकारिणी सदस्य टीपी सिंह शामिल हैं। यह जांच कमेटी पूरे मामले की पड़ताल करके अपनी रिपोर्ट उन्हें सौंपेगी। रिपोर्ट मिलने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।

### नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा अपोलो में किया गया हिंदी काव्य पाठ का आयोजन




**समालखा ( कुलदीप सिंह)** अपोलो इंटरनेशनल स्कूल पट्टीकल्याणा में तीसरी से पांचवी तक की कक्षाओं में हिंदी भाषा में दक्षता लाने के उद्देश्य से हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने मनमोहन ढंग से बचपन पर आधारित लयबद्ध कविताओं को सुनाया और अपने अभिव्यक्ति कौशल का परिचय दिया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने इतनी सुंदर तरीके से हिंदी कविताओं का उच्चारण किया कि सभी श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। कविता पाठ प्रतियोगिता में अपने हाव -भाव और अंग संचालन का अनूठा परिचय देते हुए कक्षा तीसरी ए ने प्रथम, तीसरी बी ने द्वितीय तथा कक्षा पांचवी बी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल की प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने बच्चों को सम्मानित किया और संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी एक समृद्धभाषा है।

# अमरीक बने पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन के प्रदेश महासचिव

## सम्मेलन में जन स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग व लोक निर्माण विभाग तीनों विगों के प्रदेश भर के सभी जिलों से पदाधिकारी व कर्मचारी साथियों ने हजारों की संख्या में बढ़-चढ़कर भाग लिया

**विशेष मरम्मत**

▶▶ मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर नंबर 681 का 24 वां त्रि वार्षिक प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन हुआ




टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर नंबर 681 का 24 वां त्रि वार्षिक प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन नजदीक जाखौली अड्डा पंचायत भवन के सामने महाराजा अग्रसेन धर्मशाला कैथल में संपन्न हुआ। सम्मेलन में जन स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग व लोक निर्माण विभाग तीनों विगों के प्रदेश भर के सभी जिलों से पदाधिकारी व कर्मचारी साथियों ने हजारों की संख्या में बढ़-चढ़कर भाग लिया ! ध्वजारोहण श्री एम एल सहगल राष्ट्रीय चेयरमैन अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी परिसंघ द्वारा किया गया सम्मेलन का उद्घाटन पूर्व चेयरमैन हरियाणा कर्मचारी महासंघ श्री मंगल सिंह दिलावरी ने किया ! चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण करवाने के लिए मुख्य चुनाव पर्यवेक्षक श्री महेंद्र सिंह यादव व श्री खजान सिंह उपस्थित रहे ! प्रांतीय प्रधान विश्वनाथ शर्मा ने अपने वक्तव्य मे देश व प्रदेश सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों की निंदा करते हुए कहा की आने वाले समय में सुरक्षित रोजगार को लेकर आने वाले खतरों को भांपते हुए संगठन के कर्मचारी आज संगठन के लिए समर्पित व निष्ठावान पदाधिकारियों का चयन करके सुदृढ़ संगठन का निर्माण करें ! उपरांत प्रांतीय प्रधान श्री विश्वनाथ शर्मा द्वारा अपनी कार्यकारिणी का इस्तीफा मुख्य चुनाव प्रवेक्षकों को सौंपा गया व नई कार्यकारिणी के गठन की अपील की चुनाव पर्यवेक्षकों द्वारा चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ कर निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया। प्रांतीय चेयरमैन रणबीर दलाल, प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह चट्ठा, प्रांतीय वरिष्ठ उप प्रधान जिले सिंह भड़ाना, प्रांतीय वित्त सचिव पवन रजाना, प्रांतीय मुख्य संगठन कर्ता रविंद्र यादव को चुना गया ! चुनाव उपरांत बोलते हुए नवनियुक्त प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान एवं प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह चट्ठा ने हरियाणा सरकार को चेताते हुए कहा की प्रदेश भर के कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान संगठन के पदाधिकारी को बातचीत के लिए बुलाकर बातचीत के माध्यम से जल्द से जल्द करें अन्यथा चुनाव आचार संहिता हटने उपरांत संगठन हरियाणा सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन करने पर विवश होगा ! मुख्य मांगेः विभाग में लगे डब्ल्यू पी ओ सहित तृतीय श्रेणी के पद पर कार्यरत कर्मचारियों को 25500 वेतनमान देना, टर्म अपॉइंटमेंट, कौशल रोजगार कांट्रैक्ट बेस, पंचायती राज सहित सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को नियमित होने तक 24000 न्यूनतम वेतनमान देना, चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को पदोन्नति के समय एक इंक्रीमेंट का लाभ देना, पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करना, पीडब्ल्यूडी के तीनों विभागों में निजीकरण, पंचायती राज, ठेकेदारी प्रथा आउटसोर्सिंग की नीतियां जनहित को देखते हुए रद्द करना, सिंचाई विभाग में कैनाल गार्ड के पद पर कार्यरत कर्मचारियों को 25500 वेतनमान देना, लोक निर्माण विभाग में वर्क इंस्पेक्टर की 51 पोस्टों को बहाल करवाना, वेतन विसंगतियां दूर करना, ग्राम पंचायत के अधीन ना करना, व कमरतोड़ महंगाई की मार में कर्मचारियों का 18 महीने का बकाया डी ए का एरियर व एलटीसी देना, मेडिकल कैशलेस सुविधा पूर्ण रूप से लागू करना आदि।

## चुनाव को लेकर अर्धसैनिक बल ने निकाला फ्लैग मार्च



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** जिला पुलिस लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र सुरेन्द्र सिंह भोरिया के दिशा निर्देशानुसार मंगलवार को लोकसभा चुनाव के मध्यनजर शहर थानेसर एरिया में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम व सीआरपीएफ की महिला टुकडी ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 25 मई 2024 को प्रदेश में लोकसभा चुनाव होने निश्चित हुए हैं। जिला कुरूक्षेत्र में लोकसभा चुनाव-2024 को शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष करवाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंगलवार को पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने सीआरपीएफ

**अपील**

▶▶ शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की

की महिला जवानों के साथ मिलकर शहर थानसेर में फ्लैग मार्च निकाला। थाना शहर थानेसर प्रभारी निरीक्षक कर्मबीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस की टीमों का फ्लैग मार्च शहर थानेसर एरिया के विभिन्न गलियों व मार्गो से होकर गुजरा । पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर भय के चुनाव प्रकिया में भाग लेने के पुलिस टीम लिए प्रेरित किया।

आकर किसी प्रकार के लालच देने वालों की सूचना तुरन्त अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन/चौंकी या पुलिस कन्ट्रोल रूम में दें ।

## जीन्द पुलिस ने तीन उद्घोषित अपराधियों को काबू करके भेजा जेल

टीम एक्शन इंडिया

**जीन्द:** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला जीन्द के पुलिस कप्तान सुमित कुमार के कुशल निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा उद्घोषित अपराधियों व बेल जम्प करने वाले अपराधियों धरपकड़ के बारे में चलाए विषेष अभियान के दौरान एक ही दिन में अलग-अलग मामलों में तीन उद्घोषित अपराधियों को पकडने में कामयाबी हासिल हुई है जो लम्बे समय से अदालत से गैर हाजिर/फरार चल रहे थे। पकड़े गये आरोपियों की पहचान विकास वासी झुआमारा जिला सोनीपत, अशोक वासी दरियापुर जिला पानीपत व बलजीत सिंह वासी सच्चा खेड़ा जिला जीन्द के रूप में हुई है। उपरोक्त तीनों आरोपी अदालत द्वारा दिये गये समय पर अदालत में उपस्थित नहीं हुए हैं। अदालत द्वारा दिए गए आदेशों की अवहेलना करने पर तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 174 ए आईपीसी की धारा के तहत मामला दर्ज करके उसकी तलाश करके उन्हें अदालत में पेश कर दिया हो अदालत ने तीनों आरोपियों को जेल भेजने के आदेश दिए हैं।

## अंबाला को मिली ई.लाइब्रेरी की सौगात

**शुरूआत**

▶▶ हरियाणा पुलिस के मुख्य सिपाही स्व. तारा चन्द की स्मृति में तैयार की गई है यह ई.लाइब्रेरी



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** अंबाला स्थित पुलिस लाइन में सरदार पटेल पुलिस ई.लाइब्रेरी की शुरूआत की गई। यह ई.लाइब्रेरी हरियाणा पुलिस के मुख्य सिपाही स्व. तारा चन्द की स्मृति में तैयार की गई है जिसका उद्घाटन मुख्य सिपाही स्व. ताराचंद की धर्मपत्नी श्रीमति खजानी देवी द्वारा किया गया। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक ने ई.लाइब्रेरी परिसर का निरीक्षण करते हुए वहां विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक के आगमन पर सलामी गार्द द्वारा सलामी दी गई। सलामी उपरान्त पुलिस महानिदेशक ने पुस्तकालय के प्रांगण में पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। श्री कपूर ने इस अवसर पर श्रीमति खजानी देवी को सम्मानित भी किया। ई.लाइब्रेरी में विभिन्न विषयों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित लगभग 4500 पुस्तकों का भण्डारण किया गया है। ये पुस्तके अंग्रेजी तथा हिंदी दोनो भाषाओं में उपलब्ध है जिनमें से लगभग तीन सौ पुस्तके प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित है। यह ई.लाइब्रेरी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है जहां पर अध्यापन करने के लिए आने वाले विद्यार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। ई.लाइब्रेरी वातानुकूलित होने के साथ.साथ इंटरनेट सुविधाओं से सम्पन्न और कम्प्यूटराईज्ड है। ई.लाइब्रेरी में किन्डल की सुविधा भी है जिसमें पाठक अपनी इच्छानुसार पुस्तके डाउनलोड कर पढ़ सकते हैं। ई.लाइब्रेरी में ऑनलाईन विदेशी भाषाओं जैसे फ्रेंच, जैपनीज व स्पैनीज को भी ऑनलाइन माध्यम से सिखाने की व्यवस्था की गई है। पुलिस लाइन में बनी इस ई.लाइब्रेरी का पुलिसकर्मियों के बच्चों सहित डीएवी स्कूल के बच्चें प्रतियोगी और अन्य परीक्षाओं में लाभ उठा सकेंगे। भविष्य में विद्यार्थियों की सुविधा को देखते हुए इसे समय.समय पर अपग्रेड किया जाएगा। इसमें विदेशी भाषा लर्निंग केन्द्र, एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक अम्बाला मण्डल, अम्बाला छावनी शिवास कबिराज, पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा व अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## मुरलीधर डीएवी स्कूल के छोटे बच्चों को करवाई धार्मिक स्थल यात्रा

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** मुरलीधर डीएवी स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के छात्रों को धार्मिक स्थल वीर जी की कुटिया (कृष्ण कुटीर) ले जाया गया। वहां बच्चों को कृष्ण भगवान की बहुत ही सुन्दर व भव्य मूर्ति के दर्शन करवाए गए। बच्चों को भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं से अवगत करवाया गया। बच्चो को गीता के श्लोक सुनाये व उनका अर्थ समझाया गया। नन्हे-नन्हे बच्चों ने भी




वहां भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर कुटिया के सदस्यों द्वारा कुछ प्रश्न बच्चो से पूछे गए और बच्चो ने बड़े ही उत्साह से उन प्रश्नो का उत्तर दिया। बच्चो को उतर के लिए उपहार भी दिए गए। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर अमिता अरोड़ा भी उपस्थित रही, उन्होंने भी बच्चो को श्री कृष्ण की लीलाओं से अवगत करवाया। कुटिया के सदस्यों द्वारा बच्चो को प्रसाद स्वरूप केले व दूध की बॉटल्स दी गई। बच्चों ने बस यात्रा का खूब आनंद उठाया। इसके बाद बच्चों को धूलकोट रेलवे स्टेशन की भी विजिट करवाई गई व वहां बच्चो का गुड्स ट्रेन (सामान ले जाने वाली ट्रेन) व पैसेंजर ट्रेन (यात्रियों वाली ट्रेन) में अंतर बताया गया।

**भ्रमण**

▶▶ विजिट करवाई गई व वहां बच्चो का गुड्स ट्रेन व पैसेंजर ट्रेन (यात्रियों वाली ट्रेन) में अंतर बताया गया

## स्वीटी रंगा ने नलवी शाहाबाद शुगर मिल के पास वोट की अपील की

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए शाहाबाद शुगर मिल के पास वोट की अपील की गई। स्वीटी रंगा नलवी लगातार चुनाव प्रचार कर रही है और पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि आज देश की जनता भारतीय जनता पार्टी से बहुत दुखी है और सभी मन बना चुके हैं कि अबकी बार देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। पुरे देश में इंडिया गठबंधन की लहर है।स्वीटी रंगा



नलवी ने कहा कि हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीटे इंडिया गठबंधन जीतेंगा। स्वीटी रंगा नलवी शाहबाद के गांव गांव में जाकर जनसंपर्क अभियान लगातार कर रही है और गांव वासियों से वोट के लिए सहयोग मिल रहा है। स्वीटी रंगा ने दुकानदारो से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को झाडू का बटन दबाकर कुरुक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता को विजय बनाना है।

## चोरी के अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जीन्द** : जीन्द में खेतों से ट्यूबवेल की तार चोरी करने के मामलों जीन्द पुलिस ने ठोस कदम उठाते हुए अलग-अलग तीन मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक जीन्द सुमित कुमार द्वारा खेतों में हो रही तार चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए सभी थाना प्रभारियों व सभी क्राईम युनिटों को चोरी के मामले सुलझा कर आरोपियों को पकडने बारे सख्त दिशा-निर्देश दिए हैं, जिसके परिणाम स्वरूप जीन्द पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## पुलिस पाठशाला से बच्चों को किया जागरूक

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के माध्यम से महिला प्रबन्धक थाना नारायणगढ जिला अम्बाला ने पुलिस की पाठशाला के माध्यम से थाना नारायणगढ़ क्षेत्र में आर्य सीनियर सैकेण्डरी स्कूल नारायणगढ़ के छात्र/छात्राओं/महिलाओं/शिक्षको को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचाव व यातायात के नियमों की पालना बारे जागरूक किया । इस कार्यक्रम के दौरान महिला प्रबन्धक थाना



नारायणगढ जिला अम्बाला ने महिला सुरक्षा के सम्बन्ध मे डायल 112 एप्प बारे छात्र/छात्राओं/महिलाओं/शिक्षको को विस्तृत जानकारी देकर मौका पर ही डायल 112 एप्प डाउनलोड करवा के रजिस्ट्रेशन करवाया। हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशालाह्लह्ल के दौरान उपस्थित छात्र/छात्राओं/महिलाओं /शिक्षको को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचने, अपने व दूसरों के अमूल्य जीवन की सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों की पालना करने बारे जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं कि वह हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला के माध्यम से छात्र/छात्राओं/महिलाओं /शिक्षको को डायल 112 एप्प, ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस व यातायात के नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करें। मुख्य उद्देश्य महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, महिला सुरक्षा सुनिश्चित करके डायल 112 एप्प, ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस व यातायात के नियमों की विशेष जानकारी देना हैं।


**विशेष जानकारी**

▶▶ डायल 112 एप्प, ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस व यातायात के नियमों की विशेष जानकारी देना हैं

## हरियाणा में भी योग शिक्षकों को बनाएगा प्राणायाम विशेषज्ञः ओम

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत), मुख्यालय रोहिणी दिल्ली की हरियाणा प्रांत इकाई द्वारा संस्थान की दिल्ली प्रांत इकाई की तर्ज पर प्राणायाम विशेषज्ञ बनाए जाएंगे। चयनित कार्यकर्ताओं को विशेष प्रकार का ऑनलाइन व ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को मानव शरीर विज्ञान की विस्तृत जानकारी के साथ-साथ सभी प्रकार के श्वसन, प्राणायाम, योग क्रियाओं, योग मुद्राओं इत्यादि की सही विधि, निषेध, सावधानियां, सजकता केंद्र, प्रभाव व लाभ बता कर प्राणायाम के प्रत्येक पहलू के बारे में अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी । संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रधान




ओमप्रकाश ने बताया कि इसके लिए पहले बैच में पूरे प्रांत से अभी 50 ऐसे जिज्ञासु प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया गया है जो स्वयं प्राणायाम विशेषज्ञ बनकर आगे संस्थान के निशुल्क योग साधना केन्द्रों पर साधकों को भी इसका प्रशिक्षण दे सकें । इसके लिए समय-समय पर संस्थान द्वारा प्रशिक्षणार्थियों की ऑनलाइन व ऑफलाइन कक्षाएं आयोजित की जा रही हैं । संस्थान के अखिल भारतीय महामंत्री माननीय ललित गुप्ता जी इन प्रशिक्षणार्थियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दे रहे हैं । उन्होंने बताया कि प्रांत इकाई के तत्वावधान में भविष्य में भी प्राणायाम विशेषज्ञ के और अधिक बैचों को भी इसी प्रकार का विशेष प्रशिक्षण प्रदान करवाया जाएगा ।संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रैस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि इन ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन अंबाला के श्री कृष्ण योग जिला प्रधान सुरेंद्र अरोड़ा बड़े सुंदर ढंग से कर रहे हैं । डेढ़ घंटे के इस विशेष प्राणायाम प्रशिक्षण सत्र में माननीय ललित गुप्ता जी योग के हर उस पहलू को छू रहे हैं जो एक प्राणायाम के शिक्षार्थी के लिए आवश्यक है ।ऑनलाइन सत्र के समापन पर प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रांतीय इकाई के व्हाट्सएप ग्रुप 'प्राणायाम हरियाणा' में अपनी प्रतिक्रिया दी जाती हैं जिसके अनुसार सभी प्रतिभागियों को यह प्रशिक्षण अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी लग रहा है तथा सभी अगले ऑनलाइन सत्र की उत्सुकता से प्रतीक्षा करते हैं । जिस आत्मीयता और जिज्ञासा से सभी प्रशिक्षणार्थी ऑनलाइन कक्षा में भाग ले रहे हैं और इन विशेष सत्रों में अपनी पूरी सहभागिता दिखा रहे हैं, उस से निश्चय ही प्रांत में बड़ी संख्या में प्राणायाम विशेषज्ञ बन सकेंगे और शीघ्र ही संस्थान के ईश्वरीय कार्य का समुचित विस्तार हो सकेगा।

**प्रशिक्षण**

▶▶ चयनित कार्यकर्ताओं को विशेष प्रकार का ऑनलाइन व ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा

## टीम चेतन चौहान ने सेक्टर-9 में चलाया जनसंपर्क अभियान

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** कांग्रेस नेता चेतन चौहान की टीम के सदस्यों ने सेक्टर-9 क्षेत्र में डोर टू डोर अभियान चलाते हुए लोगों से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी वरुण चौधरी मुलाना के पक्ष में मतदान की अपील की। टीम चेतन चौहान के सदस्यों ने लोगों से खुले तौर पर रोजगार और शिक्षा जैसे मुद्दों पर बात की तथा उन्हें यह भी कहा कि इन चुनाव में वे शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाएं, टैक्स सिस्टम, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को ध्यान में रखते हुए मतदान करें। टीम सदस्यों ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि भाजपा पार्टी चुनाव प्रचार



के दौरान मुख्य मुद्दों से भाग रही है और धर्म और जाति की राजनीति करते हुए वोटों का ध्रुवीकरण करना चाहती है। सभी को एकजुट होकर भाजपा के इस प्रयास को विफल करना होगा। टीम चेतन चौहान के सदस्यों को डोर टू डोर प्रचार अभियान के दौरान लोगों का बहुत अच्छा समर्थन देखने को मिला। इस मौके पर मुख्य तौर पर कांग्रेस एससी सेल वर्किंग प्रेसिडेंट विक्की चौहान, कांग्रेस सेवा दल के हलका प्रधान रविंद्र प्रजापति, यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव मुकेश शर्मा व स्वर्ण धीमान, आशु बाजवा, जशन कोछड़ व अन्य लोग भी साथ रहे।

## न्यूज फ्लैश

### मतदाता जागरूकता रैली का आज होगा आयोजन

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**जिला** रैडक्रास सचिव गौरव रामकरण ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व रैडक्रास दिवस के अवसर पर वोटरों व आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए रैडक्रास के सदस्यों व स्वयंसेवकों के माध्यम से एक मतदाता जागरूकता रैली 8 मई बुधवार को प्रातः 10.30 बजे निकाली जाएगी तथा गरीब/जरूरतमंद व्यक्तियों को रक्त उपलब्ध करवाने हेतु रैडक्रास भवन के प्रांगण में एक विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेन्द्र कुमार दहिया बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि मतदाता जागरूकता रैली रैडक्रास भवन से होते हुए गुरूद्वारा मोड, रेलवे रोड, सिविल अस्पताल यूटर्न, बस स्टैण्ड, रैडलाईट चौक से होते हुए रैडक्रास भवन में आकर सम्पन्न होगी।

### कर्मचारियों को जबरदस्ती 12 फॉर्म की जगह जारी किए जा रहे बैलेट पेपर

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**जिला** पानीपत इलेक्शन ऑफिस से सभी कर्मचारियों को फोन करके 12-अ फॉर्म के स्थान पर 12 फॉर्म भरने को कहा जा रहा है जो कि गलत है। फॉर्म 12 उन कर्मचारियों के लिए होता है जो उस निर्वाचन क्षेत्र से बाहर के वोटर है जहाँ उनकी ड्यूटी आयी हुई है, इसके बदले उनको बैलेट पेपर जारी किया जाता है। जबकि फॉर्म 12-अ के बदले एऊ जारी किया जाता है जिससे आप अपनी वोट उसी बूथ पर डाल सकते हैं जहाँ आपकी ड्यूटी है। जिला प्रधान हसला अजेन्द्र कुण्डू ने बताया कि अगर हम फॉर्म 12 अ देकर एऊ प्राप्त करते है तो हम अपनी ड्यूटी के स्थान पर ही वोट डालते है और के साथ आपका वोट तुरन्त गिना जाएगा जबकि बैलेट पेपर की गिनती तभी होती है जब हार जीत का अंतर बैलेट पेपर से कम हो। भारत निर्वाचन आयोग की इस बारे में स्पस्ट हिदायत है कि जो कर्मचारी अपने संसदीय क्षेत्र में ही ड्यूटी दे रहे हैं उनको एऊ अवश्य जारी किया जाए ताकि वो भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। शुरूआत में जिला पानीपत में भी कर्मचारियों को यही कहा गया था कि आप फॉर्म 12अ ही जमा करवाओ लेकिन आज बहुत जल्दी जल्दी में सभी को फोन करके फॉर्म 12अ के स्थान पर फॉर्म 12 जमा करवाने के आदेश दिए जो रहे है जो कि सरासर गलत है इस से कर्मचारियों में रोष है व कर्मचारी इसमें उच्चाधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान लगा रहे हैं। कर्मचारियों का सबसे बड़ा संगठन हसला पानीपत इस मनमानी का विरोध करता है।

### ज्येष्ठ महीने से पहले ही गर्मी दिखा रही है तीखे तेवर

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र, : गर्मियों में** ज्येष्ठ महीना विशेष माना गया है। ज्येष्ठ महीना शुरू होने में अभी करीब 15 दिन हैं। विशेषज्ञों के अनुसार गर्मी ने वैशाख के दिनों में असली रूप अभी से दिखाना शुरू कर दिया है। कुरुक्षेत्र तथा आसपास के क्षेत्रों का मंगलवार को तापमान 41 डिग्री के पार रहा। कृषि वैज्ञानिक डा. सी.बी. सिंह ने मौसम विभाग के संकेतों के अनुसार बताया कि गर्मी इस समय गर्मी अपने उफान की तरफ है। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग के अनुसार वैसे अगले तीन चार दिनों तक भी मौसम खुश्क बना रह सकता है। 9 मई की रात्रि से एक बार फिर से मौसम परिवर्तनशील होने की संभावना है। गर्मी के तीखे तेवरों के बाद हरियाणा के कुछ क्षेत्रों में बरसात की बौछार की भी संभावना बनी रहेगी। डा. सिंह ने बताया कि 10 से 13 मई के बीच गरज के साथ बरसात होने की संभावना है।

# राष्ट्रहित में मतदान कर जनता मोदी को बनाएगी तीसरी बार प्रधानमंत्री: सुमन

**जनता से आह्वान करते हुए कहा कि इस बार जनता इतना मतदान करे कि पिछली बार के सभी रिकार्ड टूट जाए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। प्रदेश के** मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने जनता से आह्वान करते हुए कहा कि इस बार जनता इतना मतदान करे कि पिछली बार के सभी रिकार्ड टूट जाएं। करनाल लोकसभा से मनोहर लाल और विधानसभा उप चुनाव में नायब सिंह सैनी को रिकार्ड मतों से विजयी बनाएं, ताकि इसी तरह देश और प्रदेश में विकास की गंगा बहती रहे। सुमन सैनी मंगलवार को करनाल पहुंची और कई कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने सेक्टर-13 में नितिन टुटेजा, कुंजपुरा रोड स्थित लीला ग्रैंड, गांव कलामपुरा में विकास कुमार व गांव काछवा में पुराने पंचायत घर के पास अशोक कुमार व प्रवीन बेनीवाल द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में पहुंची और करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल व करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी के लिए वोट की अपील की। सभी कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों ने विश्वास दिलाया कि वे इस बार मनोहर लाल और नायब सिंह सैनी को भारी बहुमत से विजयी बनाएंगे। सुमन सैनी ने कहा कि राष्ट्रहित के लिए भाजपा सरकार चुने। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 सालों में जो राष्ट्रहित के लिए कार्य किए हैं, वे मिसाल बने हुए हैं। 2014 से पहले की सरकारों ने गरीबी हटाने का नारा तो दिया, लेकिन गरीबी हटा नहीं पाए। गरीबों के हित में यदि किसी ने काम किया है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। आज सभी का आशीर्वाद उनके साथ है और उसी आशीर्वाद से ही नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल और नायब सैनी की विजय यात्रा में लोगों ने अपना जिस तरह से प्यार दिखाया है। इसी तरह राष्ट्रहित में जनता मतदान भी करेगी। जनता के आशीर्वाद से मनोहर लाल करनाल लोकसभा और नायब सिंह सैनी करनाल विधानसभा में बड़े अंतर से जीत दर्ज करेंगे। इस अवसर पर निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, मीना कांबोज, रजनी परोचा, मेघा भंडारी, वीर विक्रम कुमार, मिनाक्षी, अल्का सहित अन्य मौजूद रहे।

## 'ऑटो चालक ग्रे कलर की ड्रेस पहनना सुनिश्चित करें'



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

जिला परिवहन अधिकारी डॉक्टर नीरज जिंदल ने मंगलवार को अपने कार्यालय में जिला के ऑटो चालक से संबंधित विभिन्न यूनियन के प्रधानों को निर्देश दिए की शहर में वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए सभी चालक ग्रे कलर की ड्रेस पहनना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी चालक बिना ड्रेस के ड्राइविंग करता हुआ पाया गया तो उसका चालान किया जाएगा।

उन्होंने बैठक में उपस्थित यूनियन के प्रधानों को कहा कि वे सभी अपनी यूनियन के सभी सदस्यों को इस बात को लेकर निर्देश भी जारी कर दें।

## जुलाई 2024 सत्र के लिए इग्नू ने खोला री-रजिस्ट्रेशन पोर्टलः डॉ धर्म

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन**



**इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक** प्रभारी डा धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की इग्नू द्वारा जुलाई 2024 सत्र के लिए री-रजिस्ट्रेशन पोर्टल खोल दिया गया है उन्होंने बताया की जिन विद्यार्थियों ने कुली 2023 सत्र में वार्षिक पाठ्यक्रमों जैसे स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिला लिया है ऐसे विद्यार्थी इग्नू के री-रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर जाकर अपनी द्वितीय और तृतीय वर्ष की फीस जमा करवा सकते है इसके साथ साथ जिन विद्यार्थियों ने जनवरी 2024 में सेमेस्टर आधारित पाठ्यक्रमों में दाखिला लिया है वे भी जुलाई 2024 सत्र में अपने अगले सेमेस्टर की फीस जमा करवा सकते है विद्यार्थियों को हिदायत दी जाती है कि इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट ऑनलाईनआरआरडॉटइग्नूडॉटएसीडॉटइन/ पर री-रजिस्ट्रेशन पोर्टल के माध्यम से अपने केडिट कार्ड या डेबिट कार्ड से फीस जमा करे री-रजिस्ट्रेशन फीस जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून 2024 है। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया की जिन विद्यार्थियों ने किसी कारणवश अपनी असाइनमेंट्स अपने अध्ययन केंद्र पर जमा नहीं करवाई है ऐसे विद्यार्थी 15 मई तक अपने अध्ययन केंद्र पर असाइनमेंट्स जमा करवा सकते है।

## तौलिए के बोरे चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**काबू**

**दोनों आरोपियों की निशानदेही पर चोरीशुदा बोरे खरीदने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार किया**

**सीआईए थ्री पुलिस टीम ने** जाटल रोड देशवाल पर चौक के पास स्थित गोल्डन कंपनी से तौलिए के बोरे चोरी करने वाले आरोपी सुपरवाइजर हरेंद्र व सहायक मैनेजर राजीव को सोमवार देर शाम गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर चोरीशुदा बोरे खरीदने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार किया। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि थाना माडल टाउन में सिद्वार्थ नगर निवासी मुकेश पुत्र राजपाल ने पुलिस को दी शिकातय में बताया था कि वह जाटल रोड पर देशवाल चौक के पास स्थित गोल्डन कंपनी में एसओ के पर नौकरी करता है। 5 मई को सुबह 8 बजे वह चेकिंग के लिए कंपनी आया तो उसको पता चला कि 6 बजे कंपनी में कार्यरत सुपरवाइजर हरेंद्र व सहायक मैनेजर राजीव एक पिकअप व एक छोटा हाथी गाड़ी में तौलिए के करीब 60 बोरे बिना बिल के चोरी करके ले गए है। थाना माडल टाउन में मुकेश की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने जांच व आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि सीआईए थ्री पुलिस टीम ने सोमवार देर शाम आरोपी हरेंद्र व राजीव को बलजीत नगर नाका के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। गहनता से पूछताछ में आरोपियों ने चोरीशुदा तौलिए के बारे शिव नगर में प्रदीप जैन निवासी गांधी नगर गन्नौर को 2.10लाख रुपए में बेचने बारे स्वीकारा। दोनों आरोपियों ने 10 हजार रुपए नगद लिए थे बाकी पैसे माल बिकने के बाद देने बारे तय हुआ था। पुलिस ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर मंगलवार सुबह आरोपी प्रदीप जैन को शिव नगर से गिरफ्तार किया। शिव नगर में आरोपी प्रदीप के गोदाम से चोरीशुदा तौलिए के 57 बोरे बरामद किये। इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि दोनों आरोपियों ने चोरीशुदा तौलिए के बोरे बेचकर हासिल की 10 हजार रुपए की नगदी खर्च कर दी।

चोरीशुदा तौलिए के 57 बोरे बरामद कर तीनों आरोपियों को पूछताछ के बाद पुलिस ने मंगलवार को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

## विपक्षी दल हर मुद्दे पर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहेः चांद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**लोकसभा चुनाव 2024** की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के उपाध्यक्ष एवं विशेष संपर्क प्रमुख सुभाष चंद्र ने की बैठक को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविन्द्र तोषामड़, जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्राण रत्नाकर, अमर चंद शर्मा और बबिता रानी ने भी संबोधित किया। बैठक को संबोधित करते हुए सुभाष चंद्र ने कहा कि भारत में प्राचीन काल से ही धार्मिक मान्यताओं का विशेष प्रभाव समाज पर रहा है लेकिन मुगलिया अंग्रेज संस्कृति के दौरान रंगभेद, जातिवाद और अस्पृश्यता को बढ़ावा मिला` संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर के प्रयासों के कारण समाजवाद अस्तित्व में आया । आज सभी विपक्षी दल ध्रुवीकरण की राजनीती करते हुए समाज को बांटने का कार्य कर रहे हैं ऐसे समय में समाज के समक्ष सच्चाई को लाना भारतीय जनता पार्टी का मुख्य उद्देश्य है उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दल हर मुद्दे पर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं इसलिए सभी जागरूक मतदाताओं को किसी के बहकावे में नहीं आना चाहिऐ उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य को लेकर पानीपत में अनुसूचित जाति के प्रमुख व्यक्तियों की बैठक का आयोजन किया गया और पानीपत में वाल्मीकि समाज की 7 टोलियाँ बनाई जाएंगी जो जनता के बीच जाकर सभी प्रकार का भ्रम दूर करेंगी। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान हमारे लिए सबसे पवित्र पुस्तक है और राष्ट्रवाद व देशभक्ति सबसे बड़ी भक्ति है इस समाज ने हमेशा राष्ट्रवादी शक्तियों का समर्थन किया है और भविष्य में भी पूरा समर्थन किया जाएगो उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी नीतियों का ही परिणाम है कि प्रधानमंत्री आवास योजना, छात्रवृत्ति योजना, विवाह शगुन योजना, महिला कल्याण योजना और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति आयोग की सभी योजनाओं का भरपूर लाभ मिला है यही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का ही परिणाम है कि 25 करोड़ बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाकर मुख्यधारा में लाया गया है` यही कारण है कि आज एससी, बीसी और पिछड़े वर्गों के लोगों में इन चुनावों के प्रति भारी उत्साह देखने में आया है जिससे लगता है कि फिर एक बार मोदी सरकार 400 पार करके केंद्र में तीसरी बार सत्ता ग्रहण करेगी ।

महामंत्री सुभाष कबीरपंथी, अनिल खत्री, संजय चहल, कृष्ण लाल, बिजेंद्र गांजबड़ और रोहित बड़गुज्जर आदि मौजूद रहे।

## गंदे पेयजल की आपूर्ति की समस्या जल्द होगा समाधान: जैन



**सोनीपतः हनुमान नगर** वासियों ने कई दिनों से गंदे पेयजल की आपूर्ति की समस्या को लेकर कामी रोड पर जाम लगा दिया और निगम अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस ने मौके पर पंहुचकर वाहनों का रूट डॉयवर्ट किया। जाम की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार तथा वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन वार्ड पार्षद हरी सैनी के साथ मौके पर पंहुचे और समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया तब जाकर कॉलोनी वासियों ने जाम खोला। मौके पर पंहुचे निगम अधिकारियों ने बताया कि गंदे पानी की सप्लाई में सीवर का पानी किस स्थान से मिक्स हो रहा है, उसे ढूंढने के लिए दो दिन से टीम लगातार काम कर रही है और जल्द ही समाधान हो जायेगा। नागरिकों ने गली में फैले सीवर के गंदे पानी की समस्या से भी अवगत करवाते हुए कहा कि नालियों की सफाई ना होने से पानी गलियों में फैल जाता है। राजीव जैन ने आश्वासन दिया कि एक दो दिन में ही नालियों का पानी सीवर लाइन में डालने का काम शुरू कर दिया जायेगा, इससे नालियों का पानी ओवरफ्लो होने की समस्या भी समाप्त हो जाएगी । राजीव जैन ने कहा कि कांग्रेस के दस वर्षों के कार्यकाल में हनुमान नगर की एक भी समस्या का समाधान नहीं हुआ और मैन एंट्री पर ही गन्दा पानी खड़ा रहता था।

## आदित्य वार्ड -12 तथा नवदीप वार्ड -8 से बने युवा कांग्रेस थानेसर के वार्ड प्रेसिडेंट

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : सूर्य प्रताप सिंह** राठौर प्रदेश सचिन भारतीय युवा कांग्रेस हरियाणा लगातार युवा कग्रेस में मेहनती कार्यकताओं को शामिल करने के लिए लगातार यथासंभव प्रयास कर रहे हैं। जो कार्यकर्ता बिना किसी पद के कांग्रेस पार्टी के लिए जी तोड़ मेहनत करता है उसको युवा कग्रेस संगठन में शामिल करने के लिए प्राथमिकता दी जा रही है। युवा कांग्रेस हरियाणा के प्रदेश सचिव सूर्यप्रताप राठौर ने आदित्य को वार्ड नंबर 12 थानेसर कुरुक्षेत्र का तुरंत प्रभाव से वार्ड प्रेसिडेंट नियुक्त किया है ,इसी प्रकार से नवदीप कुमार को वार्ड नंबर 8 थानेसर कुरुक्षेत्र को तुरंत प्रभाव से युवा कांग्रेस पार्टी का प्रेसिडेंट नियुक्त किया है। प्रदेश सचिव सूर्यप्रताप सिंह राठौर ने बताया कि उपरोक्त दोनों कार्यकताओं की नियुक्ति से विधानसभा थानेसर में युवा कांग्रेस को काफी मजबूती मिलेगी। यूथ कांग्रेस हरियाणा दोनों कार्यकताओं से अपेक्षा करती है कि वह युवा कांग्रेस के लिए पूरी ईमानदारी और मेहनत से कार्य करेंगे तथा अन्य युवाओं को भी यूथ कांग्रेस से जोड़ने का भरकस प्रयास करेंगे राठौर ने बताया कि सभी विधानसभाओं में युद्धस्तर पर युवाओं को जिम्मेवारी देने का कार्य जोरदार तरीके से किया जा रहा है ताकि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को और ज्यादा ताकतवर बनाया जा सके।

## 'एथलेटिक्स बच्चों के सर्वांगीण विकास में देता है योगदान'

**टीम एक्शन इंडिया**



**सोनीपत : ज्ञान गंगा मांटेसरी** एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में मंगलवार को विश्व एथलेटिक्स दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। स्कूल कैंपस में एथलेटिक्स व अन्य खेलों का भव्य आयोजन किया गया । स्कूल की प्राचार्या रिचा चावला ने खेल मुकाबले के विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया । प्राचार्या रिचा चावला ने विद्यार्थियों को विश्व एथलेटिक्स दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में अनिवार्य रूप से हिस्सा लेने के लिए प्रेरित भी किया।

उन्होंने कहा कि विश्व एथलेटिक्स दिवस हर साल मनाने का उद्देश्य बच्चों व युवाओं के खेल कौशल पर जोर देना है और यह भी सुनिश्चित करना है कि वे एथलेटिक्स में अधिक से अधिक हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि एथलेटिक्स एक महत्वपूर्ण खेल है जो बच्चों के सर्वांगीण विकास में योगदान देता है और उन्हें अन्य शारीरिक गतिविधियों में सक्षम बनाता है। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन बच्चों के फिटनेस को लेकर विशेष रूप से सजग है । उन्होंने विद्यार्थियों को डाइट के प्रति भी जागरूक किया।

इस मौके पर नौनिहालों के लिए बनाना रेस, फिश रेस, जोकर रेस, लेमन रेस जैसे कई एथलेटिक खेल आयोजित किए गए। इनमें शिवम, वंश, संचित, उदित, भाविक, ऋषभ, वैभव, गौरव, वाणी , विहान आदि बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर मेडल जीते।

## कमेटी की बैठक में उपायुक्त ने सुनी किसानों की समस्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**सुनवाई**

**ज्यादातर मामलों को प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से मौके पर ही सुनवाई हल किया गया**

**मंडल भूमि संरक्षण** अधिकारी की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक मंगलवार को जिला सचिवालय में उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने जिला भर से आये किसानों की भूमिगत पाइप लाईन दबाने को लेकर आ रहे ज्यादातर मामलों को प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से मौके पर ही सुनवाई हल किया गया। उपायुक्त ने दोनों पक्षों के विचार सुनकर उनपर मंथन व चितंन किया और तीव्रता से उनका समाधान किया। बैठक में भूमिगत पाइप लाईन दबाने को लेकर कमेटी के सामने 7 समस्याएं रखी गई जिनमें ज्यादातर का मौके पर समाधान किया गया। उपायुक्त ने कहा कि हमें समस्याओं की गंभीरता को जानने का प्रयास करना चाहिए व हमारा प्रयास यही रहना चाहिए कि किसी के साथ अन्याय न हो। उन्होंने आश्वस्त किया कि भूमिगत पाइप लाईन से जुड़ी समस्याओं का हम अपने स्तर पर भी समाधान कर सकते है। इसके लिए हमें शांतिपूर्वक व सूझबूझ से काम लेना चाहिए। उपायुक्त ने किसानों की भूमिगत पाइप लाईन दबाने को लेकर सुमेर सिंह वासी उपमंडल समालखा की समस्या को समाधान करते हुए सडक के किनारे पाइप लाईन डालने की अनुमति प्रदान की। दूसरी समस्या हासिम वासी अधमी की दोनों पक्षों द्वारा दी गई समस्या को गंभीरता से सुना व उसे सुनकर निरस्त कर दिया। उपायुक्त ने रामपाल वासी बापौली की समस्या को भी सुना व उसका ठोस कारण न मिलने के कारण उसे निरस्त कर दिया। इसी कड़ी में राममेहर वासी बापौली की समस्या की भी सुनाई की गई व उसे भी ठोस कारण न मिलने के कारण निरस्त कर दिया। रामधारी वासी उपमंडल समालखा की समस्या के संदर्भ में सुनवाई करते हुए उसका समाधान निकाला। समरोज वासी नवादा- आर की समस्या को भी सुना व उस पर भी कार्यवाही की गई। कश्मीरी लाल गांव रेरकलां तहसील मतलौडा की समस्या की सुनवाई करते हुए उसका निदान किया। इस मौके पर एसडीएम मनदीप सिंह, डीएफओ विजय लक्ष्मी, मंडल भूमि संरक्षण अधिकारी अश्विनी शर्मा के अलावा जिले भर के किसान मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को मजबूत बनाने का काम किया : रेनू बाला गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। निवर्तमान मेयर** रेनूबाला गुप्ता ने कहा कि देश की जनता का विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है। यह विश्वास करनाल में विजय यात्रा में भी देखने को मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता की उम्मीदों पर खरा उतरे और उन्होंने समाज के हर वर्ग के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि जनता राष्ट्र के लिए, राष्ट्र की भलाई के लिए, राष्ट्र के सुरक्षित भविष्य के लिए मतदान अवश्य करे। हमारा देश पिछले 10 सालों में मजबूत और शक्तिशाली हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश पूरी तरह से सुरक्षित है। जनता के विश्वास और आशीर्वाद से नरेंद्र मोदी ही तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में मनोहर लाल ने हरियाणा एक हरियाणवीं एक के नारे के साथ सबका साथ सबका विश्वास और सबका विकास किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 10 साल में देश को तरक्की की राह दिखाई है। केंद्र की योजनाओं का सभी वर्गों को समान रूप से लाभ मिल रहा है। हमसे अच्छी व्यवस्था पूरी दुनिया में कहीं नहीं है। उन्होंने कहा कि देश इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा और अर्थव्यवस्था में बहुत आगे पहुंच चुका है। भारत को मजबूत बनाने का काम मोदी सरकार ने किया है। इस बार भी जनकल्याणकारी नीतियों के दम पर केंद्र में तीसरी बार बीजेपी की सरकार बननी तय है।

# भारत में अंगदान की कमी से जा रही लोगों की जान



डॉ सत्यवान सौरभ

"भारत में पर्याप्त प्रत्यारोपण केंद्र, आवश्यक प्रशिक्षण वाले चिकित्सा पेशेवर या अंगों की पुनर्प्राप्ति, संरक्षण और परिवहन के लिए संसाधन नहीं हैं। अंग दान के लिए परिवार की सहमति प्राप्त करना अक्सर आवश्यक होता है। यह एक लंबी और भावनात्मक रूप से कठिन प्रक्रिया हो सकती है, जो दान में देरी कर सकती है या उसे रोक भी सकती है। यहां तक कि ऐसे मामलों में जहां अंग उपलब्ध हैं, कई रोगियों की पहुंच प्रत्यारोपण सर्जरी और पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल की उच्च लागत के कारण और भी सीमित है। अंग विफलता वाले कई मरीज अंग की तीव्र कमी के परिणामस्वरूप प्रत्यारोपण का इंतजार करते समय मर जाते हैं।अगों की अत्यधिक आवश्यकता के कारण अवैध अंग व्यापार नेटवर्क को बढ़ावा मिलता है"

**एक** मृत अंग दाता आठ लोगों की जान बचा सकता है। दान की गई दो किडनी दो रोगियों को डायलिसिस उपचार से मुक्त कर सकती हैं। दान किए गए एक लीवर को प्रतीक्षा सूची के दो रोगियों के बीच विभाजित किया जा सकता है। दो दान किए गए फेफड़ों का मतलब है कि दो अन्य रोगियों को दूसरा मौका दिया गया है, और एक दान किए गए अग्न्याशय और दान किए गए हृदय का मतलब दो और रोगियों को जीवन का उपहार प्राप्त करना है। एक ऊतक दाता - कोई व्यक्ति जो हड्डी, टेंडन, उपास्थि, संयोजी ऊतक, त्वचा, कॉर्निया, श्वेतपटल, और हृदय वाल्व और वाहिकाओं को दान कर सकता है - 75 लोगों के जीवन को प्रभावित कर सकता है। भारत में अंग दान की प्रतिज्ञा को वास्तविक दान में तब्दील करने की जरूरत है और इसके लिए मेडिकल स्टाफ को शिक्षित करने की जरूरत है। उन्हें मस्तिष्क मृत्यु और अंग दान के महत्व के बारे में परिवारों को पहचानने, पहचानने, सूचित करने और परामर्श देने में सक्षम होना चाहिए। देश में तीन लाख मरीज अंगदान का इंतजार कर रहे हैं और देश में दाताओं की संख्या में वृद्धि मांग के अनुरूप नहीं है; विशेषज्ञों का कहना है कि देश को तत्काल मृतक दान दर बढ़ाने की जरूरत है, और आईसीयू डॉक्टरों और परिवारों के बीच इस बारे में अधिक जागरूकता होनी चाहिए कि कैसे एक मृतक दानकर्ता कई जिंदगियां बचा सकता है। तीन लाख से अधिक रोगियों की प्रतीक्षा सूची और अंग के इंतजार में हर दिन कम से कम 20 लोगों की मृत्यु के साथ, भारत में अंग दान की कमी, विशेष रूप से मृतक दान, भारी नुकसान उठा रही है। भारत में मृतक अंगदान की दर पिछले एक दशक से प्रति दस लाख की आबादी पर एक दाता से कम रही है। भारत को इसे प्रति मिलियन जनसंख्या पर 65 दान तक बढ़ाने की आवश्यकता है और ऐसा करने के लिए, सार्वजनिक क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवा को आगे बढ़ना होगा। देश में लगभग 600 मेडिकल कॉलेज और 20 से अधिक एम्स हैं। अगर हमें हर साल उनसे एक-एक दान भी मिले तो हम बेहतर स्थिति में रहेंगे।' दुनिया भर में भी, अंगों की आवश्यकता वाले केवल 10% रोगियों को ही समय पर अंग मिल पाते हैं। स्पेन और अमेरिका में बेहतर अंग दान प्रणाली है, जहां प्रति मिलियन 30-50 दान की दर है। मरीजों के परिवारों को आगे आने और दान करने में मदद करने के लिए ट्रॉमा और आईसीयू डॉक्टरों को प्रशिक्षित करना समय की मांग है, कई संभावित मामलों की उपलब्धता के बावजूद, भारत में अंग दान की कम दर मस्तिष्क मृत्यु या मस्तिष्क स्टेम मृत्यु मामलों की अपर्याप्त पहचान और प्रमाणीकरण के कारण हो रही है।



अंगदान के मामले में देश का वार्षिक औसत अब भी प्रति दस लाख लोगों पर एक से भी कम दाता है। सड़क परिवहन के आंकडों के मुताबिक भारत में हर साल, करीब 150,000 लोग सड़कों पर मारे जाते हैं। इसका मतलब औसतन हर रोज सड़कों पर 1000 से ज्यादा दुर्घटनाएं होती हैं और 400 से ज्यादा लोग दम तोड़ देते हैं। अंग दान में मृत डोनर के अंगों- जैसे हृदय, यकृत (लिवर), गुर्दे (किडनी), आंतें, आंखें, फेफड़े और अग्न्याशय (पैनक्रियाज) को निकाल कर दूसरे व्यक्ति के शरीर में प्रत्यारोपित कर दिया जाता है, जिसे जीवित रहने के लिए उनकी जरूरत है। एक मृत डोनर, जिसे कैडेवर भी कहा जाता है, इस तरह नौ लोगों की जान बचा सकता है। हालांकि हेल्थ प्रोफेशनल आमतौर पर अंगदान के विषय पर मृतक के परिजनों से बात करने में अटपटा महसूस करते हैं। डॉक्टर मृतक के अंगों को दान देने के बारे में पूछने से कतराते हैं। कोई इस बारे में प्रोत्साहन भी नहीं है और बदले की कार्रवाई का डर भी रहता है। जनता अनिच्छुक और अविश्वासी है क्योंकि वे मस्तिष्क मृत्यु, अंग दान के विचार या इसके फायदों को पूरी तरह से नहीं समझते हैं। मृत्यु के बाद शरीर के बारे में सांस्कृतिक रीति-रिवाज सहमति में बाधा डाल सकते हैं, और कुछ धार्मिक मान्यताएँ अंग दान पर रोक लगाती हैं।

भारत में पर्याप्त प्रत्यारोपण केंद्र, आवश्यक प्रशिक्षण वाले चिकित्सा पेशेवर या अंगों की पुनर्प्राप्ति, संरक्षण और परिवहन के लिए संसाधन नहीं हैं। अंग दान के लिए परिवार की सहमति प्राप्त करना अक्सर आवश्यक होता है। यह एक लंबी और भावनात्मक रूप से कठिन प्रक्रिया हो सकती है, जो दान में देरी कर सकती है या उसे रोक भी सकती है। यहां तक कि ऐसे मामलों में जहां अंग उपलब्ध हैं, कई रोगियों की पहुंच प्रत्यारोपण सर्जरी और पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल की उच्च लागत के कारण और भी सीमित है। अंग विफलता वाले कई मरीज अंग की तीव्र कमी के परिणामस्वरूप प्रत्यारोपण का इंतजार करते समय मर जाते हैं।अगों की अत्यधिक आवश्यकता के कारण अवैध अंग व्यापार नेटवर्क को बढ़ावा मिलता है, जो कमजोर लोगों को नैतिक और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के साथ-साथ शोषण के खतरे में डालता है। अंगों की सीमित आपूर्ति के कारण स्वास्थ्य संबंधी असमानताएं बढ़ जाती हैं, जिससे पैसे वाले लोगों के लिए इसकी संभावना अधिक हो जाती है। जीवनरक्षक प्रत्यारोपण प्राप्त करें। डायलिसिस और अन्य सहायक देखभाल उन कई संसाधनों में से हैं जिन पर अंतिम चरण के अंग विफलता वाले रोगियों के प्रबंधन के कार्य द्वारा भारी कर लगाया जाता है।

सभी बातों पर विचार करने पर, भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली निम्न अंगदान दरों से बहुत प्रभावित होती है, जिसके परिणामस्वरूप टाली जा सकने वाली मौतें, अनैतिक व्यवहार और जीवन रक्षक देखभाल तक असमान पहुंच होती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी को अंग प्रत्यारोपण तक उचित पहुंच मिले, इन मुद्दों को संबोधित करने के लिए एक बहुआयामी रणनीति की आवश्यकता है जिसमें नैतिक विचार, कानूनी सुधार, बुनियादी ढांचे का विकास और सार्वजनिक शिक्षा शामिल है। एक मृत अंग दाता आठ लोगों की जान बचा सकता है। दान की गई दो किडनी दो रोगियों को डायलिसिस उपचार से मुक्त कर सकती हैं। दान किए गए एक लीवर को प्रतीक्षा सूची के दो रोगियों के बीच विभाजित किया जा सकता है। दो दान किए गए फेफड़ों का मतलब है कि दो अन्य रोगियों को दूसरा मौका दिया गया है, और एक दान किए गए अग्न्याशय और दान किए गए हृदय का मतलब दो और रोगियों को जीवन का उपहार प्राप्त करना है।

एक ऊतक दाता - कोई व्यक्ति जो हड्डी, टेंडन, उपास्थि, संयोजी ऊतक, त्वचा, कॉर्निया, श्वेतपटल, और हृदय वाल्व और वाहिकाओं को दान कर सकता है। 75 लोगों के जीवन को प्रभावित कर सकता है। भारत में अंग दान की प्रतिज्ञा को वास्तविक दान में तब्दील करने की जरूरत है और इसके लिए मेडिकल स्टाफ को शिक्षित करने की जरूरत है। उन्हें मस्तिष्क मृत्यु और अंग दान के महत्व के बारे में परिवारों को पहचानने, पहचानने, सूचित करने और परामर्श देने में सक्षम होना चाहिए।

## संपादकीय

# मोबाइल के बाहर भी हैं वाट्सएप विश्वविद्यालय

**पिछले** करीब दस वर्षों से भारत में वाट्सएप यूनिवर्सिटी के तो खूब चर्चे होते आये हैं, लेकिन बहुत कम लोगों को पता था कि इसके समांतर ही देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के जरिये भी ज्ञानगंगाएं प्रवाहित हो रही है जो युवाओं को उसी तरह से दीक्षित कर रहे हैं जैसे कि वाट्सएप विवि। इसका एक उदाहरण दिल्ली में दिखलाई दिया जब देश की राजधानी से सटे ग्रेटर नोएडा के एक निजी विवि के छात्र-छात्राओं ने कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस विश्वविद्यालय में पल्लवित हो रही प्रतिभाओं के बारे में शायद ही लोगों को पता चल पाता लेकिन एक न्यूज चैनल के पत्रकार ने इस प्रदर्शन में शामिल कुछ छात्रों के ज्ञान की जांच कर ली जो विरोध प्रदर्शन करने के लिये बुधवार को कांग्रेस के मुख्यालय की ओर जा रहे थे। आश्चर्य की यह बात सामने आई कि प्रदर्शन कर रहे जा रहे छात्रों में से कोई भी यह नहीं समझा पाया कि वे प्रदर्शन क्यों कर रहे थे। और तो और, उनके हाथों में जो तख्तियां थीं उनका अर्थ बतलाना तो दूर, वे उसे पढ़ तक नहीं पा रहे थे। जब पत्रकार ने युवाओं के हाथों में लगी तख्तियों पर सवाल करने शुरू किये तो पता चला कि उन्हें पता तक नहीं था कि किन मुद्दों को लेकर वे प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें केवल यह पता था कि वे कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और भाजपा के समर्थन में हैं। छात्र-छात्राओं के हाथों में जो तख्तियां थीं उनमें लिखा था- 'पहले लेंगे आपका वोट फिर ले लेंगे मंगलसूत्र और नोट', 'मां-बहनों के गहनों पर नजर न गड़ाओ', '70 सालों में नहीं दी दीया-बत्ती अब छीन लेंगे आधी सम्पत्ति', 'नो प्लेस फॉर अर्बन नक्सल' आदि। छात्र-छात्राएं विवादित इनहेरिटेंस टैक्स या भाजपा के कथित विकसित भारत की अवधारणा तथा वास्तविकता के बारे में कुछ भी बतला नहीं पा रहे थे। यहां तक कि कांग्रेस के जिस घोषणापत्र का वे विरोध कर रहे थे, उसे किसी ने पढ़ा तक नहीं था। जाहिर है कि वे उसके बारे में वही सब कुछ कह रहे थे जो उन्हें बताया गया था या जो वाट्सएप विवि के माध्यम से उनके मोबाइलों तक पहुंच रहा है। छात्र जो तख्तियां हाथों में लिये हुए थे, उन पर लगभग वे ही नारे लिये हुए थे जो भाजपा के होते हैं। इनमें कांग्रेस व इंडिया गठबन्धन की सरकार बनने पर लोगों का सोना और मंगलसूत्र छीन लेने की बात लिखी गयी थी। इस पर जब रिपोर्टर ने प्रश्न किये तो छात्र विषय से पूर्णतः अनभिज्ञ साबित हुए। साफ था कि उनके हाथों में ये तख्तियां पकड़ाई गयी थीं। अब यह शोध का विषय हो सकता है कि आखिर उन्हें ये नारे लिखकर किसने दिये और छात्रों से इस प्रकार का प्रदर्शन करवाने का औचित्य क्या था। फिर, क्या छात्रों की खुद की समझ इतनी भी नहीं है कि वे किसी के उकसाने पर या कहने पर ऐसा प्रदर्शन करने चले आये। निजी यूनिवर्सिटी में फीस, अधोसंरचना एवं सुविधाओं को देखें तो पता चलता है कि उसमें अच्छे-खासे खाते-पीते लोगों के बच्चे ही पढ़ सकते हैं। अगर ऐसे शिक्षण संस्थान में पढ़ने वालों की राजनैतिक समझ ऐसी हो तो अर्द्ध शिक्षित युवाओं को बहका पाना कितना आसान है, यह भी इस प्रदर्शन को देखकर समझा जा सकता है। पिछले 10 वर्षों से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केन्द्र सरकार के दौरान युवाओं व छात्रों का जिस प्रकार से ब्रेनवाश हुआ है उसका परिणाम किस तरह की युवा पीढ़ी को पैदा कर सकता है- यह भी इस वीडियो को देखकर समझा जा सकता है।

## कविता

"झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

# सिर्फ हिन्दुओं की जातियों की चर्चा करने वाले कौन?

आर.के. सिन्हा

**हर बार की** तरह इस लोकसभा चुनाव में भी अपने को राजनीति का विद्वान बताने वाले ज्ञानियों ने किस संसदीय क्षेत्र में किसके हक में बयार बह रही है , इस विषय पर लिखना-बताना शुरू कर दिया है। वे अपना विश्लेषण रखते हुए बताते हैं कि वहां ( उस संसदीय क्षेत्र में ) इतने फीसद क्षत्रिय, ब्राह्मण, दलित, पिछड़े, अति पिछड़े, यादव वगैरह हैं। यहां तक तो सब ठीक है। पर जातियों का गणित बताने वाले मुसलमानों, सिखों, ईसाइयों की जातियों पर मौन ही रहते हैं। उन्हें जातियों के कोढ़ के बारे में सिर्फ हिन्दुओं की ही चर्चा करनी होती है। उन्हें लगता है कि मानों जातियां सिर्फ हिन्दू धर्म में ही हैं। जैसे कि बाकी धर्मावलंबी किसी जात-पात में यकीन नहीं करते। इससे एक बात बहुत साफ हो जानी चाहिए हमारे यह कथित विद्वान देश की जमीनी हकीकत से कितने नावाकिफ हैं। उन्हें यह मालूम ही नहीं है कि जाति भारत का सच है। कोई इंसान अपना धर्म बदल सकता है, पर जाति उसके साथ हमेशा रहती है। वह जाति से अपने को दूर नहीं कर पाता है। राममनोहर लोहिया यह बात बार-बार कहा करते थे। अगर बात मुसलमानों की करें तो सब जानते हैं कि मुसलमान अशराफ, अजलाफ और अरजाल श्रेणियों में बंटे हैं। शेख, सैयद, मुगल और पठान अशराफ कहे जाते हैं। अशराफ का मतलब है, जो अफगान-अरब मूल के या हिन्दुओं की अगड़ी जातियों से धर्मांतरीत मुसलमान हैं। अजलाफ पेशेवर जातियों से धर्मांतरित मुसलमानों का वर्ग है। एक तीसरा वर्ग उन मुसलमानों का है, जिनके साथ शेष मुसलमान भी संबंध नहीं रखते। इन्हें ही पसमांदा मुसलमान कहते हैं। हालांकि इस्लाम में जाति का विचार तो नहीं है। इस्लाम जाति के कोढ को ललकारता भी है। इसके बावजूद सारा मुसलमान समाज जाति के दलदल में फंसा है। मुसलमानों में अलग-अलग जातियों के अपने कब्रिस्तान तक हैं। राजधानी में पंजाबी मुसलमानों के कब्रिस्तान में गैर-पंजाबी मुसलमानों का प्रवेश निषेध है। शिया और सुन्नियों के तो प्रायः अपने अलग-अलग कब्रिस्तान तो होते ही हैं। शियाओं की अपनी मस्जिदें भी होती हैं। वे अन्य मस्जिदों में नहीं जाते। अपने को मुसलमानों का रहनुमा कहने वाले मुसलमान नेता भी पसमांदा मुसलमानों के मसलों को उठाने की जहमत नहीं दिखाते। मशहूर शायर मोहम्मद इकबाल बरा-बार बताते थे कि उनके पुरखे हिन्दू पंडित थे। खैर, अपने को बाबा साहब अंबेडकर का अनुयायी बताने वाले दलित नेताओं को शायद यह मालूम हो कि बाबा साहेब ने 25 नवंबर, 1949 को संविधान सभा को संबोधित करते हुए बहुत साफ शब्दों में कहा था, जाति तो राष्ट्र विरोधी है। ...पर, भारत में जातियों के असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इनसे समाज बिखरता है। भारत के कई राज्यों में ईसाई बहुमत में हैं और उन राज्यों के मुख्यमंत्री भी ईसाई हैं। पर इसका यह कतई मतलब नहीं है कि वहां जातियां नहीं हैं। ईसाई धर्म अनेक संप्रदायों में बिखरा हुआ है।

## विचार

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप

रमेश सर्राफ धमोरा

**भारतीय** इतिहास में राजपूताने का गौरवपूर्ण स्थान रहा है। यहां के रण बांकुरों ने देश, जाति, धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने में संकोच नहीं किया। वीरों की इस भूमि में राजपूतों के छोटे बड़े अनेक राज्य रहे है, जिन्होंने भारत की स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया। इन्हीं राज्यों में मेवाड़ का अपना अलग ही स्थान है। जिसमें महाराणा प्रताप जैसे महान वीर ने जन्म लिया था। मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप अपने पराक्रम और शौर्य के लिए पूरी दुनिया में मिसाल के तौर पर जाने जाते हैं। एक ऐसे राजपूत राजा जो जीवन पर्यन्त मुगलों से लड़ते रहे, जिसने जंगलों में रहना पसंद किया, लेकिन कभी विदेशी मुगलों की गुलामी स्वीकार नहीं की थी। उन्होंने देश, धर्म और स्वाधीनता के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया था।

महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुम्भलगढ़ में सिसोदिया कुल में हुआ था। उनके पिता का नाम महाराणा उदयसिंह द्वितीय और माता का नाम रानी जीवंत कंवर था। महाराणा प्रताप अपने पच्चीस भाइयो में सबसे बड़े थे। इसलिए उनको मेवाड़ का उत्तराधिकारी बनाया गया। महाराणा प्रताप के समय में दिल्ली पर अकबर का शासन था और अकबर की निती हिन्दू राजाओ की शक्ति का उपयोग कर दूसरे हिन्दू राजा को अपने नियन्त्रण में लेने की था। 1567 में जब राजकुमार प्रताप को उत्तराधिकारी बनाया गया उस वक्त उनकी उम्र केवल 27 वर्ष थी। उस वक्त मुगल सेना ने चितौड़गढ़ को चारो और से घेर लिया था। तब महाराणा उदयसिंह मुगलों से लडने के बजाय चितौड़गढ़ छोडकर परिवार सहित गोगुन्दा चले गये। महाराणा प्रतापसिंह फिर से चितौड़गढ़ जाकर मुगलों से सामना करना चाहते थे। लेकिन उनके परिवार ने चितौड़गढ़ जाने से मना कर दिया। गोगुन्दा में रहते हुए महाराणा उदयसिंह और उसके विश्वासपात्रो ने मेवाड़ की अस्थायी सरकार बना ली थी। 1572 में महाराणा उदय सिंह अपने पुत्र प्रताप को महाराणा का खिताब दिया। उसके बाद उनकी मृत्यु हो गयी। वैसे महाराणा उदय सिंह अपने अंतिम समय में अपनी प्रिय रानी भटियानी के पुत्र जगमाल सिंह को राजगद्दी पर बिठाना चाहते थे। प्रताप ने अपने पिता की अंतिम इच्छा के अनुसार उसके सौतेले भाई जगमाल को राजा बनाने का निश्चय किया। लेकिन मेवाड़ के विश्वासपात्र चुंडावत राजपूतो ने जगमाल सिंह को राजगद्दी छोडने को बाध्य कर दिया। तब जगमाल सिंह ने बदला लेने के लिए अजमेर जाकर अकबर की सेना में शामिल हो गया और उसके बदले में उसको जहाजपुर की जागीर मिल गयी। इस दौरान राजकुमार प्रताप को मेवाड़ के 54 वे शासक के साथ महाराणा का खिताब मिला। 1572 में प्रताप सिंह मेवाड़ के महाराणा बन गये थे। लेकिन वो पिछले पांच सालो में चितौड़गढ़ नहीं गये थे। महाराणा प्रताप को अपने पिता के चितौड़गढ़ को पुनः देख बिना मौत हो जाने का बहुत अफसोस था। अकबर ने चितौड़गढ़ पर तो कब्जा कर लिया था। लेकिन मेवाड़ का राज अभी भी उससे बहुत दूर था। अकबर ने कई बार अपने दूतो को महाराणा प्रताप से संधि करने के लिए भेजा। लेकिन महाराणा प्रताप ने संधि प्रस्तावों को ठुकरा दिया। 1573 में संधि प्रस्तावों को ठुकराने के बाद अकबर ने मेवाड़ का बाहरी राज्यों से सम्पर्क तोड़ दिया और मेवाड़ के सहयोगी दलों को अलग थलग कर दिया। महाराणा प्रताप ने मुगलों से सामना करने के लिए अपनी सेना को अरावली की पहाडियों में भेज दिया। महाराणा युद्ध उस पहाड़ी इलाके में लड़ना चाहते थे जहां मेवाड़ की सेना थी। क्योंकि मुगल सेना को पहाड़ी ईलाके में युद्ध लड़ने का बिलकुल भी अनुभव नही था। पहाडियों पर रहने वाले भील भी राणा प्रताप की सेना के साथ हो गये। महाराणा प्रताप खुद जंगलो में रहने लगे ताकि वो जान सके कि स्वंत्रतता और अधिकारों को पाने के लिए कितना दर्द सहना पड़ता है। उन्होंने पत्तल पर भोजन किया, जमीन पर सोये और दाढी नही बनाई। दरिद्रता के दौर में वो कच्ची झोपडियो में रहते थे जो मिटटी और बांस की बनी होती थी। 18 जून 1576 को महाराण प्रताप के 20 हजार और मुगल सेना के 80 हजार सैनिको के बीच हल्दीघाटी का युद्ध शुरू हो गया। उस समय मुगल सेना की कमान अकबर के सेनापति मान सिंह ने संभाली थी।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# खेला करबो

डॉ. सुरेश कुमार

**'इतने सारे स्वर्ण पदक!'**

हाँ यह सब तुम्हारी मेहनत के हैं। बताओ इन्हें पाकर तुम्हें कैसा लग रहा है? 'इन्हीं पदकों की तलाश में जीवन खपा दिया और एक वो हैं जो बिना कुछ किए मलाई उड़ा रहे थे। पहली बार लगा कि यह खेल हम खेल रहे थे। मतलब...? मैं कुछ समझा नहीं। साफ-साफ कहो। तुमसे क्या छिपा है। तुम तो सब जानते ही हो। एक समय था जब यह खेल भ्रष्टाचारियों के लिए हुआ करता था। कोई आयोजन करके स्वर्ण पदक झटकने के चक्कर में था तो कोई खेल सामग्री में धांधली करके। कोई खिलाड़ियों के ठहरने के खर्चों में तो कोई उनके भोजन के ठेके ले-लेके पदकों की झड़ी लगाने के चक्कर में रहता था। वो क्या है न कि जब-जब भ्रष्टाचारी ऊँचे पद हथिया लेते हैं और खिलाड़ी सड़ते रहते हैं तब-तब पदक नहीं घोटाले के पटल खुलते रहते हैं। आज पहली बार लगा कि यह खेल भ्रष्टाचारियों के लिए नहीं खिलाड़ियों के लिए था। सो तो है। लेकिन तुम जिस घटना के बारे में बता रहे हो वह तो कॉमनवेल्थ का ह्यमहाखेलह्व था। भ्रष्टाचारी कहाँ नहीं होते। जैसे हवा है, वैसे वे हैं। तुम्हें तो अपने खेल धर्म का पालन करना चाहिए। इन सबसे तुम्हारा क्या लेना-देना? अरे! यह भी खूब कही। लेना-देना कैसे न होगा। हम लोग खेल जमीन पर खेलते हैं। आसमान पर नहीं। मछली तो जीती पानी में ही है न! पानी के बिना उसका कैसा अस्तित्व? खिलाड़ियों का काम खेलना होता है। इन सब धांधलियों के बारे में सोचना नहीं। ऐसा भी तो हो सकता है कि नाच न जाने आंगन टेढ़ा की बिसात पर अपने खराब खेल का ठीकरा धांधली के मत्थे फोड़कर खुद को पाक साबित करना चाहते हो। क्या तुम्हें ऐसा नहीं लगता? खिलाड़ियों के लिए खेल ही उसका धर्म होता है। वह तो हर बार देश का नाम ऊँचा करने के लिए अपना सौ फीसदी देने का प्रयास करता है। लेकिन कुछ धांधलीबाज होते हैं जो बिना स्टेडियम बनाए, बिना खेल सामग्री दिए, बिना सुविधाओं के हमें हवा में तीर मारने की बात करते हैं। कागज पर सबका हिसाब होता है, जमीन पर आते-आते सब कुछ शून्य। फिर उसके बाद खेल की जो फजीहत होती है उसका ठीकरा हमारे मत्थे फोड़ दिया जाता है।

# स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी गंभीर मामला

राजेश माहेश्वरी

**स्कूलों** को बम से उड़ाने की धमकी मिलने का सिलसिला तो थमने का नाम नहीं ले रहा है, दिन पर दिन स्कूल को बम से उड़ाने के मेल लगातार आ रहे हैं, लेकिन अभी तक ये नहीं पता लग पाया है कि आखिर ये मेल कौन कर रहा है, बच्चे अभी-अभी भी डरे हुए है सहमे हुए हैं। अभिभावकों के अंदर भी उतना ही डर है, लेकिन ये डर सिर्फ अब दिल्ली-यूपी के स्कूल के बच्चे के अंदर ही नहीं अब ये डर गुजरात के स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के अंदर भी आ गया है। बीती 6 मई को अहमदाबाद के 23 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस धमकी की खबर सार्वजनिक होते ही विद्यार्थियों और अभिभावकों में दहशत फैल गई। इस धमकी पर गंभीरता से पुलिस-प्रशासन ने जांच की और स्कूलों को खाली करा कर स्कूलों की तलाशी ली गई। हालांकि यह धमकी केवल अफवाह मात्र निकली। हालांकि इस बाबत भी पुलिस की जांच जारी है। देश के कई राज्यों के स्कूलों और एयरपोर्ट्स को बम से उड़ाने की धमकी लगातार मिल रही है। जगह-जगह पुलिस की तैनाती है और राज्यों को हाईअलर्ट पर रखा गया है। स्कूलों को मिल रही धमकियों के कारण बच्चों के अभिभावक भी डरे हुए हैं। स्कूल प्रशासन भी अलर्ट पर हैं। इससे पहले भी कई अस्पतालों और पटना के राजभवन को भी बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। अहमदाबाद की तरह ही पिछले दिनों राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली-नोएडा के 222 स्कूलों को बम से उड़ा देने की धमकी ने एकबारगी माहौल में सनसनी और डर फैल गया था। सूचना मिलते ही अभिभावक घर से भागे, दफ्तर का काम छोड़ा और स्कूलों की तरफ बदहवास दौड़े, ताकि अपने बच्चों को सकुशल घर वापस ला सकें। सडकों पर सायरन बज रहे थे। फायर ब्रिगेड की गाडियां भी भाग रही थीं।

दिल्ली पुलिस के बम निरोधक दस्तों, श्वान दस्तों और अन्य जांच इकाइयों ने अपने-अपने मोर्चे संभाल लिए थे। दिन की शुरूआत किसी बड़े हादसे की संभावनाओं के साथ हुई थी। धमकी मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने पड़ताल की तो पता चला कि ई-मेल जिस आइडी से भेजा गया था उसका कनेक्शन भारत से नहीं था।

## न्यूज फ्लैश

### गैस एजेंसी के कारिंदे पांची जाटान निवासी की तेज रफ्तार थ्री व्हीलर की टक्कर लगने से मौत

**गन्नौर। उदेशीपुर गांव** में सोमवार को ईट भट्टे के निकट मोटरसाइकिल सवार को तेज रफ्तार थ्री विहलर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी मोटरसाइकिल चालक का गंभीर रूप से घायल हो गया । घटना की सूचना घायल ने परिजनों को दी सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल अवस्था में पवन को उपचार के लिए खानपुर मेडिकल में दाखिल करवाया। जहा उपचार के दौरान घायल पवन को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। सूचना मिलने पर पहुंची गन्नौर थाना पुलिस ने 100 का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया । पुलिस को दी शिकायत में पांची जाटान निवासी लक्ष्मी नारायण ने बताया कि उसका बेटा पवन पुगथला सिथत कृष्णा भारत गैस एजेंसी पर काम करता है। पवन 6 मई की रात अपनी ड्यूटी खत्म कर मोटरसाइकिल पर घर लौट रहा था। जब वह उदेशीपुर भट्टे के पास पहुँचा तो सामने से आ रहे थ्री विलहर ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया और थ्री विहलर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया ।

### सरकारी विश्राम गृहों का पार्टियां व उम्मीदवार नहीं कर सकेंगे उपयोग-डॉ० मनोज कुमार

**सोनीपत। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के चलते सरकारी विश्राम गृहों, डाक बंगलों या अन्य सरकारी आवासीय परिसरों का उपयोग करने का सत्ताधारी पार्टी या उसके उम्मीदवारों का एकाधिकार नहीं होगा। ऐसे परिसरों का उपयोग पार्टियों व उम्मीदवारों द्वारा निष्पक्ष ढंग से किया जा सकेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सरकारी परिसरों का उपयोग लोकसभा 2024 के आम चुनाव के लिए चुनाव प्रचार कार्यालय या चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की बैठक के लिए नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि सर्किट हाउस, डाक बंगला केवल अस्थायी ठहराव के लिए ही उपयोग में लाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार राजनैतिक पार्टियों के उम्मीदवारों द्वारा इन परिसरों के अंदर किसी भी प्रकार की औपचारिक व अनौपचारिक बैठक नहीं की जा सकेगी, अगर ऐसा होता है तो यह आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिस व्यक्ति को परिसर में कमरा आवंटित किया गया है, उसे दो से ज्यादा वाहन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। यदि व्यक्ति द्वारा अधिक वाहनों का उपयोग किया जाता है तो विश्राम गृह के अंदर वाहन को जब्त करने की अनुमति होगी। एक व्यक्ति को 48 घंटे से ज्यादा कमरा इस्तेमाल की अनुमति नहीं होगी, बहरहाल किसी भी क्षेत्र में मतदान की तिथि के निकट 48 घंटे तक ऐसे परिसरों को फरीज किया जाएगा।

### आयोग की टीम ने सिसाना-फरमाणा मार्ग पर गाड़ी की जाँच की, मिले साढ़े 12 लाख

**खरखौदा/ सोनीपत/ सोमपाल सैनी**



**खरखौदाः मंगलवार को एसएसटी** की टीम ने सिसाना-फरमाणा मार्ग से एक गाड़ी की जाँच कर उसमें से 12 लाख 51 हजार सात सौ रुपये बरामद किए गए हैं। कार में से बरामद नकदी को इनकम टैक्स विभाग की टीम ने नकदी को सील कर ट्रेजरी में जमा करवाया है। आपको बतादे की मिली जानकारी के अनुसार खरखौदा क्षेत्र में जगह- जगह नाके लगाकर सभी वाहनों की जाँच की जा रही है। जिसमें वाहनों के अंदर शराब या फिर पैसों के देखा जा रहा है। वही खरखौदा के सिसाना से गोहाना जाने वाले मार्ग पर एक जगह लगाए गए नाके पर एक गाड़ी की जाँच कर उसमें से नकदी बरामद की। जिसकी सूचना इनकम टैक्स विभाग को दी गई। आपको ये भी बता दे कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट सत्यवान की अगुवाई में यह जाँच की जा रही थी। सूचना मिलने पर इनकम टैक्स विभाग की टीम मौके पर पहुँची और गाड़ी में से बरामद 12 लाख 51 हजार सात सौ रुपये की नकदी को अपने कब्जे में ले लिया।

# 'युवाओं को योग्यता के आधार नौकरियां देने का काम किया'

## मोदी-मोदी, मनोहर लाल जिंदाबाद, जय श्री राम और भारत माता की जय के उद्घोष ने वातावरण को मोदीमय बना दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चिलचिलाती धूप में मंगलवार को भी प्रदेश में जनसंपर्क और चुनाव प्रचार अभियान जारी रखा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा है कि वह खादर के इलाके के लिए नरेंद्र मोदी से पैसा लाकर इस क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने का काम करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री बापौली-सनौली क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अपने रोड शो के दौरान खादर के इलाके में करीब 40 गांव के लोगों के साथ सीधा-संवाद किया। इस दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। इस दौरान लोगों ने मोदी-मोदी, मनोहर लाल जिंदाबाद, जय श्री राम और भारत माता की जय के उद्घोष से वातावरण को मोदीमय बनाए रखा। जनसंपर्क यात्रा में विधायक हरविंदर कल्याण व भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट और जिला महामंत्री कृष्ण छोक्कर, शशिकांत कौशिक, संजय छौक्कर,प्रोफेसर विधुरावल, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष सुनिता व्यास,सुरेन्द्र शर्मा,बापौली मंडल अध्यक्ष शिवकुमार रावल,गंगाराम स्वामी,पूर्व चैयरमेन सुरेन्द्र जलमाना,रिषीपाल रावल,रामभतेरी रावल सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता साथ रहे। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्तमान लोकसभा चुनाव को धर्म और अधर्म तथा न्याय और अन्याय के बीच लड़ाई बताते हुए कहा कि एक ओर भाजपा के रूप में धर्म और न्याय है तो दूसरी ओर भाजपा विरोधी ताकतें है, जोकि धर्म के विरुद्ध अन्याय की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान किया कि वह एकजुट होकर इस लड़ाई में नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पार के नारे को पूरा करने में अपना योगदान दें।

**पढ़े लिखे युवाओं को योग्यता के आधार नौकरियां देने का काम किया**



पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सनौली खुर्द के पास होटल जय फूडस के सामने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के समय में नौकरियां खुली बोली से मिलती थी, लेकिन हमने पढ़े लिखे युवाओं को योग्यता के आधार नौकरियां देने का काम किया है। उन्होंने लोगों से पूछा कि आपने पैसे देकर नौकरी तो नहीं ली? हरियाणा में ऐसा पहली बार हुआ है कि गरीब परिवार के बच्चों को भी सरकारी नौकरियां मिली है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव में पैसा बहाने का कार्य कुछ लोगों द्वारा किया जाएगा। इसीलिए इसकी चौकीदारी खुद मतदाताओं को करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के लिए शराब व पैसा बांटने वाले लोगों के झांसे में जनता को नहीं आना चाहिए तथा ऐसे लोगों के मंसूबों को धराशाई करना चाहिए। मनोहर लाल ने कहा कि बीजेपी को वोट देकर जनता भ्रष्टाचारियों को जवाब देने का काम करेगी। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि यहां के मतदाताओं का जमीर जीवित है तथा यहां के लोग किसी भी झांसे में नहीं आएंगे। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी दुनिया में इतने मतबूत नेता बन गए है कि दुनिया का कोई भी देश जब संकट में आता है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करता है कि इस समस्या का क्या समाधान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज में पूर्वोत्तर देश से कटने के कगार पर खड़ा था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज वह राष्ट्र के साथ एकजुट होकर खड़ा है। हमारा देश प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से आगे बढकर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आज लोग नरेंद्र मोदी व राहुल गांधी की तुलना करते है तो राहुल गांधी को कही भी खड़ा नहीं पाते। उन्होंने कहा कि कुछ लोग चुनाव में भाजपा के 400 पार के नारे का यह कहकर दुष्प्रचार कर रहे है कि भाजपा को यदि 400 सीटें मिली तो भाजपा संविधान बदल देगी,जबकि सत्य यह है कि इस संविधान को कोई भी नहीं बदल सकता।

**जनता के लिए निस्वार्थ किए गए अपने कार्यो की मजदूरी मांगने आया हूं-मनोहर लाल**

पूर्व मुख्यमंत्री का आज इलाके में रोड शो का यह तीसरा दिन था। मनोहर लाल ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में बिना किसी भेदभाव के काम किया है और अब नरेंद्र मोदी उन्हें जो भी दायित्व देंगे उस दायित्व पर रहकर वह लोगों की सेवा करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आज वह कुछ देने के लिए नहीं आए हैं।

वह आज लोगों से मांगने के लिए आए हैं। लोग उन्हें एक-एक वोट देकर भारी अंतर से जितवाने का काम करें ताकि नरेंद्र मोदी को भी लगे कि क्षेत्र की जनता ने उन्हें रिकॉर्ड मतों से जितवाकर मोदी के पास भेजा है। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में करनाल की सीट पूरे देश में दूसरे नंबर पर थी और इस बार यह पहले नंबर पर होनी चाहिए।

### जिला में बाल विवाह रोकने के लिए चलाया जाएगा अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। महिला एवं बाल** विकास विभाग व जिला बाल संरक्षण विभाग की ओर से आगामी 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह पर रोक लगाने के उद्देश्य से महिलाओं को जागरूक किया जायेगा और बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई जाएगी। जिला संरक्षण एंव बाल विवाह निषेध अधिकारी सविता राणा ने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लडकी व 21 वर्ष से कम आयु के लडके को नाबालिग माना जाता है।

## 5वीं इंटर स्कूल रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता संपन्न हुई

### चेयरपर्सन रेखा दाहिया, निदेशक कुलदीप कौर व समाज सेविका रितु ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः प्रयास इंटरनैशनल स्कूल** गनौर में डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग एसोसिएशन द्वारा पाँचवीं इंटर स्कूल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न 17 स्कूलों के 162 खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रयास स्कूल रजिस्ट्रार डॉ मनोज कुमार, प्रिंसिपल सुरेंद्र छाबड़ा,वाईस प्रिंसिपल दीपमाला व विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्रेस प्लेस चाईल्ड डेवलपमेंट सेंटर के संस्थापक कृष्ण कौशिक, चेयरपर्सन रेखा दाहिया, निदेशक कुलदीप कौर व समाज सेविका




रितु ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया । प्रतियोगिता के संयोजक व रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी दीपक जयसवाल ने बताया कि स्केटिंग खिलाड़ियों में प्रतियोगिता को लेकर बहुत उत्साह है। ज़िले में स्केटिंग प्रतियोगिताएं नियमित होती है ,उसी का परिणाम है कि सोनीपत के स्केटिंग खिलाड़ी विश्व स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने अपने संबोधन में खिलाड़ियों का होंसला बढ़ाया व प्रतियोगिता में ऑल ऑवर ट्रॉफी प्रयास इंटरनेशनल स्कूल, रनर अप ट्राफी नालंदा इंटरनेशनल स्कूल व तीसरा स्थान लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर सभी विजेता टीमों को ट्राफी व खिलाड़ियों को मेडल वितरित किये गये।

प्रतियोगिता में मुख्य कोच की भूमिका रितु, मोनू व शिवा कौशिक ने निभाई। प्रतियोगिता में प्रयास स्कूल के स्पोर्ट्स ऑफिसर राकेश प्रशिक्षक मोहित, कप्तान, कुलदीप , दीप्ति, निशु, जोगेंद्र, प्रदीप उपस्थित रहे।

### गांव आट्टा में भाजपा प्रत्याशी पर हुई फूलों की वर्षा



**समालखा( कुलदीप सिंह )**

**पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर** लाल मंगलवार को समालखा विधानसभा क्षेत्र के एक दर्जन गांवों में रोड शो निकालने के बाद समालखा गांव गांव आट्टा में पहुंचे इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपना जनसंपर्क और चुनाव प्रचार अभियान मंगलवार को सुबह आठ बजे गांव छाजपुर से शुरू किया ओर सन्नोली, रिशपुर, जलालपुर, नन्हेडा , अधर्मी ,जलमाना , भल्लौर, संजौली, खोजकीपुर , आट्टा व जौरासी में ग्रीमीणो को संबोधित किया। पूर्व सीएम मनोहर लाल ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में बिना किसी भेदभाव के काम किया है।

**गांव आट्टा मे भाजपा प्रत्याशी पर हुई फूलों की वर्षा**

आट्टा गांव में जब रोड शो पहुंचा तो यहां समाज सेवी जगपाल जौरासी के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया गया और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का आश्वासन दिया।पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी सैकड़ों लोगों के बीच जगपाल जौरासी को अपना पुराना साथी कह कर संबोधित किया।

## कीटनाशक दवा के प्रभाव में आने से 34 छात्रों की तबियत बिगड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः लक्ष्य इंटरनेशनल** स्कूल घसौली की कक्षाओं में कीटनाशक दवा के छिड़काव होने की वजह से मंगलवार की दोपहर को स्कूल के करीब 34 छात्रों की तबियत बिगड़ गई। हालत यह हो गई की बच्चों को सांस लेने में परेशानी होने के साथ, उल्टी, आंखो व त्वचा में बुरी तरह से जलन होने लगी। कुछ बच्चे बेसुध भी हो गए। गन्नौर के उपमंडल अस्पताल के अलावा स्कूल द्वारा आनन-फानन में उन्हें तीन निजी अस्पतालों में भर्ती करवाया गया। जहां उपचार के



बाद उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय विधायक निर्मल चौधरी, एसडीएम गन्नौर डा. निर्मल नागर व जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया उपमंडल अस्पताल में और उपचाराधीन बच्चों का हालचाल जाना। निर्मल चौधरी ने स्कूल प्रबंधन की लापरवाही पर कड़ा संज्ञान लेते हुए एसडीएम से कमेटी का गठन कर जांच करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल लापरवाह कर्मियों के खिलाफ सख्त कारवाई की जाएगी।एसडीएम डा. निर्मल नागर ने स्कूल प्रबंधन को बुधवार को स्कूल बंद रखने के आदेश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि बुधवार को स्कूल को बंद रख जिन कक्षाओं में कीटनाशक दवा का स्प्रे किया गया है उनकी अच्छी तरह से सफाई करवाया जाए।

**सोमवार की रात किया गया था कमरों में कीटनाशक दवा का स्प्रे**

अधिकारियों व स्कूल प्रबंधन की तरफ से मिली जानकारी अनुसार लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल की कुछ कक्षाओं में गत सोमवार की रात कीटनाशक दवा के छिड़काव कर उन्हें बंद कर दिया गया। मंगलवार को जब बच्चे स्कूल पहुंचे तो कक्षाओं को खोला गया। कक्षा में कीटनाशक दवा की बदबू फैली हुई थी। इसके बावजूद बच्चों को कक्षाओं में बैठा दिया गया। जिससे अलग-अलग कक्षाओं के करीब 34 बच्चे कीटनाशक दवा की प्रभाव में आए और उनकी तबियत बिगड़ गई।

## शिवालिक स्कूल में हुई प्रतियोगिताओं में छात्रों ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः शिवालिक पब्लिक** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता हुई।

जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़ भाग लिया। इस प्रतियोगिता के लिए बच्चों के जोश को देखने से बनता था। प्रतियोगिता का आयोजन दो श्रेणियों में किया गया। प्राइमरी विंग में प्रथम स्थान अंशी खत्री, द्वितीय स्थान जानवी व तीर्थ तीसरा सस्थान बैंशी शमी को मिला और हाई विंग में प्रथम स्थान वंशीता, द्वितीय स्थान याचना व तीसरा स्थान शिया रोहिल्ला को मिला है।



सभी स्टाफ सदस्य व प्रिसिपल उमेश पहल ने बच्चों के सुनहरे भविष्य की कामना की। उमेश पहल ने कहा कि स्कूल में समय-समय पर छात्रों में छुपी प्रतिभा को निकालने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाता है।

## तीन वाहन चोर काबू, ई-रिक्शा व मोटरसाइकिलें बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला पुलिस** की एंटी आटो थेफ्ट टीम द्वारा वाहन चोरी के आरोप में तीन आरोपियों को काबू किया गया है। आरोपियों के कब्जे से ई-रिक्शा और मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर छापामारी करके आरोपी अशोक उर्फ मौजी पुत्र जीमूदीन वासी माजरा रोडान, जिला करनाल को काछवा रोड करनाल पर भाखडा नहर की पटरी से गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ के आधार पर दो मोटरसाइकिलें व एक ई-रिक्शा बरामद की गई। आरोपी द्वारा इनमें से ई-रिक्शा जिला पानीपत व एक मोटरसाइकिल थाना सिविल लाईन



क्षेत्र से और एक मोटरसाइकिल थाना सैक्टर 32-33 करनाल के क्षेत्र से चोरी की गई थी। वहीं पुलिस की एक अन्य टीम द्वारा बजीदा रोड़ करनाल पर नई सब्जीमंडी के पास नाकाबंदी के दौरान दो आरोपियों राहुल उर्फ मोटा पुत्र विजय आनंद वासी जाटल रोड पानीपत और हरिओम पुत्र राजेन्द्र वासी पानीपत को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों के कब्जे से दो

**काबू किया**

**जिला पुलिस की एंटी आटो थेफ्ट टीम द्वारा वाहन चोरी के आरोप में तीन आरोपियों को काबू किया गया है**

मोटरसाइकिल व दो ई-रिक्शा बरामद की गई। आरोपियों द्वारा इनमें से एक मोटरसाइकिल थाना घरौंडा क्षेत्र से, एक मोटरसाइकिल थाना इन्द्री क्षेत्र से व दो मोटरसाइकिल थाना सिविल क्षेत्र से चोरी की गई थी। पुलिस के अनुसार आरोपियों द्वारा अलग-अलग थाना क्षेत्र से वाहन चोरी किए गए थे, जिनके संबंध में पहले से ही शिकायतकताओं की शिकायत पर संबंधित थानों में मामले दर्ज हैं। इनमें से एक मोटरसाईकिल जिला पानीपत क्षेत्र से चोरी की गई थी, जिसके संबंध में पानीपत पुलिस को सूचना दे दी गई है। उन्होंने बताया आरोपी अशोक उर्फ मौजी के खिलाफ पहले भी चोरी के करीब 18 से 20 मामले दर्ज हैं, जिनमें वाहन चोरी और ट्रांसफार्मर चोरी की वारदातें शामिल हैं। आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अन्य दोनों आरोपियों में भी आरोपी राहुल पहले आपसी विवाद के मामले में जेल जा चुका है। दोनों आरोपियों को कल अदालत में पेश किया जाएगा।

## नायब सैनी हैं बाहरी, उनका करनाल से कोई ताल्लुक नहीं : कुलदीप

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पूर्व विधानसभा** स्पीकर एवं कांग्रेस नेता कुलदीप शर्मा ने भाजपा के रोड शो पर चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा आर्थिक रूप से भी स्ट्रोंग है, किसी तरह की कोई तंगी नहीं है और उनकी जितनी वोटें थी, उन्हीं वोटों को लेकर वे कल करनाल में रोड शो निकाल रहे थे और इन वोटों से बाहर उनके पास कुछ भी नहीं है। जहां तक नायब सैनी का सवाल है, वे बाहरी हैं और उनका करनाल से कोई ताल्लुक नहीं है। कुलदीप शर्मा ने करनाल के सेक्टर-12 स्थित जाट भवन में कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की। मीटिंग के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि मनोहर लाल यहां से साढ़े 9 साल तक सीएम रहे हैं। नायब सिंह सैनी अब चीफ मिनिस्टर बने हैं, क्या वे करनाल के पांच मोहल्लों का नाम बता सकते हैं। मनोहर लाल को करनाल की जनता ने इतना मान सम्मान दिया और विश्वास जताया था कि उनके लिए कुछ करेंगे, लेकिन क्या हुआ सबके सामने है। उन्होंने कहा कि अटल पार्क के ही हालात देख लो सात करोड़ खर्च किया है, यहां पर फव्वारे लगाए गए हैं, जो एक दिन भी नहीं चले, सडकें टूटी पड़ी हैं। लोग चाहते थे कि जिस तरह से दूसरे चीफ मिनिस्टरों ने अपने एरिया का विकास किया, वैसे ही करनाल का भी होगा, लेकिन ऐसा



नहीं हुआ। वर्ष 2019 में कुलदीप शर्मा ने संजय भाटिया के सामने चुनाव लड़ा था और साढ़े छह लाख वोटों से संजय भाटिया जीत गए थे। अब भाजपा उससे भी ज्यादा मार्जिन से जीतने का दावा कर रही है, जब यह सवाल कुलदीप शर्मा से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि भाजपा के अपने ही आंकडे होते हैं, लेकिन जनता से भी तो पूछिए कि वे कितने से भाजपा को जिताना चाहते हैं और इवीएम का भी तो कमाल ही है। 2014 और 2019 के सांसदों की एंटी इंकम्बेंसी और साढ़े नौ साल की सीएम की एंटी इंकम्बेंसी को मिलाकर मनोहर लाल चुनावी मैदान में उतरे हैं। बात की जाए संसाधनों की तो बीजेपी के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है, क्योंकि भाजपा 10 साल से देश व प्रदेश को लूट रही है। पूर्व सीएम मनोहर लाल ने कांग्रेस उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा को भगौड़ा बताया है? इस पर शर्मा ने कहा कि एक पूर्व मुख्यमंत्री की ऐसी भाषा नहीं होनी चाहिए। वे नरेंद्र मोदी की तरह ही भाषाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्हें अपने विरोधियों का सम्मान करना चाहिए। पंडित जवाहर लाल नेहरू 10 साल जेल में रहे, महात्मा गांधी जेल में रहे, सरदार पटेल जेल में रहे, वे देश के लिए लड़े थे, बुद्धिराजा के ऊपर जो मुकदमे हैं वे सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के हैं, वह कोई अपराधी नहीं है। कुलदीप शर्मा ने कहा कि दिव्यांशु को भगौडा कहने की अपेक्षा यह सोचें कि आपको बीच में ही क्यों मुख्यमंत्री पद से हटा दिया गया, क्यों यहां से आपको भगाया जा रहा है। एंटी इंकम्बेंसी को देखते हुए आपको तिलांजलि दे दी। कौन भगौड़ा है कौन नहीं, वह जनता देखेगी।

## बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में विश्व एथलेटिक्स दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः बाल भवन इंटरनेशनल** स्कूल के प्रांगण में विश्व एथलेटिक्स दिवस मनाया गया । स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया । मंच का संचालन कक्षा नवमी की छात्रा साँची और कक्षा ग्यारह्वी के छात्र यश ने किया । स्कूल में अनेक तरह की रेस कराई गई । इस रेस में कक्षा बाल वाटिका से लेकर बारहवीं तक के छात्रों ने भाग लिया। इस दिवस पर छात्रावास के छात्रों ने योगा ड्रिल प्रस्तुत की तथा हुप्स का प्रयोग करते हुए शानदार नृत्य प्रस्तुत किया । स्कूल के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने




कक्षा पाँचवी की छात्रा भाविका को इस दिवस पर भारतीय तायक्वोंडो टीम में चयनित होने की बधाई दी और अंत में भाषण में माध्यम से सभी बच्चो बताया कि खेल हमारे जीवन के लिए बहुत जरुरी हैं । इससे हम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं।

# केजरीवाल की 20 तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

## केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और वह न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में बंद हैं

**झटका**

**सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से उसकी जांच में देरी पर सवाल उठाया और मामले की फाइलें पेश करने को कहा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें खत्म होती नहीं दिख रही हैं। ताजा मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को शराब नीति से जुड़े ईडी मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी है।

**21 मार्च को हुई थी गिरफ्तारी:** मालूम हो कि अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वह न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में बंद हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल को ईडी को नोटिस जारी किया था और केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका पर उससे (ईडी) जवाब मांगा था। इससे पहले 9 अप्रैल को, दिल्ली हाई कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखते हुए कहा था कि इसमें कुछ अवैध नहीं था और बार-बार समन जारी करने और



जांच में शामिल होने से इनकार करने के बाद ईडी के पास यही विकल्प बचा था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से उसकी जांच में देरी पर सवाल उठाया और एजेंसी से आप नेता की गिरफ्तारी से पहले मामले की फाइलें पेश करने को कहा। पीठ ने ईडी से दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, जो इस मामले में आरोपी हैं, उनकी गिरफ्तारी से पहले और बाद की केस फाइलें पेश करने को कहा है।

## मनीष सिसोदिया की एक सप्ताह और बढ़ाई न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली:** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के सीबीआई के मामले में मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत को राउज एवेन्यू कोर्ट ने 15 मई तक बढ़ा दिया है। अदालत ने मामले में आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने को लेकर आगे की बहस के लिए 15 मई की तारीख तय की है। इससे पहले 2 मई को मनीष सिसोदिया ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा जांच की जा रही उत्पाद नीति मामले में उन्हें जमानत



देने से इनकार करने वाले ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया था। सिसोदिया को 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया गया था। तब से आप नेता न्यायिक हिरासत में हैं। अधिवक्ता रजत भारद्वाज और मोहम्मद इरशाद ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया और मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया।

30 अप्रैल को राउज एवेन्यू कोर्ट ने मामले में दूसरी बार सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि यह अदालत इस स्तर पर आवेदक को नियमित या अंतरिम जमानत देने के इच्छुक नहीं है।

## क्या है आबकारी नीति घोटाला?

**दिल्ली** सरकार ने 17 नवंबर 2021 को नई आबकारी नीति लागू करके सरकार के राजस्व में इजाफा होने का दावा किया था। इसके बाद जुलाई 2022 में दिल्ली के तत्कालीन मुख्य सचिव ने आबकारी नीति में अनियमितता होने के संबंध में एक रिपोर्ट उपराज्यपाल वीके सक्सेना को सौंपी थी। इसमें नीति में गड़बड़ी होने के साथ ही उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर शराब कारोबारियों को अनुचित लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया गया था। इस रिपोर्ट के आधार पर उपराज्यपाल ने नई आबकारी नीति (2021-22) के क्रियान्वयन में नियमों के उल्लंघन और प्रक्रियात्मक खामियों का हवाला देकर 22 जुलाई 2022 को सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। इस पर सीबीआई ने प्राथमिकी की थी और इस प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने मनी लान्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था। सीबीआई और ईडी का आरोप है कि आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितता की गई थी और लाइसेंसधारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया था। इसमें लाइसेंस शुल्क माफ या कम किया गया था। इस नीति से सरकारी खजाने को 144.36 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। मामले में जांच की सिफारिश करने के बाद 30 जुलाई 2022 को दिल्ली सरकार ने नई आबकारी नीति को वापस लेते हुए पुरानी व्यवस्था बहाल कर दी थी।

# दिल्ली के निर्वाचन आयोग ने चुनाव की तैयारियां पूरी की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली में लोक**सभा चुनाव छठे चरण में 25 मई को होने हैं। दिल्ली के निर्वाचन आयोग ने चुनावों की तैयारी कर ली है। मंगलवार को दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पी कृष्णमूर्ति ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर 265 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। नामांकन पत्रों की जांच की जा रही है। मतदाताओं की सूची तैयार हो चुकी है। दिल्ली में कुल मतदाता 1,52,01,936 हैं, जो पिछले चुनाव से 8.55 लाख ज्यादा हैं। मतदाताओं का लिंगानुपात 818 से बढ़कर 851 हो गया। 18 से 19 वर्ष के नए मतदाता 2,52,038 हो गए हैं।

दिल्ली में कुल मतदान केंद्र 13,637 हैं। 4 अतिरिक्त पोलिंग




स्टेशन बनाए जाएंगे। जिन मतदान केंद्रों पर 1800 से अधिक मतदाता हैं, वहां अतिरिक्त मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। 50 मतदान केंद्रों का वेबकास्ट होगा। वोटिंग के दिन मतदान केंद्रों पर सीआरपीएफ की 46 कंपनियां तैनात रहेंगी। संवेदनशील मतदान केंद्र 2800 हैं। इन सभी संवेदनशील मतदान केंद्रों की वेब-कास्टिंग होगी। ईवीएम-एक बैलेट यूनिट में 16 उम्मीदरों को शामिल किया जा सकता है। वीवीपैट सभी मतदान केंद्रों पर इस्तेमाल होगा।

पिंक बूथ- 70

मॉडल मतदान केंद्र - 70

**पीडब्ल्यूडी मतदाता द्वारा संचालित मतदाता केंद्र होंगे- 7**

संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में बनी कमेटी ने आम आदमी पार्टी के थीम सांग में कुछ आपत्तियां उठाई थी।

## दिल्ली में धड़ाधड़ कट रहे चालान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में गलत दिशा में वाहन चलाने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। दिल्ली यातायात पुलिस की ओर से गलत दिशा में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध एक जनवरी से 30 अप्रैल तक चलाए गए अभियान में 30,062 वाहन चालकों के चालान काटे गए हैं। पिछले वर्ष इसी अवधि में 18,047 वाहन चालकों के गलत दिशा में वाहन चलाने पर चालान किए गए थे।

## हिस्ट्रीशीट पुलिस का आंतरिक दस्तावेज: दिल्ली हाईकोर्ट




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को सुप्रीम कोर्ट ने राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हिस्ट्रीशीट पुलिस का आंतरिक दस्तावेज है और इसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े लोगों को खिलाफ दर्ज हिस्ट्रीशीट में छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।

**क्या है मामला:** दिल्ली की ओखला विधानसभा सीट से आप विधायक अमानतुल्लाह खान के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने विभिन्न मामलों में 18 मुकदमे दर्ज किए थे। पुलिस ने इन मामलों में जो हिस्ट्रीशीट तैयार की थी, जिसमें अमानतुल्लाह खान को बुरे चरित्र वाला बताया गया था। दिल्ली

**आदेश**

**हिस्ट्रीशीट पुलिस का आंतरिक दस्तावेज है और इसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता: सुप्रीम कोर्ट**

पुलिस के इस फैसले के खिलाफ अमानतुल्लाह खान ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। उसी याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हिस्ट्रीशीट को पुलिस का आंतरिक दस्तावेज बताया। अमानतुल्लाह खान के वकील ने कहा कि अधिकारियों ने दुर्भावनापूर्ण तरीके से काम किया। अमानतुल्लाह खान ने अपनी याचिका में सवाल उठाया कि दिल्ली पुलिस ने हिस्ट्रीशीट में उनके नाबालिग बेटों और पत्नी के नाम भी सार्वजनिक किए हैं।

# 'कभी नहीं सोचा था एक दिन भगवान मेरे सामने...'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: एक निजी भूमि** पर बने मंदिर के विवाद और उसमें पूजा करने के अधिकार का दावा करने से संबंधित अपील याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश ने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन भगवान ही मेरे सामने वादी होंगे। अपील याचिका में भगवान हनुमान को पक्षकार बनाने पर अदालत ने अपीलकर्ता पर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाते हुए उक्त टिप्पणी की।

**भूखंड को बताया भगवान हनुमान:** अपीलकर्ता अंकित मिश्रा ने किसी अन्य पक्ष को भूमि के हस्तांतरण के संबंध में आपत्ति याचिका को खारिज करने वाले

**टिप्पणी**

**दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश ने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन भगवान ही मेरे सामने वादी होंगे**

निचली अदालत के आदेश के अपीलकर्ता ने याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया था कि अपीलकर्ता के पास मुकदमे की संपत्ति में कोई अधिकार, टाइटल या हित नहीं था। इसमें दावा किया गया था कि संपत्ति पर एक सार्वजनिक मंदिर था, इसलिए भूखंड भगवान हनुमान है।

# एलजी मूल काम छोड़ कर रहे सबकुछ: भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) ने एलजी वीके सक्सेना के खिलाफ जमकर हमला बोला है। पार्टी का कहना है कि उनके पास मुख्यतया दो ही जिम्मेदारी हैं- पुलिस और डीडीए, लेकिन वह इन दोनों ही जिम्मेदारियों को निभाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। यह बात अलग है कि उन्हें निर्वाचित सरकार के कामकाज में अड़ंगे लगाना खूब आता है।

**दिल्ली की कानून व्यवस्था बुरी तरह से ध्वस्त:** कुछ ही देर पहले पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान वरिष्ठ नेता और सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से दिल्ली की कानून व्यवस्था



बुरी तरह से ध्वस्त हो गई है। आलम यह है कि देश में सबसे ज्यादा अपराध दर यहीं पर है। देश में जहां यह आंकड़ा प्रति एक लाख पर 258 है। वहीं दिल्ली में सात गुना ज्यादा 1832 है। इनमें 1179 मामले आपराधिक हैं। देश के कुल महिला अपराध का भी 30 प्रतिशत दिल्ली में ही है। इस पर भी हैरानी यह कि दिल्ली पुलिस के रिक्तियां 5.5 हजार से बढ़कर 13 हजार से ज्यादा हो गई हैं और पुलिस का बजट भी साढ़े चार प्रतिशत घटा दिया गया है। लेकिन एलजी साहब को सुध ही नहीं है। आप ने कहा कि भाजपा के ही जिस व्यक्ति की शिकायत पर एलजी ने सीएम के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की है, वह मामला भी

**घेरा**

**उनके पास दो ही जिम्मेदारी हैं- पुलिस और डीडीए, लेकिन दोनों ही जिम्मेदारियों को निभाने में नाकाम साबित हो रहे हैं**

पुराना और फर्जी है। पन्नू भी भाजपा का गवाह बन गया है। एलजी निर्वाचित सरकार पर अंगुली उठाने, मंत्रियों को चिठी लिख लिखकर ज्ञान देने और भाजपा के साथ मिलकर सीएम के खिलाफ साजिश करने की जगह अगर अपने मूल काम पर ध्यान दें तो शायद दिल्ली के लिए अच्छा होगा।

## दिल्ली पुलिस ने लॉन्च किया वॉट्सऐप चैनल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को आम लोगों के लिए एक वॉट्सऐप चैनल लॉन्च किया। इसके जरिए लोग घटनाओं, सलाह और सुरक्षा युक्तियों पर वास्तविक समय अपडेट प्राप्त कर सकेंगे। पुलिस ने कहा कि यह नई पहल लोगों के साथ उनकी साझेदारी को और मजबूत करेगी। दिल्ली पुलिस ने कहा कि हमारा मानना है कि इससे आम लोगों के साथ हमारा जुड़ाव बढ़ेगा और समय पर और कुशल तरीके से महत्वपूर्ण जानकारी साझा करने की हमारी क्षमता में सुधार होगा। वॉट्सऐप चैनल पुलिस विभाग और जनता के बीच संचार की एक सीधी रेखा प्रदान करेगा, जिससे वास्तविक समय पर घटनाओं, सलाह और सुरक्षा युक्तियों का अपडेट की अनुमति मिलेगी।

# नाबालिगों को 'गुड टच' और 'बैड टच' सिखाना पर्याप्त नहीं: हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि आज के डिजिटल दौर में नाबालिगों को 'वर्चुअल टच' के बारे में भी जागरूक किया जाना चाहिए। उन्हें सिर्फ 'गुड टच' और 'बैड टच' के बारे में पढ़ाना पर्याप्त नहीं है। इसमें वर्चुअल टच को लेकर उन्हें उचित ऑनलाइन व्यवहार सिखाना, हिंसक व्यवहार के चेतावनी संकेतों को पहचानना और गोपनीयता सेटिंग्स और ऑनलाइन सीमाओं के महत्व को समझना शामिल है। दिल्ली हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी एक महिला (कमलेश देवी) की जमानत याचिका को खारिज करते हुए की। महिला पर एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने और उसे देह




व्यापार में धकेलने के बाद उसके यौन उत्पीड़न में अपने बेटे की मदद करने का आरोप है। कोर्ट ने कहा कि नाबालिगों को डिजिटल दुनिया में कैसा व्यवहार करना चाहिए, इसे लेकर माता-पिता और शिक्षक उन्हें जागरूक करें। साथ ही स्कूलों और कॉलेजों, दिल्ली राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण और दिल्ली न्यायिक अकादमी जैसे संस्थानों को इस मामले पर कार्यक्रम, कार्यशालाएं और सम्मेलन आयोजित करने के लिए मैसेज भेजना भी समय की मांग है।

**क्या है मामला?**

एक 16 वर्षीय लड़की का कथित तौर पर राजीव ने अपहरण कर लिया था, जिसने सोशल मीडिया पर उससे दोस्ती की और जब वह उससे मिलने आई तो उसने उसका अपहरण कर लिया। इसके बाद लड़की को मध्य प्रदेश ले जाया गया और कई दिनों तक वहीं रखा गया।

कथित तौर पर आरोपी और अन्य लोगों द्वारा उसका यौन उत्पीड़न किया गया। कोर्ट ने कहा कि नाबालिगों को डिजिटल दुनिया में कैसा व्यवहार करना चाहिए, इसे लेकर माता-पिता और शिक्षक उन्हें जागरूक करें।

# दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में धमकी भरे ई-मेल को लेकर सख्त हुआ केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने पिछले सप्ताह राष्ट्रीय राजधानी के कुछ स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल भेजने जाने के मद्देनजर स्थिति की समीक्षा की और स्कूलों में सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे और ई-मेल की नियमित निगरानी बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया। भल्ला ने दिल्ली पुलिस और स्कूलों से एक प्रभावी प्रतिक्रिया तंत्र के लिए नजदीकी समन्वय रखने को भी कहा ताकि झूठी सूचना से अनावश्यक दहशत न फैले। गृह मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा, "गृह सचिव ने पिछले सप्ताह दिल्ली के कुछ स्कूलों को मिले ई-मेल के मद्देनजर स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने भविष्य में ऐसी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए विस्तृत प्रोटोकॉल और एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) तैयार



करने की जरूरत पर बल दिया।"

**सीसीटीवी-ईमेल की नियमित निगरानी बढ़ाने की जरूरत:** प्रवक्ता ने कहा, "गृह सचिव ने स्कूलों में सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे और ईमेल की नियमित निगरानी बढ़ाने की जरूरत पर भी जोर दिया।" बैठक में दिल्ली के मुख्य सचिव और दिल्ली के पुलिस आयुक्त शामिल हुए।

**दिल्ली-एनसीआर के 200 स्कूलों को मिली थी धमकी:** दिल्ली-एनसीआर के 200 से अधिक स्कूलों को एक मई एक जैसे धमकी भरे ई-मेल मिले जिनमें दावा किया गया था कि उनके परिसर में विस्फोटक लगाए गए थे।

इसके बाद बड़े पैमाने पर निकासी और तलाशी अभियान चलाया गया

**एसओपी**

**स्कूलों में सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे और ई-मेल की नियमित निगरानी बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया**

और घबराए हुए माता-पिता अपने बच्चों को लेने के लिए स्कूल पहुंचने लगे थे।

**तलाशी के दौरान कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला:** हालांकि तलाशी के दौरान कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला।

गुजरात के अहमदाबाद में भी करीब डेढ़ दर्जन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला ई-मेल मिला, लेकिन पुलिस ने सभी विद्यालयों की तलाशी के बाद इसे फर्जी करार दिया



# कमल का बटन दबाना है, भाजपा को जितवाना है : सुमन सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि देश में तीसरी बार लगातार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि आप स्वयं नायब सिंह सैनी और मनोहर लाल बनकर घर-घर जाकर वोट देने की अपील करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से सबको राम.राम कहें। अबकी बार 400 पार के नारे को सफल बनाना है। सुमन सैनी मंगलवार को करनाल में नमस्ते चौक के पास श्याम नगर में




सुनीता माटा, असंल एपीआई में आशीष मित्तल व पाल्म एंकलेव में ऋषिपाल सैनी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंची। साथ में पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहीं। कार्यक्रमों में सुमन सैनी का फूल मालाएं डालकर जोरदार स्वागत किया गया। सुमन सैनी ने कहा कि सभी यह याद रखें कि 25 मई को सुबह उठकर सबसे पहले मतदान करने जाना है, कमल का बटन दबाना और भाजपा को जितवाना है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश से गरीबी हटाने का काम किया है। गरीब परिवारों के लिए आयुषमान कार्ड सबसे बड़ा तोहफा है। नरेंद्र मोदी ने धारा 370 हटाने जैसे साहसिक फैसले लिए और श्री राम मंदिर का निर्माण करवाकर ऐतिहासिक काम किया।

पीएम मोदी ने देश की जनता से किए सभी वादे पूरे किए हैं और भविष्य के लिए मोदी जी गारंटी दे रहे हैं। सुमन सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नामांकन पत्र कार्यक्रम के दौरान निकाली विजय यात्रा में उमड़े जनसैलाब का आभार व्यक्त किया और सभी से आान किया कि इस जोश को बरकरार रखें। पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला शक्ति का सम्मान बढ़ाया है। देश से गरीबी को हटाने का काम किया है। देश हित में मोदी ने जो काम कर दिए हैं, वह कोई और नहीं कर सकता था। होटल लीला ग्रैंड में रोहिणी वैद की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मीना कांबोज, मेघा भंडारी, रजनी परोचा, मीनाक्षी, साहिल मदान, राघव वर्मा, प्रियंका कठपाल, ईलम सिंह, अलका व ईलम सिंह आदि मौजूद रहे।

# 'आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें राजनैतिक पार्टियां व उम्मीदवार'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उपचुनाव के दौरान सभी राजनीतिक पार्टियां एवं उम्मीदवार आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। जिला प्रशासन का संकल्प है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव को संपन्न करवाया जाए।



उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान राजनैतिक पार्टियां व उनके प्रत्याशी यह ध्यान रखें कि चुनाव प्रचार में जाति, धर्म या समाज को बांटने का काम ना किया जाए। धार्मिक गतिविधियों का सहारा लेकर कोई भी प्रत्याशी अपना प्रचार न करें। चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए कहीं भी किसी प्रकार के उपहार, नकदी या नशीले पदार्थों का प्रयोग ना किया जाए। उन्होंने कहा कि वोट लेने के लिए किसी भी मतदाता को डराया या धमकाया ना जाए। किसी निजी भवन की दीवारों पर मकान मालिक की अनुमति के बिना झंडे, पंफलेट, पोस्टर आदि ना चिपकाए जाएं। इसमें संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही हो सकती है। दीवारों पर वॉल पेंटिंग का कार्य एआरओ या एसडीएम की बिना अनुमति के नहीं किया जाना चाहिए। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित किए गए स्थानों पर ही होर्डिंग, बैनर, पोस्टर लगाए जाने चाहिए और प्रशासन की ओर से चिन्हित स्थानों पर ही वॉल पेंटिंग की जा सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा २२कि निर्वाचन विभाग ने चुनाव खर्च का ब्यौरा रखने के लिए सभी सेवाओं और सामग्री के रेट तय किए हुए हैं। प्रशासन की सर्विलांस टीमें चुनाव प्रचार की गतिविधियों पर पूरी निगरानी रखेंगी और बड़ी जनसभा व चुनाव कार्यालयों की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी करवाई जाएगी। इसलिए प्रत्याशी अपने चुनाव खर्च का विवरण समय पर चुनाव कार्यालय में जमा करवाएं।

## न्यूज फ्लैश

### केश किंग ने पलक तिवारी और शिल्पा शेट्टी के साथ अभियान शुरू किया

**नई दिल्ली।** केश किंग एंटी-हेयरफॉल शैम्पू ने अपने नए विज्ञापन में युवा जोश से भरपूर और मनोरंजन की दुनिया के उभरते हुए सितारे पलक तिवारी एवं सदाबहार खूबसूरती की मलिका शिल्पा शेट्टी को एक साथ पेश किया है। सन 2019 से ही शिल्पा शेट्टी ब्राण्ड की पहचान रही हैं और केश किंग आयुर्वेद ऑइल - भारत का नं. 1 हेयरफॉल एक्सपर्ट को एन्डोर्स करते रही हैं। राजू हिरानी फिल्म्स द्वारा तैयार इस नए केश किंग एंटी-हेयरफॉल शैम्पू कमर्शियल में दो अदाकारा बहुत ही रोचक बातचीत करती हुई नजर आएंगी और उड़ें जब जब जुल्फें तेरी जैसे पुराने जमाने के गीत ने तो इसे और भी खास बनाया है । यह कमर्शियल मई महीने से प्रसारित किया जाएगा। इस नए कमर्शियल के बारे में कहते हुए श्रीमती प्रीति सुरेका, डाइरेक्टर, ईमामी लिमिटेड ने कहा, केश किंग बालों और स्कैल्प का ख्याल रखने वाला एक ब्राण्ड है और इसका आधार आयुर्वेद है। कई सालों से इस ब्राण्ड ने अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा किया है। शिल्पा शेट्टी इसकी ब्राण्ड अम्बैसेडर हैं। शिल्पा हमेशा से ही योग के माध्यम से एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह देती आ रही हैं और इसलिए ब्राण्ड के प्राकृतिक समाधान प्रदान करने की प्रतिबद्धता के लिए वह बिल्कुल उपयुक्त हैं। रोजाना गिरते बालों से परेशान आज की पीढ़ी को एक बेहतर समाधान प्रदान करने के लिए बहुत ही टैलेंटेड पलक तिवारी को भी हमारे साथ शामिल किया गया है। बॉलीवुड की एक उभरती हुई कलाकार के रूप में पलक तिवारी और शिल्पा की सदाबहार खूबसूरती लोगों में एक नया जोश जगाएगी एवं एकदम नए अंदाज में ब्राण्ड की बातों को उन तक पहुँचाएगी पलक तिवारी, केश किंग ब्राण्ड के साथ अपना सफर शुरू करने वाली सबसे नई सदस्य ने कहा, भारत की महान आयुर्वेद की परम्परा एक सेहतमंद जीवन के लिए सम्पूर्ण समाधान प्रदान करती है।



### स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉफी (एसएमए) से पीड़ित मरीजों और उनके परिवारों का समग्र देखभाल के माध्यम से मल्टीडिस्कप्लिनरी केयर

**नई दिल्ली।** स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉफी (एसएमए) एक है रेयर डिसीसेस जो रीढ़ की हड्डी में मोटर न्यूरॉन्स को प्रभावित करता है। यह एक आनुवांशिक विकार है और सारी दुनिया में शिशुओं की मृत्यु के लिए सबसे प्रमुख कारणों में से एक है। इस रोग के परिणामस्वरूप मांसपेशियाँ धीरे धारे कमजोर होती जाती हैं और आगे चलकर मरीज का हिलना-डुलना और गतिविधियाँ पूरी तरह बंद हो जाती हैं। एसएमए एक ऐसी बीमारी है जो गंभीर चुनौतियाँ पेश करती है, चाहे वह शारीरिक, भावनात्मक, सामाजिक या वित्तीय हो । समय से इसका निदान और हस्तक्षेप न किया जाए तो ज्यादातर मरीज दो साल से अधिक जीवित नहीं रह पाते हैं। और जिन मामलों में वे जीवित रहते हैं, उनके जीवन की गुणवत्ता बुरी तरह प्रभावित हो जाती है। विशिष्ट प्रकार के आधार पर एसएमए की तीव्रता अलग अलग हो सकती है। इसमें से टाइप 1 प्रकार इस रोग का सबसे खतरनाक रूप है,इसके सामान्य लक्षण है श्वसन संबंधी बीमारियाँ जैसे श्वसनतंत्र से जुड़ी मांसपेशियाँ में कमजोरी और साँस लेने में कठिनाई। निगलने में भी दिक्कतें आ सकती हैं जिस वजह से भोजन कराना जटिल हो जाता है। टाइप 1 एसएमए से पीड़ित मरीजों में विशेष रूप से स्कोलियोसिस यानी रीढ़ का एक ओर का टेढापन पाया जाता है। डॉ. शेफाली गुलाटी, प्रमुख, चाइल्ड न्यूरोलॉजी डिवीजन, बाल रोग विभाग, एम्स ह्लएसएमए में बहुविषयक दृष्टिकोण स्वास्थ्य सेवा में सहयोग की परिवर्तनकारी शक्ति को दशार्ता है । यह एक ऐसा रास्ता है जिसमें डॉक्टरों, थेरेपिस्ट, श्वसन तंत्र संबंधी विशेषज्ञों, आहार विशेषज्ञों, मनोवैज्ञानियों और सामाजिक कार्यकताओं की विशेषज्ञताओं का बाधारहित तरीके से एकत्रिकरण करके महज चिकित्सा प्रबंधन से भी आगे पहुँचा जा सकता है। वेंटिलेशन और फेफड़ों से संबंधित देखभाल में रेस्पिरेटरी थेरेपिस्ट एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और श्वसन-तंत्र संबंधी कार्य का अधिकतम स्तर सुनिश्चित करते हैं। इसके अलावा आहार विशेषज्ञ खान-पान संबंधी परेशानियों के लिए पोषण संबंधी सहायता प्रदान कर विकास को बढ़ावा देते हैं। एसएमए के मनोवैज्ञानिक प्रभाव का सामना कर रहे मरीजों और उनके परिवारों के लिए मनोवैज्ञानी एक बहुमूल्य भावनात्मक सहायता और इनसे निपटने की रणनीतियाँ पेश करते हैं। वहीं दूसरी ओर सामाजिक कार्यकर्ता स्वास्थ्य देखभाल तंत्र के बीच राह बनाने और संसाधनों तक पहुँचने में सहायता करते हैं। इन वैविध्यपूर्ण दृष्टिकोणों का एकत्रिकरण करके सहयोगात्मक देखभाल न केवल एसएमए की चिकित्सा पहलुओं पर ध्यान देती है बल्कि इसके साथ ही मरीजों और उनके परिवारों द्वारा सामना किए जा रहे मानसिक-सामाजिक और लॉजिस्टिक चुनौतियों से निपटने में मदद करती है।

# 'भाजपा राज में अनुसूचित जाति के हित सुरक्षित'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भाजपा** अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता मंगलवार को कर्ण कमल कार्यालय में पहुंचे। यहां अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अमरनाथ सौदा व अन्य नेताओं ने विधायक सत्यप्रकाश जरावता का स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व व शासनकाल में ही अनुसूचित जाति के हित सुरक्षित है। केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण व उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चलाईं हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल



लोकसभा से उम्मीदवार मनोहर लाल तथा मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा से उम्मीदवार नायब सिंह सैनी के लिए वोटों की अपील करते हुए जनता, खासकर अनुसूचित जाति समाज के लोगों से अपील की कि केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने कहा कि पूर्व की यूपीए व कांग्रेस की सरकारें केवल वोट बैंक के लिए अनुसूचित जाति वर्ग का इस्तेमाल करती थी। अनुसूचित जाति वर्ग को उसका वास्तविक हक केवल भाजपा ने ही दिया है, जिससे इस वर्ग का सामाजिक व राजनीतिक उत्थान हुआ है। उन्होंने कहा कि लगभग 10 वर्ष के शासनकाल में केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं, जिनका सीधा फायदा इस वर्ग को मिल रहा है। अमरनाथ सौदा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के शासन में हरियाणा एससी कमीशन व सफाई कर्मचारी आयोग का गठन किया गया। दलित समाज को न्याय देने का काम मनोहर लाल के शासन में हुआ।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस आरक्षण खत्म करने को लेकर दुष्प्रचार कर रही है। कांग्रेस हमेशा से एससी समाज के खिलाफ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संविधान के मूलभूत आधार में कभी बदलाव नहीं किया। जनहित में संविधान में संशोधन किए हैं।

# आर्षिक जिलास्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत क्लब में** चल रही 13 वीं आर्षिक जिलास्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंतिम दिन फाइनल मुकाबले खेले गये अंतिम दिन डिप्टी कमिश्नर



वीरेंद्र कुमार दाहिया और मुख्य अतिथि एस एस दत्त ने बच्चों को आशीर्वाद दिया ओर शुभकामनायें दी । विजेता ओर उप विजेता को ट्रॉफी दे कर सम्मानित किया। जो बच्चे आज जीते है वो राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। आज के पुरुष एकल मुकाबलों में दिशान्त एहलावत ने अकूल नांदल को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया वही पुरुष युगल में आदित्य मलिक व कार्तिक मलिक की जोड़ी ने मोहित जगलान व विकास की जोड़ी को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला अंडर 13 में सानवी और 17 में भक्ति प्रथम रहे अंडर 19 में आर्यन रावल ने भविष्य अहलावत को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान जुगल डावर , महासचिव दिनेश संदुजा ,ओ. पी. रानोलीया,सतीश महाजन, मुकेश मदान, सहदेव विज ,सुरेंद्र शर्मा ,अभिषेक वत्स ,विपिन शर्मा ,सुधांशु आदि सदस्य मोजूद थे ।

# विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में साथ देगी जनता : हरविंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल** लोकसभा संयोजक एवं घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता अपना एक.एक वोट राष्ट्रहित के लिए करेगी और देश को आगे बढ़ाने के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार विजयी बनाने का काम करेगी। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस तरह से देश आगे बढ़ा है। आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ होती है और पूरा विश्व आज भारत की बात सुनता है। विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी के नेतृत्व में देश ने तरक्की की है उसी तरह मनोहर लाल ने भी प्रदेश की जनता के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं जिनका पूरे प्रदेश को लाभ मिला है।

# 915 ग्राम गांजा सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम सोमवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गोहाना रोड बिंझौल मोड़ पर मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली की बिंझौल गांव निवासी कृष्ण पुत्र दरिया सिंह मादक पदार्थ बेचने का अवैध धंधा करता है। कृष्ण गोहाना रोड पर आरडी फाइबर फैक्टरी के पास प्लास्टिक की थेली में मादक पदार्थ लेकर बेचने के लिए खड़ा है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान कृष्ण पुत्र दरिया सिंह निवासी बिंझौल के रूप में बताई। पुलिस टीम ने



नियमानुसार ड्यूटी मेजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार पानीपत अस्तित्व पाराशर की मौजूदगी में युवक की प्लास्टिक थेली की तलाशी ली तो गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजा का वजन करने पर 915 ग्राम पाया गया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह गांजा बेचकर शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाना चाहत था। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना माडल टाउन में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसकी बेल हो गई।

**काबू किया**

▶▶ टीम को गुप्त सूचना मिली की बिंझौल गांव निवासी कृष्ण पुत्र दरिया सिंह मादक पदार्थ बेचने का अवैध धंधा करता है

# बच्चों की सुरक्षा को लेकर आयोग सजग: मीना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा राज्य** बाल संरक्षण आयोग की सदस्य मीना कुमारी द्वारा मंगलवार को जिला के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा आर्य कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाढ़ा का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश, बाल कल्याण समिति करनाल के सदस्य चंद्र प्रकाश व जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी उपस्थित रहे।उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्कूल के अन्दर चाइल्ड हेल्पलाइन, पुलिस हेल्पलाइन, दुर्घटना हैल्प लाईन, बाल कल्याण



समिति व बाल अधिकार संरक्षण आयोग इत्यादि के नम्बर प्रदर्शित करवाने के निर्देश दिए ताकि आवश्यकता होने पर बच्चे सुविधाओं का प्रयोग कर सकें। वाहन पॉलिसी के तहत स्कूल बसों की व सभी दस्तावेजों जैसे ड्राइविंग लाइसेन्स, बसों का फिटनेस सर्टिफिकेट इत्यादि की चेकिंग की गई जो कि सही पाए गए। पूर्ण स्टाफ व ड्राइवरों की पुलिस वेरिफिकेशन करवाने के निर्देश दिए गए।आयोग की सदस्या द्वारा स्कूल प्रशासन को सुझाव दिए गए कि पीटीएम के माध्यम से बच्चों के अभिभावकों को भी बच्चों की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों के बारे जागरूक करें। आयोग द्वारा स्कूल प्रशासन को सख्त निर्देश जारी किये गये कि वे समय-समय पर उच्चतम न्यायालय, बाल संरक्षण आयोग, शिक्षा विभाग इत्यादि द्वारा बच्चों की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए जो भी निर्देश दिये जाते हैं, उनकी पालना करते हुये एक कॉपी बाल कल्याण समिति व स्टेट कमीशन को भेजना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान राजकीय विद्यालय के के इंचार्ज संदीप मेहरा, राजकीय कॉलेज के प्रिंसिपल चमन लाल, आर्य कन्या गुरुकुल के प्रधान सुभाष, अन्य सदस्य सतबीर, कुलबीर, दलबीर इत्यादि उपस्थित रहे ।

# नाबालिग छात्रा लापता, घर से निकली थी कंप्यूटर सेंटर के लिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के** एक गांव की नाबालिग छात्रा सदिग्ध परिस्थितयों में लापता हो गई। छात्रा कंप्यूटर सेंटर पर गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास के एरिया में तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। सिटी थाना पुलिस ने मां की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। नाबालिग की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी करनाल के कर्ण गेट पर कंप्यूटर सेंटर पर कोचिंग लेने के लिए जाती है। 6 मई की सुबह 10 बजे वह घर से करनाल कंप्यूटर सेंटर पर कोचिंग के लिए गई थी। वह दोपहर 12 बजे तक वापस लौट आया करती थी, लेकिन वह नहीं लौटी। जिससे चिंता और भी ज्यादा बढ़ गई। शिकायतकर्ता ने बताया है कि उसकी बेटी 12 बजे छुट्टी के बाद भारत शोरूम कर्ण गेट करनाल पर मेरे पास आई थी और मुझसे रिक्शा के किराये के पैसे लेकर घर जाने की बात कही थी, लेकिन वह घर ही नहीं पहुंची, इस बात का उसे तब पता चला जब वह अपने घर पहुंची। उसने आस पड़ोस में भी अपनी बेटी को ढूंढा, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। उसने बताया कि उसने अपनी रिश्तेदारियों, आसपास के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व अन्य स्थानों पर भी तलाश किया है।

# रोहतक और पानीपत ने जीता नेशनल पाइट क्वेस्ट

**टीम एक्न इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**रोहतक और पानीपत** ने नेशनल पाइट क्वेस्ट जीत लिया है। पॉलेक्टिनक कॉलेजों के बीच हुए इस क्वेस्ट में 14 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि इसरो के नॉर्थ रीजनल रिमोट सेंसिंग सेंटर के डीजीएम डॉ.समीर सरन ने विजेताओं को स्कॉलरशिप एवं पुरस्कार दिए। साथ ही उन्होंने स्पेस इंजीनियरिंग में करिअर बनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ.समीर सरन ने कहा कि पूरी दुनिया में चल रहे प्रत्येक बिजनेस में स्पेस इंजीनियरिंग का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान है। सभी एप और डेवलपमेंट इसी वजह से हो रही है। अब स्पेस सेक्टर में निजी कंपनियां




भी आ रही हैं। भारत में ही स्टार्टअप कंपनियों ने करिअर के बड़े द्वार खोल दिए हैं। इसलिए इस क्षेत्र में करिअर की बेहद संभावनाएं हैं। अलग-अलग सेक्टर में बच्चे अपनी प्रतिभा से उच्च पदों पर पहुंच सकते हैं। दुनिया के विकसित देशों के साथ इस समय भारत का इसरो सबसे आगे खड़ा है। दूसरे देशों के सैटेलाइट भारत लॉन्च कर रहा है। यह सब भारतीयों की प्रतिभा के कारण संभव हो सकता है। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने पाइट क्वेस्ट के बारे में कहा कि इस मंच के माध्यम से प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं स्कॉलरशिप पर सीट हासिल कर सकते हैं। यह एक बड़ा मंच साबित हो रहा है। इस अवसर पर इसरो सेंटर से डॉ.विनोद शर्मा, पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.जेएस सैनी, डीन डॉ.बीबी शर्मा, कन्वीनर अमित दुबे मौजूद रहे।

**ये रहे विजेता**

आयभट्ट टीम से सीएमआरए राजकीय पॉलिटेक्निक रोहतक से मोहित और महर्षि कश्यप राजकीय पॉलिटेक्निक जाटल पानीपत से अंकित प्रथम रहे। दोनों को एक-एक लैपटाप और 2 लाख 95 हजार की स्कॉलरशिप दी गई। न्यूटन टीम से अंबाला के मानव, कैथल के अनिकेत द्वितीय रहे। इन्हें एक-एक स्मार्टफोन और 1 लाख 47 हजार की स्कॉलरशिप। कलाम टीम से रोहतक के रिषभ, नरवाना की कुनिका तृतीय रहे। इन्हें एक-एक टैब और 73800 की स्कॉलरशिप। आइंसटाइन टीम से पानीपत के आशीष और अंबाला के रामनिवास चौथे स्थान पर रहे। इन्हें एक-एक प्रिंटर और 29 हजार 520 की स्कॉलरशिप। रमन टीम से कैथल के अभिषेक और चीका के अरमान पांचवें स्थान पर रहे। इन्हें एक-एक प्रिंटर और 29 हजार 520 की स्कॉलरशिप।

कल्पना टीम से चीका के लवप्रीत और अंबाला के मनीष छठे स्थान पर रहे। इन्हें एक-एक एलेक्सा और 29520 की स्कालरशिप दी गई। जाटल महर्षि कश्यप राजकीय पॉलिटेक्निक को श्रेष्ठ कॉलेज का अवार्ड दिया गया।

# रिटायर्ड कर्मचारी संगठन लाडवा की मासिक बैठक हुई संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हरियाणा** रिटायर कर्मचारी संगठन 1968 ब्लॉक लाडवा की मासिक मीटिंग ब्लॉक प्रधान हजारीलाल की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग का संचालन ब्लॉक सचिव सुरेंद्र शर्मा ने किया। मीटिंग में ब्लॉक के सभी पदाधिकारी एवं रिटायर कर्मचारी साथियों ने भाग लिया। मीटिंग में ब्लॉक प्रधान ने कहा कि रिटायर कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को लेकर हरियाणा सरकार द्वारा निरंतर टाल मटोल की नीति से रिटायर कर्मचारियों में भारी रोष है। कर्मचारियों की मांगों के



समाधान के लिए हरियाणा सरकार जल्द से जल्द हरियाणा रिटायर कर्मचारी संगठन 1968 की उच्च अधिकार प्राप्त कमेटी को बातचीत के लिए बुलाकर मांगों का समाधान करें अन्यथा रिटायर कर्मचारी संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा ।मीटिंग में गजे सिंह, सुरेश कुमार ,अवतार सिंह, अमर सिंह ,नाथीराम ,त्रिलोक सिंह ,मेहर सिंह, गुरदेव सिंह, सुखदेव सिंह आदि रिटायर कर्मचारी साथी उपस्थित रहे।

# रूस के ताम्बोव में दो अदालत भवनों में विस्फोट के प्रयास में एक व्यक्ति गिरफ्तार

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस के ताम्बोव स्थित दो अदालत भवनों को विस्फोट कर उड़ाने का प्रयास करने वाले एक रूसी नागरिक को हिरासत में लिया गया है, जिसे कथित तौर पर यूक्रेनी विशेष सेवाओं की ओर से यह काम सौंपा गया था। रूसी संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने यह जानकारी दी। एफएसबी ने एक बयान में कहा, रूस की एफएसबी ने ताम्बोव शहर में रूसी रेलवे के कर्मचारियों के साथ मिलकर 1980 में पैदा हुए एक रूसी नागरिक की अवैध गतिविधियों को विफल कर दिया। वह यूक्रेनी विशेष सेवाओं के आदेश के तहत ताम्बोव क्षेत्रीय और मध्यस्थता अदालतों की इमारतों के करीब शक्तिशाली विस्फोट उपकरण के जरिये विस्फोट करने की तैयारी कर रहा था।

# पाकिस्तान की शीर्ष अदालत से इमरान खान को राहत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की जेल में सजा काट रहे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। दरअसल शीर्ष अदालत ने पेशावर हाईकोर्ट के एक फैसले को रद्द कर दिया है। हाईकोर्ट ने पाकिस्तान की सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) की याचिका को खारिज करते हुए विधानसभाओं में महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए सीटें आरक्षित करने से इनकार किया था। हाईकोर्ट ने यह फैसला तब दिया था, जब इमरान खान की तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के चुनाव जीते हुए नेता एसआईसी में शामिल हो गए थे। बता दें कि सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल इस्लामी राजनीतिक और धार्मिक दलों का एक गठबंधन है जो सुन्नी इस्लाम के मानने वालों का प्रतिनिधित्व करता है। पाकिस्तान चुनाव आयोग ने मार्च में फैसला सुनाया कि एसआईसी आरक्षित सीटों के लिए कोटा का दावा करने का हकदार नहीं है क्योंकि इसके किसी भी सदस्य ने पार्टी मंच से चुनाव नहीं लड़ा। आयोग ने अन्य संसदीय दलों के बीच सीटें वितरित करने का भी फैसला किया लेकिन पीटीआई ने फैसले को असंवैधानिक बताते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिसे खारिज कर दिया गया था।

# ब्राजील में भारी बारिश से अब तक 75 लोगों की मौत

**रियो ग्रांडो डो सुल।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य रियो ग्रांडो डो सुल में भारी बारिश के बाद बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 75 हो गई है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक 103 लोग अब भी लापता है। 88 हजार से ज्यादा लोग अपने घरों से विस्थापित हुए। जबकि करीब 16 हजार लोगों ने स्कूलों, जिम और अन्य अस्थायी आश्रयों में शरण ली। इस बीच, राज्य के गवर्नर एडुआर्डो लेइट ने कहा, जिस तबाही का हम सामना कर रहे हैं, वह अभूतपर्व है। रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने रविवार को दूसरी बार प्रभावित राज्य का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ रक्षा मंत्री जोस म्यूसियो, वित्त मंत्री फर्नांडो हद्दाद और पर्यावरण मंत्री मरीना सिल्वा भी मौजूद थे।

# इस्राइल में बंद हुआ अल जजीरा का प्रसारण

**तेल अवीव।** इस्राइल सरकार ने कतर के स्वामित्व वाले प्रसारक अल जजीरा के खिलाफ कार्रवाई की है। जैसे ही इस्राइल में अल जजीरा का प्रसारण बंद किया गया, पुलिस ने उसी दिन दोपहर को समाचार नेटवर्क के यरूशलम स्थित कार्यालय से सके प्रसारण उपकरण जब्त किए। इस्राइल सरकार ने इस आधार पर अल जजीरा को अस्थायी रूप से बंद करने के फैसले को मंजूरी दी थी कि इसने कई तरीकों से उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचाया है। सरकार द्वारा प्रसारण को रोके जाने के बाद कई घंटों तक दो सबसे बड़े टेलीविजन प्रदाताओं यस और हॉट पर चैनल अनुपलब्ध था।

# रूस ने जेलेंस्की को वांछित अपराधियों की सूची में डाला

**मास्को।** लंबे समय से युद्ध का दंश झेस रहे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को रूस ने वांछित अपराधियों की सूची में डाल दिया है। यूक्रेन ने रूस के इस कदम की कड़ी निंदा की और कहा कि यह घोषणा सिर्फ ध्यान खींचने के लिए की है। द कीव इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन के पूर्व राष्ट्रपति पेट्रो पोरोशेंको और यूक्रेन के ग्राउंड फोर्सेज कमांडर ऑलेक्जेंडर पावलियुक को भी मॉस्को की वांछित सूची में शामिल किया गया है।

# मालदीव के पर्यटन मंत्री की भारतीयों से अपील

**माले।** मालदीव के के पर्यटन मंत्री ने भारतीयों से द्वीप समूह राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में योगदान देने का आग्रह किया। बता दें कि मालदीव की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर निर्भर है। दरअसल तनावपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों के बीच मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में कमी देखने को मिली है। पर्यटन मंत्री का कहना है ।

# बंगलादेश में लू से पन्द्रह लोगों की मौत

एजेंसी

**ढाका।** बंगलादेश के कुछ हिस्सों में पिछले दो हफ्तों में लू एव गर्मी से संबंधित घटनाओं में पंद्रह लोगों की मौत हो गयी है। सरकार ने इसकी पुष्टि की।

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के तहत स्वास्थ्य आपातकालीन संचालन केंद्र और नियंत्रण कक्ष ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सोमवार सुबह 11 बजे तक पिछले 24 घंटों में उनमें से तीन लोगों की मौत हो गई।अधिकारियों ने कहा कि ज्यादातर मौतें देश के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र के मगुरा जिले से हुई, जहां पिछले सप्ताह पारा रिकॉर्ड 43.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। उन्होंने कहा कि देश के अधिकांश हिस्से इस समय हाल के वर्षों की सबसे भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि असहनीय गर्मी से निपटने के लिए सरकार ने



पिछले सप्ताह पूरे दक्षिण एशियाई देश में स्कूल, कॉलेज, मदरसे और तकनीकी शिक्षा संस्थान बंद रखे। विशेषज्ञों ने कहा कि आने वाले वर्षों में अनियमित वर्षा और उच्च तापमान के कारण लू बढ़ने की संभावना है, जिससे देश के लिए खतरा पैदा हो सकता है।

# यूक्रेनी ड्रोन ने रूस के बेलगोरोड में 2 बसों पर बरसाए बम, 6 की मौत, 35 घायल

एजेंसी

**बेलगोरोड ।** रूस के बेलगोरोड क्षेत्र में यूक्रेनी ड्रोन से हुए हमले में 6 की मौत हो गई और 35 घायल हो गए. दोनों बसों पर बम बरसाए गए. सभी लोग दो अलग-अलग बसों में सवार होकर काम पर जा रहे थे. गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने कहा कि हमला बेरेज़ोव्का गांव के पास हुआ. उन्होंने एक बस की तस्वीर भी शेयर की, जिसकी खिड़कियां टूट हुई थीं. गवर्नर ने कहा कि एक व्यक्ति की हालत गंभीर है और दो बच्चों को हल्की चोटें आई हैं.

यूक्रेन अपनी सीमा से लगे बेलगोरोड क्षेत्र पर लंबे समय से टैंक और ड्रोन से हमला कर रहा है. 2022 में रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था. यहीं से दोनों देशों के बीच युद्ध की शुरुआत हुई. जबकि कीव ने इस तरह के किसी भी हमले से



इनकार किया है. कीव का कहना है कि हमने नागरिकों को निशाना नहीं बनाया है.

हाल ही में हैरी पॉटर कैसल के नाम से मशहूर यूक्रेनी इमारत पर एक रूसी मिसाइल के हमले में पांच लोगों की मौत हो गई. हैरी पॉटर कैसल में एक प्राइवेट लॉ इंस्टीट्यूट चल रहा था. मिसाइल हमले के बाद एक इमारत में भीषण आग लग गई।

# चीन, फ्रांस और यूरोप के नेताओं के बीच त्रिपक्षीय बैठक हुई आयोजित

एजेंसी

**यरुशलम।** स्थानीय समयानुसार सुबह चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ एलिसी पैलेस में चीन, फ्रांस और यूरोप के नेताओं के बीच त्रिपक्षीय बैठक आयोजित की।

शी चिनफिंग ने कहा कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन से दोबारा मिलना बहुत खुशी की बात है। इस वर्ष मेरी यात्रा का पहला पड़ाव फ्रांस है और आज की त्रिपक्षीय बैठक ने यूरोप की इस यात्रा का महत्व बढ़ा दिया है। चीन हमेशा चीन-यूरोप संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखता है। चीन यूरोप को चीनी विशेषताओं के



साथ प्रमुख देश कूटनीति की एक महत्वपूर्ण दिशा और चीनी शैली के आधुनिकीकरण को साकार करने में एक महत्वपूर्ण भागीदार मानता है। आशा है कि चीन-फ्रांस संबंध और चीन-यूरोप संबंध एक-दूसरे को बढ़ावा देंगे और एक साथ विकास करेंगे।शी चिनफिंग के अनुसार वर्तमान में विश्व अशांति और परिवर्तन के एक नये दौर में प्रवेश कर चुका है। दुनिया में दो महत्वपूर्ण ताकतों के रूप में, चीन और यूरोप को साझेदारी की स्थिति का पालन करना चाहिए, बातचीत और सहयोग जारी रखना चाहिए, रणनीतिक संचार को गहरा करना चाहिए और रणनीतिक आपसी विश्वास को बढ़ाना चाहिए। साथ ही दोनों पक्षों को रणनीतिक सहमति बनानी चाहिए, रणनीतिक समन्वय करना चाहिए, चीन-यूरोप संबंधों के स्थिर और स्वस्थ विकास को बढ़ावा देना चाहिए और विश्व शांति और विकास में नए योगदान देना जारी रखना चाहिए।

# विदेश मंत्री ने कहा- नेपाल कूटनीतिक माध्यम से भारत के साथ सीमा का समाधान करने के पक्ष में

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाली सौ के नोट पर भारतीय इलाकों वाला विवादित नक्शा छापने के मुद्दे पर विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने कहा है कि नेपाल कूटनीतिक माध्यम के जरिए ही भारत से सीमा समस्या का समाधान करने के पक्ष में है। भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने नेपाल के इस ताजा निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि इससे जमीनी हकीकत नहीं बदल सकती है। जब विभिन्न कूटनीतिक चैनल में इस मुद्दे पर बातचीत चल रही है तो ऐसे में नेपाल का यह फैसला अप्रत्याशित है। भारतीय विदेश मंत्री के बयान के बाद आज नेपाली संसद की अन्तरराष्ट्रीय संबंध समिति ने नेपाल के विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ से जवाब तलब किया था। सांसदों ने विदेश मंत्री श्रेष्ठ से पूछा कि आखिर जब भूमि विवाद पर कूटनीतिक वार्ता चल रही है तो ऐसे में नेपाल ने अपने नोट पर विवादित नक्शे को छापने का निर्णय क्यों लिया? सांसदों ने विदेश मंत्री से यह भी जानना चाहा कि क्या नेपाल के इस एकतरफा फैसले से कूटनीतिक वार्ता पर नकारात्मक असर पड़ेगा ? सांसदों के सवाल का जवाब देते हुए विदेश मंत्री श्रेष्ठ ने कहा कि नेपाल भी चाहता है कि दोनों देशों के बीच रहे सीमा समस्या पर कूटनीतिक वार्ता के जरिए ही समाधान निकाला जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नेपाल ने अपनी तरफ से विभिन्न स्तर पर इन विषयों को उठाया है।

# हमास की कार्रवाई के बाद इजरायल ने राफा पर किए हवाई हमले, 16 लोगों की मौत

एजेंसी

**तेल अवीव।** हमास के रॉकेट हमले के बाद इजरायल की सेना ने राफा में हवाई हमले किए, जिसमें 16 लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हवाई हमले में एक परिवार के नौ लोग और दूसरे परिवार के सात सदस्य मारे गए। हमास ने दक्षिणी इजरायल में केरेम शालोम के पास हमला किया था। इसके जवाब में इजरायल ने ये कार्रवाई की है।

हमास के हमले में इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के तीन सैनिक मारे गए और 11 सैनिक घायल हो गए। जबकि घायलों में 931 बटालियन के जवान और शेक्ड बटालियन का एक जवान शामिल है। आईडीएफ के अनुसार, हमला राफा क्षेत्र से सुबह-सुबह किया गया। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के उच्च पदस्थ सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि युद्ध कैबिनेट बैठक करेगी और राफा पर जमीनी हमले पर फैसला करेगी।

रक्षा मंत्री योव गैलेंट और बिना पोर्टफोलियो वाले मंत्री बेनी गैंट्ज दिन में बाद में होने वाली युद्ध



कैबिनेट में हिस्सा लेंगे। गौरतलब है कि हाल ही में काहिरा में हुई अप्रत्यक्ष मध्यस्थता वार्ता में इजरायल ने अपनी जेलों में बंद 600 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में हमास की हिरासत में मौजूद अपने कम से कम 33 बंधकों को रिहा करने पर जोर दिया था। केरेम शालोम क्रॉसिंग पर हमास के हमले में तीन आईडीएफ सैनिकों की मौत और इजरायल की जवाबी कार्रवाई से काहिरा में शांति वार्ता की प्रगति प्रभावित होने की संभावना है।

# यूक्रेन से युद्ध के बीच राष्ट्रपति पुतिन के सख्त तेवर, सेना को दिया परमाणु हथियारों के अभ्यास का आदेश

एजेंसी

**मास्को।** रूस और यूक्रेन के बीच 26 महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। फिलहाल यह जंग थमती नजर नहीं आ रही है। इस बीच, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर अपने खतरनाक इरादों का संकेत दिया है। उन्होंने रूसी सेना को परमाणु हथियारों के साथ अभ्यास करने को कहा है। यह आदेश यूक्रेन की सीमा पर तैनात थल सेना और नौसेना को दिया गया है।

**परमाणु हथियारों को भी किया जाएगा शामिल**

रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अभ्यास के दौरान परमाणु हथियारों को भी शामिल किया जाएगा। यह देखा जाएगा कि कैसे इन हथियारों के साथ तैयारी की जा सकती है और इनका क्या इस्तेमाल हो सकता है।

**लगातार दे रहे चेतावनी**

बता दें, जब से यूक्रेन से साथ युद्ध शुरू हुआ है, तब से पुतिन परमाणु हथियारों को लेकर कई बार बयानबाजी दे चुके हैं। फरवरी में भी उन्होंने परमाणु हथियार इस्तेमाल करने की चेतावनी दी थी। अब पुतिन ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है, जब रूस की सेना का कहना है कि यूक्रेन के अलावा पश्चिमी देशों से भी उसे खतरा है।

अब तक मिली जानकारी के अनुसार, इस अभ्यास में परमाणु हथियारों की तैनाती और उनके इस्तेमाल को शामिल किया जाएगा। सेनाएं अभ्यास करेंगी कि कैसे इन हथियारों का जंग में इस्तेमाल करना है और कैसे मोर्चे पर इन्हें तैनात किया जा सकता है। रूस की सेना का कहना है कि इसके जरिए हम यह दिखाना चाहते हैं कि अपनी अखंडता और एकता की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार और तत्पर हैं।

# नेपाल से चल रही थी आईपीएल मैचों में ऑनलाइन सट्टेबाजी, 13 भारतीय गिरफ्तार

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के सीमावर्ती शहर बुटवल से 13 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी पर भारत में चल रहे आईपीएल मैचों में सट्टेबाजी में शामिल होने का आरोप है। बुटवल पुलिस के डीएसपी विजयराज पंडित ने बताया कि बुटवल शहर के एक घर पर छापा मार कर इन भारतीय नागरिकों की गिरफ्तारी की गई है। पुलिस को एक घर के फ्लैट में कुछ युवाओं की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी। इस पर इलाका प्रहरी कार्यालय बुटवल और इलाका प्रहरी कार्यालय रामनगर ने संयुक्त ऑपरेशन चलाकर इन सबकी गिरफ्तारी की है। उन्होंने बताया कि बुटवल के कालिकानगर मोहल्ले में एक घर किराए पर लेकर यहीं से ऑनलाइन सट्टेबाजी का धंधा चलाया जा रहा था। छापामारी के दौरान उस घर से 13 भारतीय नागरिक को हिरासत में लिया गया है। हालांकि, अभी इनके नाम सार्वजनिक नहीं किये गए हैं। इस रैकेट में शामिल अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

# अवमानना के आरोप में एक बार फिर डोनाल्ड ट्रंप पर जुर्माना, अदालत ने दी जेल भेजने की चेतावनी

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। अमेरिका की एक अदालत ने अवमानना का दोषी मानते हुए ट्रंप पर एक बार फिर जुर्माना लगाया है। साथ ही अदालत ने उन्हें जेल भेजने की चेतावनी भी दी है। गैग के आदेशों का बार-बार उल्लंघन करने के लिए उन्हें एक हजार अमेरिकी डॉलर जुर्माने के रूप में भरने होंगे। गौरतलब है कि अमेरिका में इस साल के अंत में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने वाले हैं। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप और वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच सीधा मुकाबला है।

सुनवाई के दौरान न्यायाधीश जुआन मर्चन ने कहा कि गैग आदेश के उल्लंघन के लिए एक हजार डॉलर का जुर्माना पूर्व राष्ट्रपति को नहीं रोक पा रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है ट्रंप के कारावास पर विचार करने के लिए मजबूर होना होगा। बता दें, गुप्त धन मामले की सुनवाई का 12वां दिन था।

**उल्लंघन के नौ मामलों में आरोपी पाए गए ट्रंप**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले तीस अप्रैल को अदालत ने ट्रंप को नौ हजार डॉलर का अर्थदंड सुनाया था। अभियोजकों ने ट्रंप के खिलाफ 10 मामलों के उल्लंघन का आरोप लगाया था। हालांकि, न्यायाधीश जुआन एम. मर्चन ने उन्हें नौ मामलों में उल्लंघन का आरोपी माना। बता दें, गैग ने उन पर गुप्त धन मामले से जुड़े गवाहों, जूरी सदस्यों सहित अन्य चीजों के बारे में सार्वजनिक रूप से बयान देने पर



प्रतिबंध लगाया था। लेकिन वे हमेशा कहते रहे कि वे अपने स्वतंत्र भाषण के अधिकारों का प्रयोग कर रहे हैं।

**मामले में पहली सुनवाई डेविड पेकर की**

अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ नेशनल इन्क्वायरर प्रकाशक डेविड पेकर ने मामले में गवाही दी थी। पेकर ने बताया था कि उन्होंने 2016 में ट्रंप की राष्ट्रपति की दावेदारी में मदद करने के लिए अपने टैब्लॉइड का उपयोग करने के लिए गोपनीय समझौता किया था। पेकर आपराधिक गुप्त धन मुकदमे के पहले गवाह हैं। पेकर ने न्यूयॉर्क की अदालत में कहा कि 2015 में उन्होंने ट्रंप से कहा था कि इन्क्वायरर आपके बारे में सकारात्मक कहानियां प्रकाशित करेगा।

**ट्रंप की मदद करना मतदाताओं को धोखा देना**

पेकर ने ट्रंप को 2016 के चुनावों में कथित विवाहेतर संबंधों की कहानियों को दबाने में मदद की। यौन दुर्व्यवहार के कई आरोपों का सामना कर रहे ट्रंप की मदद करना मतदाताओं को धोखा देना है। पेकर ने ट्रंप पर पोर्न स्टार डेनियल्स को दिए 1,30,000 डॉलर के भुगतान को छिपाने के लिए व्यवसायिक रिकॉर्ड में आपराधिक रूप से हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। हालांकि, वकीलों का तर्क है कि ट्रम्प ने कोई अपराध नहीं किया।

**'स्टार्मी डेनियल को दिए 130,000 डॉलर'**

ट्रंप के पूर्व वकील माइकल कोहेन ने स्टॉर्मी डेनियल को 130,000 डॉलर का भुगतान किया था। ऐसा इसलिए क्योंकि स्टॉर्मी डेनियल ट्रंप के साथ अवैध संबंधों को लेकर चुप्पी साधे रखें। इस मामले में ट्रंप ने डेनियल के साथ संबंधों से इनकार किया है।

# सात महीने बाद हमास ने स्वीकार किया शांति समझौता, इस्राइल ने राफा में फंसे लोगों को निकलने की दी इजाजत

एजेंसी

**हमास।** इस्राइल और हमास के बीच लंबे समय से युद्ध जारी है। इस बीच हमास ने कहा कि उन्होंने सात महीने से जारी युद्ध को रोकने के लिए युद्ध विराम के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। घोषणा के बाद इस्राइल ने लगभग एक लाख फलस्तीनियों को राफा से निकलने का आदेश दिया। हालांकि, अभी तक शांति समझौते को लेकर इस्राइल ने कोई टिप्पणी नहीं की है और न ही इस्राइल ने प्रस्ताव का विवरण अभी तक जारी किया है। हालांकि, कुछ दिन पहले, मिस्र और हमास के अधिकारियों ने कहा था कि संघर्ष विराम कई चरणों में होगा। इस दौरान हमास बंधकों को रिहा करेगा और इस्राइल गाजा से अपने सैनिकों को वापस बुला लेगा।

**फलस्तीनियों ने शिविरों में खुशी जताई**

हमास ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि उसके शीर्ष नेता



इस्माइल हानियेह ने कतर के प्रधानमंत्री और मिस्र के खुफिया मंत्री के साथ फोन पर बात करते हुए प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए हामी भरी। बयान सामने आते ही फलस्तीनियों ने राफा के आसपास फैले शिविरों में खुशी जताई। उन्होंने उम्मीद की कि समझौते का मतलब है कि इजरायली हमला अब टल गया है।

**राफा पर हमले को लेकर कई बार आगाह कर चुका है अमेरिका**

इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात की और राफा को लेकर चिंता जाहिर की। अमेरिका सहित इस्राइल के अन्य करीबी सहयोगियों ने कई बार कहा है कि इस्राइल को राफा पर हमला नहीं करना चाहिए। बता दें, राफा में करीब 1.4 मिलियन फलस्तीनियों ने शरण ले रखी थी। शांति समझौते के प्रस्ताव का नेतृत्व कर रहे कतर ने भी कई बार कहा था कि राफा पर हमला होने से संघर्ष विराम के प्रयास पटरी से उतर जाएंगे।

**सात अक्तूबर से जारी है युद्ध**

गौरतलब है कि सात अक्तूबर की सुबह हमास द्वारा करीब 5000 रॉकेट इस्राइली शहरों पर दागे गए थे. जिसके बाद से दोनों पक्षों में युद्ध जारी है। इस्राइल ने इस हमले को आंतकी हमला करार दिया है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कमस खाई है कि वह जब तक हमास को पूर्ण रूप से खत्म नहीं कर देते, तब तक वे युद्ध विराम नहीं करेंगे।

**हमले के यह तीन कारण**

हमास ने कहा कि ये यरूशलम में अल-अक्सा मस्जिद को इस्राइल की तरफ से अपवित्र करने का बदला है। हमास ने कहा कि इस्राइली पुलिस ने अप्रैल 2023 में अल-अक्सा मस्जिद में ग्रेनेड फेंक इसे अपवित्र किया था। इस्राइली सेना लगातार हमास के ठिकानों पर हमले कर रही है और अतिक्रमण कर रही है। इस्राइली सेना हमारी महिलाओं पर हमले कर रही है। हमास के प्रवक्ता गाजी हमाद ने अरब देशों से अपील है कि इस्राइल के साथ अपने सभी रिश्तों को तोड़ दें। हमाद ने कहा कि इस्राइल एक अच्छा पड़ोसी और शांत देश कभी नहीं हो सकता है।

# जापान की विदेश मंत्री एक दिवसीय नेपाल यात्रा पर, काठमांडू में होगी द्विपक्षीय वार्ता

एजेंसी

**काठमांडू।** जापान की विदेश मंत्री खामीखावा योको कुछ घंटे के नेपाल दौरे पर काठमांडू पहुंचीं हैं। आज दिन भर राजनीतिक मुलाकात के बाद देर रात उनकी वापसी होगी। नेपाल के उपप्रधानमंत्री तथा विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ के निमंत्रण पर जापानी विदेश मंत्री योको काठमांडू पहुंचीं। त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल पर विदेश सचिव सेवा लम्साल ने उनका स्वागत किया। लम्साल ने बताया कि कुछ पर्यटकीय क्षेत्रों का अवलोकन करने और राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात करने का कार्यक्रम तय है।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक जापानी विदेश मंत्री योको सबसे पहले काठमांडू के दरबार स्क्वायर



और बसन्तपुर क्षेत्र का अवलोकन करेंगी। इसके बाद नेपाल के विदेश मंत्री के साथ उनकी द्विपक्षीय औपचारिक वार्ता तय है। लम्साल ने बताया कि नेपाल और जापान की विदेश मंत्री के बीच द्विपक्षीय वार्ता के दौरान कोई भी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं होने हैं। वार्ता में सिर्फ जापान की तरफ से नेपाल को दिए जाने वाले सहयोग और जापान के सहयोग से चल रही परियोजना की प्रगति पर चर्चा होनी है। जापान की विदेश मंत्री आज ही नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल और प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' के साथ शिष्टाचार मुलाकात करेंगी। राष्ट्रपति से मुलाकात 'शीतल निवास' में होगी, जबकि प्रधानमंत्री 'प्रचंड' से उनके सिंह दरबार स्थित दफ्तर में मुलाकात होगी। जापानी विदेश मंत्री के सम्मान में आज रात्रिभोज होगा, जिसके बाद आज देर रात वह स्वदेश लौट जाएंगी।

# 36 बिरादरी का भाईचारा 19 मई को पहरावर में मनायेगा परशुराम जन्मोत्सवः जयहिंद

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

जयहिंद सेना प्रमुख डॉ नवीन जयहिंद ने मंगलवार को चंडीगढ़ के प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि रविवार 19 मई पहरावर में भगवन परशुराम जन्मोत्सव मनाया जायेगा` आज वे चंडीगढ़ की जनता को चूल्हा न्योता देने आये और पत्रकार साथियों को भी वे चूल्हा न्योत देते है` जयहिंद ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बना और पहरावर में परशुराम मंदिर बनेगा` बड़े लम्बे संघर्ष और लड़ाई के बाद यह जमीन सामज को मिली है` देश में अयोध्या में श्री राम की सबसे बड़ी मूर्ति लगाई गई हैं और पहरावर में 121 फीट भगवा- परशुराम मंदिर मूर्ति निर्माण की नींव रखी जाएगी` भगवान परशुराम की मूर्ति न्याय, मान-सम्मान और स्वाभिमान की प्रतिक होगी` भगवान परशुराम किसी एक जात - बिरादरी के नहीं बल्कि सबके सांझे है` पूरा राज्य और आस -पास के राज्यों से 36 बिरादरी के लोग इस अनुष्ठान में

**प्रेसवार्ता**

**▶▶अयोध्या में बना राम मंदिर पहरावर में बनेगा परशुराम मंदिर 121 फीट भगवान परशुराम की मन्दिर मूर्ति की रखी जाएगी नींव**

पहुंचेंगे और देशी के भंडारे का प्रसाद ग्रहण करेंगे `

जयहिंद ने आगे कहा कि शासन और प्रशासन के साथ लड़ाई लडना कोई आसान काम नहीं है और उसमे साथ देने वाले 36 बिरादरी के योद्धाओं को वे 19 मई पहरावर में सम्मानित करेंगे` ये उनका ही संघर्ष था कि वे इस लड़ाई को जीत पाए` अब उसी जमीन पर मंदिर बनेगा और स्कूल -अस्पताल -कॉलेज बनेगा ` जिसमे 36 बिरादरी के बच्चे पढेंगे और बीमार लोगों का इलाज होगा` अब तक रोहतक, अम्बाला , यमुनानगर, जींद, महम, झज्जर, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, चरखी दादरी, भिवानी के लोगो को चूल्हा न्योत



दिया है और आगे बाकी जिलों में भी लोगों को चूल्हा न्योत दिया जायेगा` एक-एक भोलेनाथ और परशुराम भक्त आगे 21 लोगों को न्योता दे रहा है` गावों में भी घर -घर चूल्हा न्योत दिया जा रहा है `जयहिंद ने आगे कह कि यह कार्यक्रम पूरी तरह से गैर -राजनीतिक और सामाजिक रहेगा` किसी भी तरह से राजनीतिक बयानबाजी इस कार्यक्रम नहीं होगी` साथ ही ये कार्यक्रम बोदाओं का नहीं योद्धाओं का होगा` भ्रष्ट, बेईमान , झूठे, और अनैतिक लोग इस धार्मिक कार्यक्रम में न आये` यह कार्यक्रम भोलेनाथ व परशुराम के भक्तों और सच्ची श्रद्धा वाले लोगों के लिए है और उन्हीं का सम्मान किया जायेगा`

वही न्योता देने पहुंचे जयहिंद ने कहा कि 36 बिरादरी में अगर किसी के साथ भी अन्याय हो रहा हो तो उन्हे आवाज उठानी चाहिए और हमेशा दूसरों की भलाई के लिए तैयार रहना चाहिए। गरीब कमजोर की लड़ाई लड़ने वाला ही परशुराम का असली चेला होता है और जो आवाज नहीं उठा सकते वह किसी भी भगवान के भक्त नहीं हो सकते ।

जयहिंद ने अपनी मुहीम "जनता -जागो -नेताओ पर सवाल दागो" का जिक्र करते हुए कहा कि ये भोलेनाथ और परशुराम की ही शक्ति है कि वे लोगों के मुद्दों पर आवाज उठा पा रहे है।

**जयहिंद** ने वही र छ के मुद्दे को बड़ी पुरजोर से उठाते हुए कहा कि आज प्रदेश में पानी की सबसे बड़ी किल्लत है वो भी पीने के पानी की` किसानों के खेतों का तो और भी बड़ा बुरा हाल है ` लेकिन चुनाव लड़ रही पार्टी और उनके उम्मीदवार( बन्तो कटारिया, नवीन जिंदल, सुशील गुप्ता, दीपेन्द्र हुड्डा, नैना चौटाला, अरविन्द शर्मा, राव दान सिंह, राव इन्द्रजीत, अशोक तंवर, मोहन लाल बडोली आदि) कोई भी इस मुद्दे पर नहीं बोल रहा है` चाहे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हो या पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर हो बताये कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लागू क्यों नहीं लागू करवा पा रहे है` वही पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान हरियाणा में चुनाव प्रचार के लिए तो आते है पानी देने की बारी आती है तो मुहं से एक शब्द नहीं निकलतो र छ हरियाणा का हक का पानी है` आज प्रदेश के हर जिले -गावं में पानी की किल्लत चल रही है`सरकारी आंकड़ों के अनुसार 70 % हरियाणावासी जहरीला पानी पी रहा है` कहि लोग गन्दा पानी पीने को मजबूर है तो कहि पीने को पानी मिल ही नहीं रहा है किसानों के खेत सुख रहे है` बच्चे -बुजुर्ग और महिलाएं गन्दा पानी पीने की वजह से लाइलाज बिमारियों से ग्रस्त हो रहे है` ऐसे में नेताओं को चाहिए कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार वे जनता के हक की आवाज उठाये और र छ पर खुल कर बोले

## प्रदेश के 25 हजार विचाराधीन कैदियों को मिले वोट डालने का अधिकारः जयहिंद

वही जयहिंद ने कैदियों के वोट डालने के अधिकार की आवाज उठाते हुए कहा कि जब एक नेता अपराधी होकर चुनाव लड़ सकता है , खुलेआम प्रचार कर सकता है वही 25 हजार से भी ज्यादा विचाराधीन कैदी प्रदेश की जेलों में बंद है`

उन्हें भी अपना मत इस्तेमाल करने का अधिकार मिले` बैलेट से जब पड़ रही है तो चुनाव आयोग और प्रशासन जेलों में बंद इन कैदियों को भी वोट डालने की इज्जत दे ० बैलेट पेपर से वोट डालने का प्रबंध करें` वोट डालना सबका अधिकार है` चुनाव आयोग से अपील है कि जहाँ चुनाव नहीं हुए है वहां इन विचाराधीन कैदियों को वोट डालने का अधिकार मिले`

साथ ही जयहिंद ने जनता से भी वोट डालने की अपील पर कहा कि अपने नेता को जांचे -परखे और फिर वोट दे ` अगर कोई उम्मीदवार आपकी पसंद का नहीं है तो फिर नोटा को वोट दे लेकिन 25 मई को अपनी वोट का इस्तेमाल जरूर करें

## संक्षिप्त खबरें

### जनरल ऑब्जर्वर की अध्यक्षता में आज होगा समीक्षा बैठक का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा के उपचुनाव की तैयारियों को लेकर जनरल ऑब्जर्वर ई. रविंद्रन की अध्यक्षता में 8 मई को प्रातः 11 बजे लघु सचिवालय के सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन होगा। बैठक में जिला के पुलिस अधीक्षक, सभी एआरओ, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, तथा चुनाव के लिए नियुक्त सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### नीलोखेड़ी व इंद्री विधानसभा में मनोहर लाल की जनसंपर्क यात्रा आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल 8 मई दिन बुधवार को जनसंपर्क यात्रा निकालेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने बताया कि यह यात्रा करनाल लोकसभा के इंद्री व नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र में निकाली जाएगी।

उन्होंने बताया कि जगह-जगह मनोहर लाल की इस जनसंपर्क यात्रा का स्वागत किया जाएगा। जनसंपर्क यात्रा का नीलोखेड़ी के झिंझाड़ी गांव से सुबह 7 बजे आरंभ होगा। इसके बाद यह यात्रा गांव शामगढ़, तखाना, पधाना, संडीर, सीकरी, बरसालू, कलसी, यूनिसपुर, बैडसाल से होते हुए समानाबाहु पहुंचेगी।

योगेंद्र राणा ने बताया कि इसके बाद यह यात्रा इंद्री विधानसभा में पहुंचेगी, जहां दोपहर 2.30 बजे खेड़ा गांव से यात्रा की शुरूआत होगी। इसके बाद गांव पटेड़ा, भौजी खालसा, शेरगढ खालसा, गढ़ी बीरबल, कलसौरा, ब्याना, घीड़, बड़ागांव से नेवल पहुंचेगी, जहां यात्रा का समापन होगा। इस दौरान मनोहर लाल ग्रामीणों से जीत का आशीर्वाद लेंगे और रूबरू होंगे।

### जिला पुलिस की अपराधों पर अंकुश लगाने प्रक्रिया निरंतर जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के कुशल मार्गदर्शन में लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला पुलिस की क्राइम युनिट सीआईए असंध की टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर छापामारी करके थाना असंध क्षेत्र के गांव सालवन से आरोपी विजय पुत्र नरेश कुमार वासी गांव सालवन, करनाल को काबू किया गया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्तौल 315 बौर व एक कारतूस बरामद किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के खिलाफ थाना असंध में शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। प्रारंभिक पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि वह हथियार रखने का शौकीन है और जिसे पूरा करने के लिए वह इस पिस्तौल को उतर प्रदेश से लेकर आया था। आरोपी द्वारा उतर प्रदेश के उस व्यक्ति के संबंध में भी खुलासा किया गया, जिससे वह लेकर आया था। उन्होंने बताया कि कल आरोपी को अदालत में पेशकर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा व उत्तर प्रदेश में रेड करके आरोपी को हथियार सप्लाई करने वाले को भी जल्द काबू किया जाएगा।

### गुरुग्राम लोकसभा में छंटनी में चार नामांकन रद्द, 26 नामांकन मिले वैध

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

गुरुग्राम लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों द्वारा जमा किए गए नामांकनों की मंगलवार को जांच, छंटनी की गई। इस दौरान कुल 30 नामांकन में से 4 नामांकन रद्द किए गए। बाकी के 26 नामांकन वैध मिले हैं।

लघु सचिवालय स्थित डीसी कोर्ट में छंटनी का काम किया गया, जिसमें 26 प्रत्याशियों का नामांकन वैध थे। गुडगांव संसदीय सीट के रिटर्निंग अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि 30 लोगों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया था, जिसकी मंगलवार को प्रत्याशी व प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों के उपस्थिति में स्क्रूटनी की गयी। स्क्रूटनी के दौरान नामांकन पर्चा में अलग-अलग कारणों से 4 प्रत्याशियों का नामांकन रद्द किया गया।

### व्यय पर्यवेक्षक आरवी प्रदमेश की चुनावी खर्च की गतिविधियों पर कड़ी नजर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से करनाल लोकसभा क्षेत्र के आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए आईआरएस अधिकारी आरवी प्रदमेश ने अपना कार्यभार संभाल लिया है, जिनकी उम्मीदवारों के चुनावी खर्चे की गतिविधियों पर कड़ी नजर है। चुनाव अवधि के दौरान चुनाव व्यय पर्यवेक्षक का कार्यालय एनडीआरआई करनाल में डॉ. सेन गेस्ट हाऊस वीआईपी सुइट नंबर 1 में रहेगा। पर्यवेक्षक का मोबाईल नम्बर 97295 -22215 है।

# देव हिन्दू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की पत्रकारवार्ता, उठाए चार मुद्दे

**चुनावी मैदान**

**▶▶कहा जो पार्टी करेगी इन मुद्दों पर बात, लोकसभा चुनाव में उस पार्टी का करेंगे समर्थन**

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

लोकसभा चुनावों को देखते हुए अब कई मंच खुल कर अपनी बातें चुनावी मैदान में उतर चुकी पार्टियों के समक्ष रखने लगे है। इसी कडी में देव हिन्दू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत मलिक ने अपने पदाधिकारियों सहित पत्रकारवार्ता कर चार मुद्दों को उठाया और साफ किया कि जो पार्टी इन मुद्दों को लागू करने का विश्वास दिलाएगी हमारा




मंच लोकसभा चुनाव में उनका समर्थन करेगा। शिक्षा के मुद्दे पर बात करते हुए दलजीत मलिक ने कहा कि हरियाणा में शिक्षा का स्तर गिरता ही जा रहा है, सरकारी स्कूल बंद होने के कगार पर पहुंच चुके है और लगतार गिरता शिक्षा का स्तर एक चिंता का विषय है क्योंकि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे किसी भी देश का विकास संभव है। उन्होंने मांग की कि दिल्ली की तर्ज पर प्रदेश के सरकारी स्कूलों का विकास होना चाहिए ताकि प्रदेश के हर वर्ग को शिक्षा का लाभ मिल सके। दूसरे मुद्दे पर बात करते हुए दलजीत ने कहा कि पूरे देश में हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में किसान से जुडा हुआ है और आज पूरे देश के किसानों की हालत दयनीय है। किसान लगातार कर्जदार होता जा रहा है और किसान अपना कर्ज उतारने के लिए कर्ज की दलदल में थसता जाता है। उन्होंने मांग की कि अ गर किसी भी तरह किसान की फसल बर्बाद होती है तो किसान को 50 हजार रूपए प्रति एकड का मुआवजा मिले। देश व प्रदेश में बढती बेरोजगारी को अपना तीसरा मुद्दा बताते हुए देव हिन्दू मंच के अध्यक्ष दलजीत ने कहा कि देश का युवा दिन रात मेहनत कर फौज या पुलिस में जाने के लिए सपने सजोंता है लेकिन सरकार द्वारा लाई गई अगिनवीर योजना उनके सपनों को तार तार करने का काम कर रही है। इतना ही नहीं प्रदेश में कौशल रोजगार योजना भी युवाओं में अपनी नौकरी के लिए आश्वस्त नहीं है, जिससे न केवल वे खुद बल्कि उनका पूरा परिवार भय के माहौल में जी रहा है। साथ ही दलजीत मलिक ने अपने चौथे मुद्दे पर बात करते हुए सरकार से मांग की कि सरकार को पत्रकारों के पेंशन को 15 से बढाकर 30 हजार रूपए की जाए और पेंशन बनाने की प्रकिया को सरल करना शामिल है। पत्रकारवार्ता के दौरान महामंत्री रणबीर सिंह, प्रदेशाध्यक्ष राजीव शर्मा, जिलाध्यक्ष आजाद सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सर्व कर्मचारी संघ ने इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी को सौंपा मांग पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

पुरानी पेंशन योजना की बहाली, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने सहित कर्मचारियों की अनेक समस्याओं को लेकर सर्व कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को जिला प्रधान भूप सिंह भड़ोलांवाली के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी कुमारी सैलजा से गांव धांगड़ में मिला और ज्ञापन सौंपा।

कुमारी सैलजा ने सकसं प्रतिनिधिमंडल को ओपीएस बहाली, कच्चे कर्मचारियों को नीति बनाकर पक्का करने अग्निवीर योजना को बंद करने सहित



कर्मचारियों की अन्य मांगों का बातचीत के माध्यम से समाधान करवाने का आश्वासन दिया।प्रतिनिधिमंडल में सकसं के जिला सचिव सुरजीत दुसाद, रमेश तुषामड़, बेगराज, पृथ्वी सिंह बाना, रामनिवास शर्मा, मलकीत सिंह, कृष्ण चमारखेड़ा, भाल सिंह, सतपाल, सुरेश कुमार, हनुमान खिचड़, मुरारी लाल, राजेश गोठड़ा, नरेश राणा सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

### ट्रक ने बाइकसवार को कुचला, मौत

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

कलायत में मंगलवार सुबह एक ट्रक ने टक्कर मार कर बाइकसवार को कुचल दिया। हादसे में बाइकसवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है।

कलायत के वार्ड नंबर 11 निवासी नवीन कुमार ने बताया कि उसके पिता प्रदीप कुमार गौशाला गोल मार्केट के सामने में गली में कन्फेक्शनरी की दुकान करते थे। मंगलवार सुबह 8 बजे उसके प्रदीप अपनी बाइक से जा रहे थे। साल मार्केट कलायत के सामने एक ट्रक ने उनके पिता की बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। ट्रक का अगला व पिछला पहिया उनके ऊपर से निकल गए। उनकी मौत हो गई।

# 94 प्रतिशत किसानों को खरीद का किया जा चुका है भुगतान

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद।** जिला प्रशासन ने एक रणनीति के तहत मंडियों में खरीदी गई गेहूं का उठान करवाया है। जिला में लगभग 79 प्रतिशत गेहूं का उठान किया जा चुका है। विभिन्न मंडियों से खरीद एजेंसियों ने 518130 मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया है। विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों ने 656953 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। अप्रैल माह के मध्य में खरीद बढ? के बाद मंडियों में गेहूं की आवक ज्यादा हुई, उस वजह से उठान में भी धीमापन हुआ। उपायुक्त राहुल नरवाल ने एक रणनीति के तहत गेहूं उठान के लिए विभागीय तालमेल, एजेंसी व ठेकेदारों की बैठक लेकर इसमें तेजी लाई। उपायुक्त ने गोदामों में आई लेबर कमी को दूर करने के लिए पंजाब के ठेकेदारों से तालमेल किया और खरीद केंद्रों पर पंजाब की लेबर को लगाकर जिला की मंडियों से गेहूं उठाना सुनिश्चित करवाया, जिसके बाद गेहूं उठान में तेजी आई और मंडियों में जाम की स्थिति नहीं बनी। गोदामों में लेबर की संख्या बढ? के बाद गोदामों में थैले अनलोडिंग में बढ़ोतरी हुई जिससे ट्रक खाली में समय कम लगा और उठान कार्य में तेजी रही। इसके अलावा उपायुक्त राहुल नरवाल ने समय-समय पर ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक की और लगातार उठान कार्यों की मॉनिटरिंग स्वयं करते रहे। जिला प्रशासन ने ठेकेदारों से ज्यादा ट्रक उठान कार्य के लिए लगवाए। गेहूं भंडारण के लिए पर्याप्त मात्रा में जगह उपलब्ध करवाने के लिए भी जिला प्रशासन ने सदलपुर के भारतीय खाद्य निगम के गोदाम को हैफेड द्वारा किराये पर उपलब्ध करवाया गया, जिसके बाद भी उठान में तेजी हुई। उपायुक्त राहुल नरवाल ने व्यापार मंडल एसोसिएशन और खरीद एजेंसियों का आपसी तालमेल बनवाया, जिसकी बदौलत व्यापारियों को ज्यादा ट्रक उपलब्ध हुए तो उठान में तेजी हुई। भारतीय खाद्य निगम द्वारा टोहाना, भट्ठू, जाखल रेल हेड पर स्पेशल ट्रेनों की संख्या भी बढ़ाई जो उठान में तेजी लाने का एक प्रमुख कारण हुआ।

# रुला रही बिजली, सिविल लाइन समेत कई क्षेत्र प्रभावित

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

एक तो गर्मी बढ़ रही है ऊपर से बिजली के अघोषित कटों ने गर्मी में हाल बुरा कर दिया है। एक-दो नहीं बल्कि सात-आठ घंटे तक बिजली के कट लगाए जा रहे हैं। बिजली के कट लगने का भी कोई कारण पता नहीं चल पा रहा है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से भी कटों की कोई अग्रिम या बिजली खराब होने संबंधी कोई सूचना नहीं दी जा रही। इस बारे में जब एक्सईएन अविनाश से संपर्क किया गया तो तीन कॉल करने के बाद भी उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। सोमवार को भी कई घंटे तक बिजली बाधित रही। यही हाल मंगलवार दोपहर से शुरू हो गया। सिविल लाइंस क्षेत्र में अधिकांश समाचार पत्रों के कार्यालय हैं। बिजली की अघोषित कटौती से समाचार पत्रों के कार्यालयों में काम बाधित हुआ। शहर के शहर के पॉश क्षेत्र सिविल लाइंस, न्यू फ्रेंड्स कालोनी व सदर बाजार सहित आस-पास के क्षेत्रों शांति नगर, हीरा नगर, शिवाजी नगर, गांधी नगर, शक्ति पार्क, राज नगर, खांडसा रोड पर स्थित कालोनियों में भी बिजली का बुरा हाल है। राजेंद्रा पार्क, बजघेड़ा, सराय अलावर्दी, न्यू पालम विहार क्षेत्र में भी बिजली बाधित होने से लोग परेशान हैं। दिन के समय तो बिजली बाधित रहती ही है। बिजली बाधित होने से पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो रही है। जीव-जंतु, जानवर भी बढ़ती गर्मी व बिजली की नियमित आपूर्ति न होने के कारण बड़े परेशान हैं। बिजली की अघोषित कटौती से शहर के मुख्य सदर बाजार में कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बिजली निगम से शिकायत भी कई बार कर ली है, लेकिन समाधान होता दिखाई नहीं दे रहा है। उनका कहना है कि बिजली निगम के शिकायत केंद्र में शिकायत करते हैं तो बिजलीकर्मी फोन ही नहीं उठाते।

### एचकेएसडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने कराटे में जीते 20 मैडल

**हिसारः** 20वीं इंटर डोजो कराटे प्रतियोगिता बाल भवन व सूरज स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा अनाज मंडी स्थित मूक बधिर स्कूल में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में हिसार, भिवानी व तोशाम के लगभग 22 स्कूलों के विद्यार्थियों व अकादमी से लगभग 500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला बाल विकास अधिकारी विनोद कुमार व अकादमी के अध्यक्ष शिवान हरीश सिराधना ने किया। प्रतियोगिता में नागोरी गेट स्थित एचकेएसडी गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल के 33 विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं एक गोल्ड मैडल, तीन सिल्वर व 16 ब्रॉन्ज मैडल पर कब्जा किया।

# करनाल में कुलदीप शर्मा ने साधा पूर्व सीएम मनोहर लाल पर निशाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**

पूर्व विधानसभा स्पीकर एवं कांग्रेस नेता कुलदीप शर्मा ने भाजपा के रोड शो पर चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा आर्थिक रूप से भी स्ट्रोंग है, किसी तरह की कोई तंगी नहीं है और उनकी जितनी वोटें थी, उन्हीं वोटों को लेकर वे कल करनाल में रोड शो निकाल रहे थे और इन वोटों से बाहर उनके पास कुछ भी नहीं है। जहां तक नायब सैनी का सवाल है, वे बाहरी हैं और उनका करनाल से कोई ताल्लुक नहीं है।

कुलदीप शर्मा ने करनाल के सेक्टर-12 स्थित जाट भवन में कार्यकताओं के साथ मीटिंग की।



मीटिंग के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि मनोहर लाल यहां से साढ़े 9 साल तक सीएम रहे हैं। नायब सिंह सैनी अब चीफ मिनिस्टर बने हैं, क्या वे करनाल के पांच मोहल्लों का नाम बता सकते हैं। मनोहर लाल को करनाल की जनता ने इतना मान सम्मान दिया और विश्वास जताया था कि उनके लिए कुछ करेंगे, लेकिन क्या हुआ सबके सामने है। उन्होंने कहा कि अटल पार्क के ही हालात देख लो सात करोड़ खर्च किया है, यहां पर फव्वारे लगाए गए हैं, जो एक दिन भी नहीं चले, सडकें टूटी पड़ी हैं। लोग चाहते थे कि जिस तरह से दूसरे चीफ मिनिस्टरों ने अपने एरिया का विकास किया, वैसे ही करनाल का भी होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

वर्ष 2019 में कुलदीप शर्मा ने संजय भाटिया के सामने चुनाव लड़ा था और साढ़े छह लाख वोटों से संजय भाटिया जीत गए थे। अब भाजपा उससे भी ज्यादा मार्जिन से जीतने का दावा कर रही है, जब यह सवाल कुलदीप शर्मा से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि भाजपा के अपने ही आंकडे होते हैं, लेकिन जनता से भी तो पूछिए कि वे कितने से भाजपा को जिताना चाहते हैं और इवीएम का भी तो कमाल ही है। 2014 और 2019 के सांसदों की एंटी इंकम्बेंसी और साढ़े नौ साल की सीएम की एंटी इंकम्बेंसी को मिलाकर मनोहर लाल चुनावी मैदान में उतरे हैं। बात की जाए संसाधनों की तो बीजेपी के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है, क्योंकि भाजपा 10 साल से देश व प्रदेश को लूट रही है।

पूर्व सीएम मनोहर लाल ने कांग्रेस उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा को भगौड़ा बताया है? इस पर शर्मा ने कहा कि एक पूर्व मुख्यमंत्री की ऐसी भाषा नहीं होनी चाहिए। वे नरेंद्र मोदी की तरह ही भाषाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्हें अपने विरोधियों का सम्मान करना चाहिए। पंडित जवाहर लाल नेहरू 10 साल जेल में रहे, महात्मा गांधी जेल में रहे, सरदार पटेल जेल में रहे, वे देश के लिए लड़े थे, बुद्धिराजा के ऊपर जो मुकदमे हैं वे सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के हैं, वह कोई अपराधी नहीं है।

कुलदीप शर्मा ने कहा कि दिव्यांशु को भगौडा कहने की अपेक्षा यह सोचें कि आपको बीच में ही क्यों मुख्यमंत्री पद से हटा दिया गया, क्यों यहां से आपको भगाया जा रहा है। एंटी इंकम्बेंसी को देखते हुए आपको तिलांजलि दे दी। कौन भगौड़ा है कौन नहीं, वह जनता देखेगी।

# किवाना गांव में जले हुए बिटोडो की राख में मिले इंसानी अवशेष

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा,7 मई ( कुलदीप सिंह )**

थाना क्षेत्र के गांव किवाना में मंगलवार को उस समय सनसनी फैल गई जब एक किसान के खेतों में जले हुए बिटोडो की आग में इंसानी अवशेष मिले। माना जा रहा है कि बीती रात को किसी अज्ञात द्वारा बिटोडो से उपले निकाल कर शव जलाया गया है। पुलिस ने खेत मालिक की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ हत्या व सबूतों को खुर्द बुर्द करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



किवाना गांव के किसान कृष्ण ने पुलिस को दी लिखित शिकायत में बताया है कि उनके मनाना मोड़ के पास खेत में 6 गोबर के बिटोडे बनाए गए हैं।

बीती रात एक बजे उनके पास बिटोडो में आग लगने की सूचना मिली खेत में जाकर देखा तो तीन बिटोडे जल रहे थे रात को बड़ी मुश्किल से आग बुझाकर वापस घर आ गए लेकिन जब मंगलवार सुबह खेत में घास लेने गए तो जले बिटोडो की राख में इंसान की हड्डियों जैसे अवशेष दिखाई दिए।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 08 मई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

# 'श्रीराम की सत्ता को चुनौती देने वाले हारेंगे'

## 400 का लक्ष्य भी पूरा होगा, आज की पीढ़ी सौभाग्यशाली है, जिसने बदलते भारत को देखा हैः सीएम

**विपक्ष को घेरा**

**▸▸ बीते 10 साल में भाजपा की डबल इंजन सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं: सीएम योगी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**सीतापुरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीतापुर के नैमिषराण्य में अपने भाषण की शुरूआत रामचरितमानस की पंक्तियों के साथ की है। उन्होंने कहा कि तीर्थवर नैमिष विख्याता.... मैं नैमिष की इस पवित्र धरा को प्रणाम करता हूं। वह मंगलवार को चुनाव प्रचार के सिलसिले में एक जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। जहां उन्होंने कांग्रेस और सपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज मुझे एक बार फिर भारत के वैदिक ज्ञान की परंपरा को प्रदान करने वाली पावन धरा... मां ललिता की इस दैवीय शक्ति वाली धरा में आने का सौभाग्य मिला। यह नैमिष का ही महत्व है कि आज दुनिया जनपद सीतापुर और उत्तर प्रदेश की ओर देख रही है। जब भी कोई राम के अस्तित्व को नकारने का काम करता है तो नैमिषारण्य की धरती प्रमाण के साथ खड़ी होती है। भगवान राम के अस्तित्व, कृष्ण के अस्तित्व को चुनौती देना एक फैशन सा बन गया है। इसके बारे में यही कहूंगा विनाशकाले विपरीत बुद्धि। जब किसी की बुद्धि भ्रष्ट होती है तो वह आपके सनातन धर्म को अपशब्द कहता है। यहां प्रभु श्रीराम की सत्ता को चुनौती देने वाले कहां ठहर पाएंगे। बीते 10 साल में भाजपा की डबल इंजन सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। जैसे एक नई अयोध्या तैयार हो गई है, ऐसे ही एक नया नैमिषारण्य बनकर तैयार हो रहा है।

**मां ललिता के धाम के पुनरुद्धार के लिए सरकार कार्य कर रही है:** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जिस दिन नया नैमिषारण्य पूरी तरह उभर कर आएगा, रोजगार भी सृजित होगा। यह काम वही कर सकता है जो राम पर आस्था रखता हो। जो राम भक्त है। यह काम भाजपा ही कर सकती है। यह वो नहीं कर सकते जो आतंकवादियों के मुकदमे वापस लेते हैं। तीसरे चरण में फिर से मतदान हो रहा है। यह 400 पार करने का लक्ष्य नजदीक आ गया है। अबकी बार मोदी सरकार फिर आएगी। 400 का लक्ष्य भी पूरा होगा। आज की पीढ़ी सौभाग्यशाली है, जिसने बदलते भारत को देखा है। आज की पीढ़ी कह सकती है कि हमने वो काल देखा है जब प्रभु श्रीराम अयोध्या में विराजमान हुए। आतंकवाद को नेस्तनाबूत करके हमेशा के लिए राम नाम सत्य कर दिया। हमने वो भारत देखा है जब हाईवे, एक्सप्रेस वे, ट्रिपल आईटी से लेकर हर घर जल की योजना लागू हो रही है। 80 करोड़ लोग राशन की सुविधा का फ्री में लाभ प्राप्त कर रहे हैं। अब तक 12 करोड़ लोगों को शौचालय दिए जा चुके हैं। 12 करोड़ लोगों को किसान सम्मान निधि प्राप्त हो रही है। सीतापुर जिले को सर्वाधिक गैस सिलेंडर व शौचालय दिए गए। जिनके घर मे सिलेंडर नहीं हैं।

**कांग्रेस-सपा की सरकारों में अयोध्या-**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब आपका वोट कांग्रेस या सपा को जाता था तो अयोध्या में और काशी में हमला होता था। आज मंगलवार का दिन है सपा ने संकटमोचक मंदिर में हमला करवाया था। जब अखिलेश यादव आए तो उन्होंने आतंकवादियों के मुकदमो को वापस लेने का कुत्सित प्रयास किया था। अभी एक माफिया की मौत हुई तो फातिहा पढ़ने के लिए सपा के लोग उसके घर गए थे। कल्याण सिंह की मौत पर एक भी संवेदना का शब्द नहीं बोला था। चुनाव के महापर्व में ऐसे वोट करिए कि ये सब गायब हो जाएं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इन सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना होगा। कांग्रेस-सपा के गठबंधन प्रत्याशियों की जमानत जब्त कर दीजिए। घर-घर में मोदी जी का संदेश पहुंचाना होगा।

# कुर्सी या सीट पकड़ना मेरा लक्ष्य नहीं, जनसेवा मेरा लक्ष्यः सिंधिया



**चर्चा**

**▸▸ शिवपुरी में मतदान केंद्रों का जायजा लेने पहुंचे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पत्रकारों से की चर्चा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिवपुरीः** गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को मतदान वाले दिन शिवपुरी के विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर यहां पर अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। शिवपुरी के पीजी कॉलेज में बनाए गए मतदान केंद्र पर पहुंचे श्री सिंधिया ने यहां पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और अधिक से अधिक मतदान कराने की अपील की। इसके अलावा यहां पर चल रही वोटिंग का भी जायजा लिया। मतदान केंद्र के बाहर पत्रकारों से चर्चा में ज्योतिरादित्य सिंधिया से जब पूछा गया कि इस बार आपकी प्रतिष्ठा की लड़ाई इस सीट पर रही है क्योंकि आपका पूरा परिवार सहित वरिष्ठ नेताओं ने यहां पर चुनाव प्रचार के लिए आए। इस पर अपनी प्रतिक्रिया में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जनसेवा उनका लक्ष्य रहा है कुर्सी या सीट पकड़ने का लक्ष्य नहीं है। उनके परिवार का लक्ष्य है कि सेवा भाव के साथ जन सेवा की जाए। इस लक्ष्य पर आगे काम कर रहे हैं इस लक्ष्य पर चल रहे हैं। उनका लक्ष्य इस क्षेत्र में विकास व प्रगति लाना। पिछले 22 साल से उनका सफर चल रहा है और अंतिम सांस तक यह सफर चलेगा। जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि इस बार पूरा परिवार आपका चुनाव प्रचार में लग रहा। तो इस पर अपनी प्रतिक्रिया में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि उनका परिवार तो पहले भी आता रहा है मैं भी अपने पिता के साथ सन 1984 में चुनाव प्रचार के लिए आया हूं। हमारे परिवार का लक्ष्य जन सेवा और इस लक्ष्य को लेकर के हम इस सेवा भाव से इस काम में जुटे हुए हैं।

भाजपा प्रत्याशी गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को शिवपुरी के विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचे और यहां पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और अधिक से अधिक मतदान कराने की अपील की। शिवपुरी के पीजी कॉलेज में बनाए गए मतदान केंद्र पर पहुंचने पर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भाजपा मुलाकात की और अधिक से अधिक लोगों से वोट डलवाने की अपील की।

# हिंदुत्व की आड़ में चरम पर है जुल्मः मायावती

**मुद्दा उठाया**

**▸▸ बसपा सुप्रीमो ने जिले के किसानों और सिख समाज का जिक्र कर चुनावी समीकरण साधा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखीमपुर खीरी**

**लखीमपुर** खीरी के राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में मंगलवार को आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस और भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व की आड़ में जुल्म-ज्यादती चरम पर है। मुसलमान और अन्य अल्पसंख्यक परेशान हैं। बसपा सुप्रीमो ने जिले के किसानों और सिख समाज का जिक्र कर चुनावी समीकरण साधा। बसपा सुप्रीमो ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि अब इनकी नाटकबाजी, जुमलेबाजी या गारंटी काम में आने वाली नहीं है। क्योंकि अब देश की जनता काफी हद तक इस बात को समझ चुकी है कि इनकी गारंटी और वादे जमीनी हकीकत में एक चौथाई तक पूरे नहीं हुए।

**खीरी सांसद ने किया किसानों का उत्पीड़नः** बसपा सुप्रीमो ने खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी पर भी हमला बोला।

जिले के किसानों और सिख समाज का जिक्र करते हुए कहा कि यहां के सांसद ने किसानों का उत्पीड़न किया। कहा कि मुझे मालूम है यहां सिख समाज के काफी संख्या में हैं। जब भी किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन किया है तब भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने ज्यादती की। किसानों को जुल्म ज्यादती का शिकार होना पड़ा है।

# राम मंदिर बेकार, नक्शा ठीक नहींः राम गोपाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** समाजवादी पार्टी (सपा) नेता राम गोपाल यादव के अयोध्या में राम मंदिर को लेकर किए गए टिप्पणी ने विवाद खड़ा कर दिया है। सपा नेता के इस तरह की टिप्पणी की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीखी आलोचना की है। सपा नेता से यह पूछे जाने कि विपक्षी नेता अयोध्या में राम मंदिर क्यों नहीं गए। यादव ने कहा था कि रोज राम का दर्शन करते हैं। अयोध्या मंदिर जाने के बारे में एक अन्य प्रश्न पर उन्होंने कहा कि 'वह मंदिर बेकार का है'। रामगोपाल ने कहा कि क्या मंदिर ऐसे ही बनाए जाते हैं? पुराने मंदिरों को देखें... वे दक्षिण से उत्तर की ओर इस तरह नहीं बनाए जाते हैं। वहीं मंदिर का नक्शा उचित नहीं है और ना ही 'वास्तु' के अनुरूप है। सपा ने नेता के मंदिर को लेकर की गई इस तरह की टिप्पणी पर सीएम आदित्यनाथ ने कहा कि यादव का बयान सपा, कांग्रेस और उनके इंडिया ब्लॉक सहयोगियों की




वास्तविकता को दर्शाता है।

**सपा नेता के बयान पर यूपी सीएम ने खूब लताड़ाः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को चुनाव प्रचार में निकलने से पहले अपने आवास पर मीडिया से बातचीत की। इस दौरान यूपी सीएम ने कांग्रेस, सपा, राजद समेत इंडी गठबंधन के तमाम दलों पर निशाना साधा। सपा नेता रामगोपाल यादव और राजद प्रमुख लालू यादव के बयानों पर भी उन्होंने खूब लताड़ा। सीएम योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी-कांग्रेस का चरित्र हिंदू और राम विरोधी है। 'जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखि तिन तैसी' ... उन्होंने कहा, ये लोग वोट बैंक के लिए न केवल भारत की आस्था के साथ खेल रहे हैं, बल्कि भगवान श्री राम की दिव्य सत्ता को भी चुनौती दे रहे हैं।

इतिहास इस बात का गवाह है कि जिसने भी दिव्य सत्ता को चुनौती दी है, उसे दुर्भाग्य का सामना करना पड़ा है। सीएम ने कहा कि राम गोपाल यादव का बयान लाखों राम भक्तों की सनातन आस्था का अपमान है। जिन लोगों ने अपना पूरा जीवन राम मंदिर के लिए समर्पित कर दिया है, उनकी आस्था पर हमला किया जा रहा है। भारतीय समाज इसे बिल्कुल भी स्वीकार नहीं कर सकता है। बयान के पीछे मंशा लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाना था।

उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की नीति अपनाकर वोट बैंक बचाए रखने की कोशिश की जा रही है। ऐसे बयानों से उनकी हकीकत साफ झलकती है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस, सपा, डीएमके, राजद, नेशनल कॉफ्रेंस एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। यह लोग हमेशा से अयोध्या में राम मंदिर का विरोध करते रहे हैं।

**टिप्पणी**

**▸▸ मंदिर ऐसे नहीं बनते: राम, भाजपा बोली- इनके लिए कब्रिस्तान बनवाना अच्छा, मंदिर बेकार**

# आयरन फोलिक सिरप पिलाने से 22 बच्चों की बिगड़ी तबीयत

**मचा हड़कंप**

**▸▸ पेट में दर्द, उल्टी और बेचैनी होने से जोर-जोर से रोने लगे बच्चे, मचा हड़कंप, जानकारी होने पर तत्काल स्कूल पहुंचे अभिभावक**

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादूनः** रेस्ट कैंप स्थित होप प्रोजेक्ट स्कूल में स्वास्थ्य विभाग की ओर से बच्चों को आयरन फोलिक सिरप पिलाए जाने से 22 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। दवा देते ही बच्चों के पेट में दर्द, उल्टी और बेचैनी शुरू हो गई। इससे बच्चे जोर-जोर से रोने लगे और स्कूल में हड़कंप मच गया।

बच्चों के माता-पिता को पता चला तो स्कूल में बड़ी संख्या में अभिभावक पहुंच गए और बच्चों को स्कूटर, मोटरसाइकिल व ऑटो रिक्शा में दून अस्पताल लेकर पहुंचे। इस बीच क्षेत्र में रहने वाले महानगर कांग्रेस के महामंत्री आदर्श सूद ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना को घटना की सूचना दी। उन्होंने तत्काल दून अस्पताल के प्रधानाचार्य डा. सयाना को बच्चों के इलाज के लिए प्रभावी कदम उठाने के लिए कहा और स्वयं दून अस्पताल पहुंच गए। बच्चों के डाक्टर मुकेश उपाध्याय से बातचीत कर उनका इलाज शुरू करवाया। सभी बच्चों को इंजेक्शन लगाए गए और दवा दी गई। धस्माना ने घबराए हुए अभिभावकों को ढांढस बंधाया और लगभग पौन घंटे बच्चों की देख-रेख किए। जब सभी बच्चे सामान्य हो गए तो उन्होंने उनसे तबीयत के बारे में पूछा और फिर डा. मुकेश उपाध्याय ने सभी बच्चों की छुट्टी कर दी।

# पिनाराई के विदेश दौरे पर वी मुरलीधरन ने उठाए सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**तिरुवनंतपुरम/नई दिल्लीः** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के विदेश दौरे पर केंद्रीय मंत्री और अट्टिंगल लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार वी मुरलीधरन ने सवाल उठाए हैं। मुरलीधरन ने आज मीडिया से बातचीत में कहा कि यह विडंबना है कि केरल में लोगों की मौत होने की खबरें आई हैं और मुख्यमंत्री पर्यटन का आनंद लेने विदेश जा रहे हैं। इसे लेकर केरल की जनता चिंतित और इन यात्राओं के लिए इतना पैसा कहां से आया? यह केरल की जनता जानना चाहती है। वी मुरलीधरन ने कहा कि केरल के मुख्यमंत्री और राज्य के पर्यटन मंत्री, जो उनके दामाद हैं, उनके परिवार के साथ विदेश में निजी दौरे पर हैं।

# राहुल के डीएनए में गड़बड़ी, अखिलेश दिग्भ्रमितः ब्रजेश पाठक

**टीम एक्शन इंडिया**

झांसीः कांग्रेस नेता राहुल गांधी के डीएनए में गड़बड़ी है तो सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव दिग्भ्रमित हैं। कांग्रेस हमेशा इस प्रकार की कृत्यों को करती रही है जो सनातन धर्म के खिलाफ हो। कांग्रेस की केन्द्र में जब सरकार थी तब श्रीराम मंदिर के मामले में कोर्ट के फैसले को रोकने के लिए पूरा प्रयास किया। यह बातें मंगलवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कही। वह सोशल मीडिया वालिंटियरर्स के सम्मेलन व सम्मान समारोह में शिरकत करने दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आये थे। उन्होंने अखिलेश यादव द्वारा महंगाई पर उठाए सवाल के जबाब पर कहा कि अखिलेश यादव को पता नहीं है, वह दिग्भ्रमित हैं। भाजपा द्वारा



25 करोड लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया है। लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है। जीडीपी में बढ़ोतरी हुई है। भारत विश्व में इंफ्रास्ट्रक्चर में नंबर एक पर आगे बढ़ रहा है। राहुल गांधी क्या श्रीराम मंदिर पर कुछ कर सकते हैं? इस पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के डीएनए में गड़बड़ी है, यह जरूर गड़बड़ी कर सकते हैं। कांग्रेस हमेशा इस प्रकार की कृत्यों को करती रही है, जो सनातन धर्म के खिलाफ हो। इससे पूर्व सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया की खास बात यह है कि जो ज्यादा डालेगा वही दिखेगा। जितनी पोस्ट आप भाजपा की डालोगे, भाजपा उतनी दिखेगी और विपक्ष साफ हो जाएगा।

**बांदा सीट** भाजपा, सपा कांग्रेस गठबंधन और बसपा प्रत्याशी समेत 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में ताल ठोंक रहे हैं

# प्रत्याशियों की नैया पार लगाने को, अब शुरू होगा स्टार वार

**टीम एक्शन इंडिया**

**बांदाः** बांदा चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र (48) में नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद चुनाव मैदान में डटे प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो गई है। भाजपा, सपा कांग्रेस गठबंधन और बसपा प्रत्याशी समेत 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में ताल ठोंक रहे हैं। सियासी रण तैयार हो चुका है। अब चुनाव मैदान में ताल ठोंक रहे प्रत्याशियों की नैया पार लगाने के लिए स्टार वार शुरू होने वाला है। जिसमें सपा कांग्रेस, भाजपा और बसपा के दिग्गज नेता हुंकार भरेंगे। बुंदेलखंड में झांसी के बाद बांदा चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र प्रतिष्ठापूर्ण सीट मानी जाती है। वैसे तो बुंदेलखंड की चारों सीटों पर 2014 और 2019 में भाजपा ने जीत दर्ज की थी। इस बार हैट्रिक लगाने के लिए भाजपा चारों सीटों पर एड़ी चोटी का जोर लगा रही है।



बांदा सीट पर पांचवें चरण में 20 मई को चुनाव होना है। अब सिर्फ 13 दिन शेष बचे हैं। चुनाव जीतने के लिए सभी राजनीतिक दलों ने रोड शो, जनसभा और रैली में पार्टी के बड़े नेताओं को बुलाने की रणनीति बना ली है। इस सीट पर स्टार वार की शुरूआत भाजपा ने नामांकन के पहले ही शुरू कर दी है। नामांकन के एक दिन पहले डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य बांदा आए थे और बूथ कार्यकताओं को संबोधित किया था। इसके दूसरे दिन डिप्टी सीएम बृजेश पाठक पार्टी के प्रत्याशी आरके सिंह पटेल के नामांकन जनसभा में शामिल हुए थे। अब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा चित्रकूट से प्रत्याशी की जीत के लिए 9 मई को भरेंगे। चित्रकूट में कर्वी विधानसभा और उसी दिन मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसभाओं को संबोधित करके मतदाताओं को रिझाने का काम करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रैली कराने की तैयारी चल रही है।

पार्टी के जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यक्रम निश्चित हो गया है, जबकि प्रधानमंत्री और योगी आदित्यनाथ की रैली कराने के लिए कार्यक्रम मांगा गया है। पिछली बार की तरह इस बार भी चित्रकूट मंडल मुख्यालय में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम हो सकता है। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया और स्टार प्रचारक मायावती संसदीय क्षेत्र के नरैनी विधानसभा क्षेत्र में अतर्रा से प्रत्याशी के पक्ष में दहाड़ेंगी। पार्टी प्रत्याशी मयंक द्विवेदी इसी क्षेत्र के निवासी हैं। इसी क्षेत्र से उनके पिता पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी विधायक चुने गए थे। पार्टी को भरोसा है कि नरैनी विधानसभा क्षेत्र से पार्टी को प्रत्याशी को भारी समर्थन मिलेगा। इसीलिए अतर्रा में उनकी जनसभा रखी गई है।

